दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल
रायपुर, सोमवार, 7 अप्रैल 2025 शुक्ल पक्ष-दशमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 55 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

वक्फ बिल का संसद में पास होना विपक्षी पार्टियों के लिए जोर का झटका जोर से लगने जैसा हैं। सभी को वोट बैंक की चिंता खाये जा रही है। सबसे ज्यादा ममता दीदी बौखलाई हुई हैं। उन्होंने अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बयान दिया है कि जब केन्द्र में उनकी सरकार बनेगी तो इस वक्फ संशोधन बिल को रद्द कर दिया जाएगा। जिस ममता दीदी को बंगाल के बाहर कोई जानता नहीं है वह भविष्य में केन्द्र में अपनी सरकार बनने का सपना देख रही हैं। अब तो मुंगेरी लाल भी शर्तियां सपने देखना छोड़ देगा।

ट्रम्प की टैरिफ नीति के खिलाफ 50 से अधिक अमेरिकी शहरों में विरोध प्रदर्शन

न्यूयॉर्क (वार्ता)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन द्वारा जनवरी से लागू की गई विवादास्पद नीतियों के खिलाफ शनिवार को पूरे अमेरिका के दर्जनों शहरों में विरोध प्रदर्शन किया गया।

अर्थव्यवस्था, आव्रजन और मानवाधिकारों के मुद्दे पर ट्रम्प का विरोध करने के लिए प्रदर्शनकारियों की भीड़ सड़कों पर उतरी।

नागरिक अधिकार संगठनों, श्रमिक संघों और सेवानिवृत्त सैनिकों के संघों सहित 150 से अधिक समूहों के गठबंधन द्वारा आयोजित इस समन्वित कदम के परिणाम स्वरूप पूरे देश में 1,400 से अधिक विरोध प्रदर्शन हुए।

प्रदर्शनकारी राज्य राजधानियों, संघीय भवनों, कांग्रेस कार्यालयों, सामाजिक सुरक्षा प्रशासन मुख्यालयों, नगर भवन और सार्वजनिक पार्कों में एकत्रित हुए।

ट्रम्प ने अमेरिकी जनता से दृढ़ रहने को कहा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने देश लोगों से आयात शुल्क लागू होने पर दृढ़ता से बनाये रखने का आह्वान करते हुए कहा है कि इस आयात शुल्क के लागू होने से देश की आर्थिक क्रांति आएगी। ट्रम्प के लगाए गए नए 'पारस्परिक आयात शुल्क' ने वैश्विक बाजार में तूफान मचा दिया है, हालांकि अमेरिका भी इसके प्रभाव से अछूता नहीं है।

अमेरिका ने दक्षिण सूडानी नागरिकों के लिए सभी वीज़ा रद्द किए

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका ने दक्षिण सूडानी पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर दिये हैं तथा नए वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई दक्षिण सूडान की संक्रमणकालीन सरकार द्वारा अपने निर्वासित नागरिकों की वापसी को समय पर स्वीकार करने में विफल रहने के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि जब दक्षिण सूडान पूर्ण सहयोग देगा तो उनका देश इन कार्यों की समीक्षा करने के लिए तैयार होगा। यह पहली बार है जब अमेरिका ने किसी विशिष्ट देश के सभी पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा प्रतिबंध लगाया है। डोनाल्ड ट्रम्प के जनवरी 20 को पदभार संभालने के बाद से अब तक का पहला ऐसा मामला है।अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने कार्यकाल में कई कड़े फैसले लिए हैं, जिनमें आव्रजन नीति में बदलाव और अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर सैन्य तैनाती शामिल है।

डल्लेवाल ने खत्म किया अनशन

चंडीगढ़ (ए.)। पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन से चली आ रही रविवार को अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म कर दी। आंदोलनकारी किसानों की विभिन्न मांगों, विशेष रूप से फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर उन्होंने पिछले साल 26 नवंबर को अनशन शुरू किया था। एक दिन पहले केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और रेलवे राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने उनसे अनशन खत्म करने की अपील की थी।

चार मई को होगी बैठक : शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि वह किसान संगठनों के साथ पहले से तय 4 मई को सुबह 11 बजे फिर से बैठक करेंगे। चौहान ने कहा कि डल्लेवाल अब अस्पताल से वापस आ चुके हैं और हम उनके अतिशीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के प्रतिनिधियों और किसान संगठनों के बीच मांगों को लेकर चल रही बातचीत का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है: बिरला

नयी दिल्ली/ताशकंद (वार्ता)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीय संसद ने न्याय और कानून के शासन को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए हैं, कहा कि 'भारतीय दंड संहिता' के स्थान पर 'भारतीय न्याय संहिता' लागू करके भारत ने न्याय की सर्वोच्चता स्थापित की है। बिरला ने भारत के संविधान की समावेशी और कल्याणकारी प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उल्लेख किया कि भारतीय संविधान की भावना सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करना एवं उन्हें समान अधिकार प्रदान करना है। साथ ही समान अवसर प्रदान करना, तथा समाज के हाशिए पर पड़े और पिछड़े वर्गों को 'प्रगति की मुख्यधारा' में एकीकृत करना भी है।

भाजपा की नजर ईसाई, जैन, बौद्ध और हिंदू मंदिरों की जमीन पर: उद्धव

मुंबई (ए.)। शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को आरोप लगाया कि वक्फ कानून लागू करने के बाद भाजपा अब अपने मित्रों के लिए ईसाइयों, जैनियों, बौद्धों और यहां तक कि हिंदू मंदिरों की जमीन पर नजर गड़ाए हुए है। उद्धव ठाकरे ने अपने पूर्व सहयोगी भाजपा को सलाह दी कि वह भगवान राम की तरह व्यवहार करे। उन्होंने कहा, वक्फ कानून के बाद अगला कदम ईसाइयों, जैनियों, बौद्धों और यहां तक कि हिंदू मंदिरों की जमीन पर नजर रखना होगा। वे अपने मित्रों को प्रमुख भूमि देंगे। उन्हें किसी भी समुदाय से कोई प्यार नहीं है।

पीएम मोदी ने रामेश्वरम और तांबरम के बीच एक नई ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई

रामेश्वरम (वार्ता) । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रामनवमी के पावन अवसर पर तमिलनाडु में रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि को जोड़ने वाले नवनिर्मित पंबन ब्रिज का उद्घाटन किया। मोदी ने रामेश्वरम और तांबरम के बीच एक नयी ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाई और विभिन्न नयी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अलावा मोदी ने जब तटरक्षक जहाज को भी हरी झंडी दिखाई, तो पुल का वर्टिकल लिफ्ट स्पैन ऊपर उठ गया। इस ऐतिहासिक क्षण में प्रधानमंत्री ने पंबन से ही पुल के वर्टिकल लिफ्ट मैकेनिज्म को रिमोट से संचालित किया और रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष और तटरक्षक जहाज को हरी झंडी दिखाकर नए पुल और इसके वर्टिकल लिफ्ट स्पैन का उद्घाटन किया, जो देश में अपनी तरह का पहला है। रामेश्वरम

मोदी ने तमिलनाडु में पंबन पुल का किया उद्घाटन

को मुख्य भूमि से जोड़ने वाला पंबन ब्रिज न केवल परिवहन को बढ़ावा देगा, बल्कि भारतीय इंजीनियरिंग के चमत्कार को वैश्विक मंच पर पहुंचायेगा। इसके साथ ही यह एक महत्वपूर्ण परिवहन लिंक और सांस्कृतिक प्रतीक दोनों के रूप में कार्य करेगा। रामायण के अनुसार, भगवान राम ने रामेश्वरम के पास धनुषकोडी से श्रीलंका तक एक पुल का निर्माण शुरू किया था। पुराना पंबन पुल कभी पंबन द्वीप की यात्रा करने वाले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नया पुल सौ साल तक टिकेगा

उल्लेखनीय है कि दक्षिण रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने 27 दिसंबर, 2024 को कहा था कि मंडपम और रामेश्वरम को जोड़ने वाला नवनिर्मित पंबन ब्रिज संचालन के लिए 100 प्रतिशत तैयार है। उन्होंने कहा कि चेन्नई से आए मीडिया दल के एक समूह को वर्टिकल लिफ्ट स्पैन को दिखाया गया था। इस दौरान मीडियाकर्मियों को मंडपम रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यों को भी दिखाया गया था। जंग के संकेतों सहित सभी मुद्दों को संबोधित करने के बाद नए पंबन ब्रिज को पहले रेलवे सुरक्षा आयुक्त ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल

नए पुल में स्थायित्व और दीर्घायु बढ़ाने के लिए आधुनिक इंजीनियरिंग तकनीकों और सामग्रियों को शामिल किया गया है और यह क्षेत्रीय परिवहन और आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगा। नया पंबन ब्रिज अधिक सेवा जीवन के साथ सुरक्षित, टिकाऊ और संरचनात्मक रूप से मजबूत कनेक्टिविटी प्रदान करता है। पुल में रामेश्वरम और मुख्य भूमि के बीच सीधा रेल परिवहन शामिल है और यह बड़े जहाजों के लिए सुगम मार्ग की अनुमति देता है, जिससे निर्बाध समुद्री यातायात की सुविधा मिलती है। साथ ही मंदिर शहर रामेश्वरम में पर्यटन को बढ़ावा मिलता है, जहाँ प्राचीन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

2026 मार्च से पहले ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद बन जाएगा इतिहास : अमित शाह

रायपुर/नवप्रदेश । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में वामपंथी उग्रवाद की स्थिति पर विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, आसूचना ब्यूरो के निदेशक, केन्द्रीय गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा), केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, राष्ट्रीय जांच एजेंसी, सीमा सुरक्षा बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के महानिदेशक, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार नक्सलवाद के समूल

नाश में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि 31 मार्च से पहले ही छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में नक्सलवाद एक इतिहास बन जाएगा।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि नक्सलवाद के कारण कई पीढ़ियाँ बर्बाद हो गई हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद फिर से जड़ न जमा पाए इसलिए इसका समूल नाश आवश्यक है। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि नक्सलियों के खिलाफ जारी लड़ाई को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अध्यक्ष पद पर भाजपा में हलचल

राष्ट्रीय स्तर से पहले बड़े राज्यों में होंगे बदलाव, नया नेतृत्व बनाने की कवायद

नई दिल्ली (ए.)। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की नियुक्ति को लेकर चर्चा तेज है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है कि भाजपा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की नियुक्ति से पहले आने वाले दिनों में कई प्रमुख राज्यों में अपने अध्यक्षों का चुनाव करने की योजना बना रही है, ताकि नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया को शुरू किया जा सके। पार्टी नेतृत्व उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक जैसे बड़े राज्यों में जल्दी अध्यक्षों का चुनाव कराना चाहता है, ताकि पिछले साल सितंबर में शुरू हुई सदस्यता अभियान से जुड़ी संगठनात्मक प्रक्रिया पूरी हो सके।

19 राज्यों में अध्यक्षों के चुनाव की संभावना : अब बात अध्यक्षों की चुनाव की करें तो भाजपा पार्टी के संविधान के अनुसार, पार्टी को अपनी आधी राज्य इकाइयों में संगठनात्मक चुनाव पूरी करने होते हैं। इसका मतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले कम से कम 19 राज्यों में नए अध्यक्षों का चुनाव होना चाहिए।

गुजरात में कांग्रेस का छठवां अधिवेशन होना देश की बड़ी घटना: वासनिक

नयी दिल्ली (वार्ता) । कांग्रेस ने गुजरात में आठ और नौ अप्रैल को होने वाले अधिवेशन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि यह अधिवेशन देश के राजनीतिक इतिहास में महत्वपूर्ण घटना होगी। कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के गुजरात के प्रभारी मुकुल वासनिक ने कहा है कि यह महत्वपूर्ण कांग्रेस अधिवेशन है। कांग्रेस के अब तक गुजरात में पांच अधिवेशन हुए हैं और यह छठा अधिवेशन भारतीय राजनीतिक की महत्वपूर्ण घटना बनेगा। अधिवेशन के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा,आठ और नौ अप्रैल को अहमदाबाद में कोंग्रेस कार्यसमिति की विस्तारित बैठक होगी और उसके बाद पार्टी की महत्वपूर्ण संस्था कांग्रेस कार्य समिति के सदस्यों की बैठक होगी। हम समझते हैं भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण घटना होगी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को हुई थी।

नवीकरणीय ऊर्जा से बदलेगा प्रदेश का भविष्य: सीएम साय

■ **अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में 50 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन**

रायपुर (ए.)। अक्षय ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग स्वच्छ, सुरक्षित भविष्य की ओर ले जाएगा। बिजली आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नए लक्ष्य तय किए गए हैं और इसे पूरा करने की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के क्रेडा कार्यालय परिसर में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन कर कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सौर ऊर्जा संचालित बैटरी स्वैपिंग स्टेशन और सामान्य से सौर ऊर्जा में परिवर्तित ई रिक्शा का लोकार्पण भी किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को रामनवमीं के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज के इस शुभ घड़ी में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़े कामों की शुरुआत हुई है। परंपरागत ईंधन के स्त्रोतों से पर्यावरण को हो रही क्षति को देखते हुए सौर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

सूर्य तिलक... श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठी रामनगरी अयोध्या, चहुंओर आराध्य के जन्मोत्सव की खुशी

श्रीरामलला का हुआ सूर्य तिलक..गूंज उठा भए प्रगट कृपाला दीनदयाला

■ **जन्मोत्सव पर रत्न जड़ित सोने की मुकुट धारणकर रामलला भक्तों को दिए दर्शन**

अयोध्या (ए)। भगवान सूर्य ने बालक राम के ललाट पर तिलक किया। इस अवसर पर पूरी रामनगरी श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो उठी। रामलला की एक झलक पाकर भक्तों ने खुद को धन्य माना। रामनगरी में चहुंओर आराध्य के जन्मोत्सव की खुशी है। उत्सव मनाने के लिए अयोध्यावासी ही नहीं अपितु सकल प्रदेश और देशवासी उत्सुक रहे। रविवार को सुबह से राम मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम शुरू हो गए। दोपहर में ठीक 12 बजे भगवान सूर्य ने रामलला के ललाट पर तिलक किया। इस

मौके का साक्षी बनने के लिए देश ही नहीं विदेशों से भी श्रद्धालु रामनगरी पहुंचे। आने वाले भक्तों पर ड्रोन से सरयू के पवित्र जल की फुहारों से बारिश की गई। गली गली में भक्तों की कतारें दिखीं। इस दौरान पूरी नगरी श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान रही।

गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं सूर्य की किरणें

मंदिर के ऊपरी हिस्से पर लगे दर्पण पर सूर्य की किरणें गिरीं। यहां से परावर्तित होकर पीतल के पाइप में पहुंचीं। पाइप में लगे दर्पण से टकराकर किरणें 90 डिग्री कोण में बदल गईं। लंबवत पीतल के पाइप में लगे तीन लेंसों से किरणें आगे बढ़ते हुए गर्भगृह में लगे दर्पण से टकराईं। यहां से 90 डिग्री का कोण बनाकर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में रामलला के ललाट को सुशोभित किया। राम जन्मोत्सव पर रामलला ने रत्न जड़ित पीले वस्त्र और सोने का मुकुट धारण करके भक्तों को दर्शन दिए। दोपहर ठीक 12 बजे रामजन्म के साथ ही सूर्य की किरणों ने चार मिनट तक रामलला का सूर्य तिलक किया। अध्यात्म व विज्ञान के इस अद्भुत संगम को हर कोई अपनी आंखों में बसाने को लालायित दिखा। सुबह 3.30 बजे से मंदिर के कपाट खोल दिए गए। रामलला का श्रृंगार, राग-भोग, आरती व दर्शन का क्रम चलता रहा। बालक राम सहित उत्सव मूर्ति की मनमोहक छवि के दर्शनकर भक्त मंत्रमुग्ध होते रहे। भजन, स्तुति के बीच जैसे-जैसे घड़ी की सुइयां 12 बजे की ओर बढ़ीं। लोगों की आतुरता भी बढ़ती गई। पुजारी ने मंदिर के कपाट खोले तो घंटा घड़ियाल बजने के साथ ही भक्तों ने भए प्रगट कृपाला दीनदयाला, कौशल्या हितकारी... छंद का गायन शुरू कर दिया। पूजन के साथ ही भगवान भास्कर ने रामलला का तिलक किया। सूर्य तिलक और आरती के बाद दर्शन मिले तो भक्त उनकी भक्ति में पूरी तरह लीन हो गए। वह मंदिर परिसर में ही बैठकर उनकी आराधना में लीन दिखे।

कंसल्टेंसी का जुगाड़

जब भी चुनाव होते हैं, हर राजनीतिक दल सत्ता में आने के बाद व्यवस्था बदलने के बड़े-बड़े वायदे जरूर करता है। व्यवस्था यानी अफसरशाही। सत्ता मिलते ही राजनीतिक दल अपने तमाम वादे भूलने में ही भलाई देखते हैं। भूलने की उनकी लिस्ट में व्यवस्था बदलने का वादा शायद सबसे पहले रहता है। यही वजह है कि हर नई सरकार के साथ अफसरशाह अपनी पींगे बढ़ाने में जुट जाते हैं और येनकेन प्रकारेण पद और सहूलियत पा जाते हैं। अब दिल्ली की आम आदमी पार्टी को ही लीजिए। सत्ता में वह भी आई थी व्यवस्था बदलने के नारे के साथ। लेकिन उसने नौकरशाही की बल्ले-बल्ले ही कर दी। उसने मोटी पगार पर उन तमाम नौकरशाहों को परामर्शक, वरिष्ठ परामर्शक और सलाहकार बना दिया था..लेकिन 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में लौटी भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने एक ही आदेश में इन सभी नौकरशाहों की छुट्टी कर दी थी। लेकिन नौकरशाह ठहरे खेले-खाए लोग हर बार की तरह इस बार भी उन्होंने अपने सारे घोड़े खोल दिए हैं। दिल्ली सरकार में भूमिका की तलाश में तमाम पूर्व नौकरशाह दिल्ली सचिवालय का रुख कर चुके हैं। दिल्ली की नई सरकार के साथ सलाहकार के तौर पर नियुक्ति पाने के लिए नए नेतृत्व से तार जोड़ने में जुट गए हैं। वे समझा रहे हैं कि पूर्व नौकरशाहों की सलाह नई सरकार के कितने काम आने वाली है। पिछले दस साल में जिस तरह नौकरशाहों की बन आई है। कोई आश्चर्य नहीं कि दिल्ली सरकार में भी उन्हें मौके मिल जाए। वैसे भी काम खोजने और उसके लिए दावेदारी जताने का हुनर नौकरशाहों के पास है ही ऐसे में अगर नौकरशाहों को नई सरकार में ठौर ना मिले तो ही हैरत होगी।

देश की सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के अध्यक्ष को लेकर कयासबाजी का दौर अभी थमा नहीं है। पार्टी के अंदरूनी हलकों में आशंका जताई जा रही है कि क्या पता बंगलुरू में होने जा रही कार्यकारिणी बैठक में भी बीजेपी के नए अध्यक्ष का ऐलान होगा भी या नहीं। बीते दिसंबर से लेकर अब तक कई नाम पर चर्चा में आ चुके हैं। वैसे

राजरंग

घर की सरकार

दिल्ली पुलिस में हाल ही में संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) के पद पर 2007 की अरूणाचल,गोवा, मणिपुर, केंद्र शासित यानी एजीएमयूटी कैडर की नूपुर प्रसाद की नियुक्ति को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। दरअसल नूपुता प्रसाद की नियुक्ति मौजूदा संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) 2007 बैच के ही सुरेंद्र कुमार को हैदराबाद स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में एक महीने के लिए प्रशिक्षण पर हैं। इसी वजह से खाली पड़े इस पद पर सरकार को नूपुर प्रसाद को जिम्मेदारी देना पड़ा है। लेकिन चर्चाएं इसलिए हो रही हैं, क्योंकि नूपुर सुरेंद्र कुमार की बैचमेट ही नहीं, पत्नी भी हैं। ये वही नूपुर प्रसाद हैं, जिन्होंने बतौर सीबीआई अधिकारी फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या मामले की जांच की थी..बहरहाल नूपुर की नियुक्ति को लेकर दिल्ली के प्रशासनिक हलके में इसे 'घर की सरकार' कहा जा रहा है और इसे चटखारे लेकर सुनाया जा रहा है। वैसे ये पहला मामला नहीं है, जब पति या पत्नी ने नौकरशाही के शीर्ष पद पर पत्नी या पति की जगह ली। उदारहरण तो साथ-साथ काम करने का भी है। जैसे पंजाब में विनी महाजन जब राज्य की मुख्य सचिव थीं, तो उनके पति आईपीएस अफसर दिनकर गुप्ता राज्य के पुलिस महानिदेशक थे। अपने सांवले रंग पर ब्लॉग लिखकर चर्चा में आईं केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन के पहले राज्य के मुख्य सचिव उनके ही बैचमेट और पति डॉ वी वेणु रहे। कर्नाटक की मौजूदा मुख्य सचिव शालिनी रजनीश ने अपने पति डॉ. रजनीश गोयल का स्थान लिया है, जो पिछले साल अवकाश ग्रहण करने से पहले राज्य के मुख्य सचिव थे।

अन्नाद्रमुक के लिए अन्ना का बलिदान

तमिलनाडु बीजेपी के अध्यक्ष अन्नामलाई ने इस्तीफा दे दिया है। कहां उन्हें पीएम पद का उम्मीदवार प्रचारित किया जा रहा था..और उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। इस्तीफे की वजह बना है अन्ना द्रमुक का नेतृत्व बीजेपी का आलाकमान किसी भी कीमत पर तमिलनाडु की स्टालिन सरकार को हिंदमहासागर में डूबो देना चाहती है। अन्नामलाई की तेजतर्रार राजनीति के बावजूद बीजेपी से लक्ष्य दूर नजर आ रहा था। ऐसे में अन्ना द्रमुक की ओर बीजेपी ने कमल का फूल बढ़ाया..और अन्नाद्रमुक ने तपाक से उस फूल को थामने और उसे तमिलनाडु में खिलाने की मंशा जता दी। अतीत में अन्ना द्रमुक के कट्टर विरोधी रहे हैं अन्नामलाई...पिछले

लोकसभा चुनाव में अन्नाद्रमुक से समझौते न होने की एक वजह अन्नामलाई को भी माना जाता रहा है। ऐसे में अन्नाद्रमुक के लिए अन्नामलाई से बात करना आसान नहीं होता। लिहाजा बीजेपी के केंद्रीय नेतृत्व ने अन्नामलाई को बातचीत और समझौते की राह से दूर करने की सोची और अन्ना मलाई का इस्तीफा हो गया। भले ही अन्नामलाई का इस्तीफा हो गया हो लेकिन तमिलनाडु की बीजेपी राजनीति में उनकी अहमियत कम नहीं होने जा रही। ये बात और है कि बंगाल की खाड़ी के किनारे चेन्नई में हुए अन्ना मलाई के इस्तीफे से अरब सागर के किनारे स्थित एक राजभवन की मुस्कान लौट आई है। वह राजभवन कौन है। इसका अंदाजा पाठक लगाते रहें।

अटकलबाजी और आशंकाओं का दौर

जब भी किसी का नाम चर्चा में आता है। उसके आसपास परिक्रमा करने वालों की भीड़ जुट जाती है। बीजेपी अध्यक्ष की चर्चा में इन दिनों केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तेजी से उभरा। प्रधान अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में रहे हैं। प्रधानमंत्री और संघ के नजदीकी माने जाते हैं। चर्चा ये थी कि संघ और बीजेपी के बीच अच्छे से तालमेल बैठा सके, ऐसे नेता को देश की सबसे पुरानी पार्टी की कमान सौंपी जा सकती है। इस बीच दुर्योग ऐसा बना कि उनके पिता और पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रधान का निधन हो गया। इस बहाने धर्मेंद्र प्रधान के उड़ीसा के तालचर जिला स्थित उनके घर पहुंचने वालों का तांता लग गया। तीन दिन तो भीड़ इतनी जुटी कि करीब एक लाख लोगों के लिए खाना बनवाना पड़ा।बीजेपी के अंदरूनी हलकों में चर्चा रही कि भावी अध्यक्ष के सामने हाजिरी लगाने का शायद ही कोई मौका खोना चाहता था। वैसे उन्हीं दिनों भूपेंद्र यादव के पिता का भी निधन हुआ। हालांकि उनके यहां ऐसी भीड़ नहीं जुटी। भीड़ के अंदाजे से बीजेपी में मान लिया गया कि धर्मेंद्र प्रधान ही अगले बीजेपी अध्यक्ष हैं।वैसे राजनीति का एक सच यह भी है कि जिसका नाम ज्यादा चर्चा में आता है। उसकी ताजपोशी होते-होते रह जाती हैं। राजनीति की यह सच्चाई समझदार बीजेपी कार्यकर्ता सहज स्वीकार नहीं कर पा रहे कि धर्मेंद्र प्रधान ही उसके अगले आलाकमान है।

राजदार...

सीपीआईएम : एमए बेबी बने सीपीआईएम के नए महासचिव

नई दिल्ली (ए.)। केरल सरकार के पूर्व मंत्री एमए बेबी को सीपीआईएम पार्टी का नया महासचिव नियुक्ति किया गया है। सीपीआईएम पार्टी की 24वीं पार्टी कांग्रेस बैठक में ये फैसला लिया गया। सीताराम येचुरी के निधन के बाद से यह पद खाली था। सीपीआईएम पार्टी की कांग्रेस बैठक रविवार को तमिलनाडु के मदुरैइ में आयोजित हुई। इसी बैठक में पार्टी के अगले महासचिव के तौर पर एमए बेबी के नाम पर मुहर लगी।

कौन हैं एमए बेबी : 70 वर्षीय एमए बेबी (मरियम एलेक्जेंडर बेबी) ने सीपीआईएम की छात्र शाखा स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया से सक्रिय राजनीति की शुरुआत की थी। इसके बाद बेबी पार्टी की यूथ विंग डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया से जुड़े। वह साल 1986 से 1998 तक सीपीआईएम की तरफ से राज्यसभा के सांसद रहे। सीपीआईएम महासचिव बनने की रेस में एमए बेबी के अलावा ऑल इंडिया किसान सभा के अध्यक्ष अशोक धवाले का भी नाम भी शामिल था। बीते साल सितंबर में सीताराम येचुरी के निधन के बाद से सीपीआईएम महासचिव का पद खाली था। अभी तक प्रकाश करात अस्थायी तौर पर पार्टी के महासचिव पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सीपीआईएम के प्रमुख बनने वाले एमए बेबी केरल से दूसरे नेता हैं। इनसे पहले ईएम नंबूदरीपाद भी ये जिम्मेदारी निभा चुके हैं।

मोदी ने राम सेतु का किया हवाई दर्शन, इसे दैवीय संयोग कहा

रामेश्वरम (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका से लौटते समय राम सेतु का हवाई दर्शन किया और इसे दैवीय संयोग बताया, क्योंकि आज ही भगवान राम का जन्मदिन रामनवमी मनाया जा रहा है।

श्री मोदी ने कहा कि भगवान राम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। श्री मोदी ने श्रीलंका से लौटते समय तमिलनाडु के मंडपम में उतरने से पहले नौसेना के हेलीकॉप्टर से राम सेतु के दर्शन किए।

रामायण के अनुसार, राम सेतु का निर्माण रामेश्वरम समीप धनुषकोडी से शुरू हुआ था, जहां से भगवान राम पत्नी सीता को रावण से बचाने के लिए श्रीलंका गए थे।

एडम ब्रिज, जिसे राम ब्रिज या राम सेतु के नाम से भी जाना जाता है, भारत के तमिलनाडु के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित पंबन द्वीप, जिसे रामेश्वरम द्वीप के नाम से भी जाना जाता है, और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट पर स्थित मन्नार द्वीप के बीच प्राकृतिक चूना पत्थर की एक श्रृंखला है। मोदी ने अपने 'एक्स' पेज पर हवाई दर्शन का वीडियो शेयर करके अपने आध्यात्मिक क्षण को साझा किया और कहा थोड़ी देर पहले श्रीलंका से लौटते समय मुझे राम सेतु के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने लिखा, एक दैवीय संयोग के रूप में, यह उसी समय हुआ जब अयोध्या में सूर्य तिलक हो रहा था। दोनों के दर्शन पाकर धन्य हो गया।प्रभु श्री राम हम सभी को जोड़ने वाली शक्ति हैं। उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे।

मोदी ने श्रीलंका के अनुराधापुरा में जया श्री महाबोधि में प्रार्थना की

अनुराधापुरा (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के साथ अनुराधापुरा में पवित्र जया श्री महाबोधि मंदिर का दौरा किया तथा पूजनीय महाबोधि वृक्ष की पूजा-अर्चना की। मोदी ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के साथ अनुराधापुरा में पवित्र जया श्री महाबोधि में प्रार्थना की। बौद्ध धर्म के सबसे प्रतिष्ठित स्थलों में से एक पर आना बहुत सुखद क्षण है। यह शांति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का जीवंत प्रतीक है। भगवान बुद्ध की शिक्षाएं हमेशा हमारा मार्गदर्शन करती रहें। मोदी ने आगे लिखा कि अनुराधापुरा में, राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके और मैंने संयुक्त रूप से मौजूदा माहो-ओमानथाई रेलवे लाइन के ट्रैक उन्नयन का उद्घाटन किया। सिग्नलिंग परियोजना का भी शुभारंभ किया गया जिसमें महो-अनुराधापुरा खंड पर उन्नत सिग्नलिंग और दूरसंचार प्रणाली की स्थापना शामिल है। भारत को श्रीलंका की विकास यात्रा के विभिन्न पहलुओं में सहयोग करने पर गर्व है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर हैं।

प्रधानमंत्री मोदी श्रीलंका यात्रा संपन्न कर भारत रवाना

कोलंबो/नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्रीलंका की अपनी राजकीय यात्रा पूरी कर रविवार को भारत के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनकी यात्रा निश्चित रूप से द्विपक्षीय संबंधों को गति प्रदान करेगी। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान गर्मजोशी से स्वागत के लिए श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायका के प्रति आभार व्यक्त किया। मोदी ने लिखा मेरी यात्रा के दौरान दिखाए गए गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए मैं राष्ट्रपति दिसानायके, श्रीलंका की जनता और सरकार का बहुत आभारी हूं। चाहे कोलंबो हो या अनुराधापुरा, इस यात्रा ने दोनों देशों के बीच गहरे सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सभ्यतागत संबंधों की पुष्टि की है। इससे निश्चित रूप से हमारे द्विपक्षीय संबंधों को गति मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक पोस्ट में कहा, श्रीलंका की एक बहुत ही सकारात्मक राजकीय यात्रा संपन्न हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत के लिए रवाना हुए। प्रधानमंत्री श्रीलंका के अनुराधापुरा से भारत के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायका के साथ भारत द्वारा सहायता प्राप्त कुछ रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन किया और एक प्रतिष्ठित बौद्ध मंदिर का भी दौरा किया। शनिवार को कोलंबो में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति दिसानायका के साथ वार्ता की और दोनों पक्षों ने सात समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें रक्षा सहयोग और त्रिंकोमाली को ऊर्जा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ त्रिपक्षीय समझौता भी शामिल था। इससे पहले प्रधानमंत्री बैंकॉक, थाईलैंड गए, जहां उन्होंने छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और सदस्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

नया पोर्टल हुआ लॉन्च, अब देश में कहीं का भी हो बिल्डर, दागी होगा तो कुंडली बताएगा रेरा

देहरादून(ए.)। लंबी कवायद के बाद उत्तराखंड भूसंपदा नियामक प्राधिकरण (यूके रेरा) ने भवन खरीदारों के लिए अपना नया पोर्टल लॉन्च कर दिया है। सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) के सहयोग से लॉन्च इस पोर्टल पर भवन खरीदारों को सभी परियोजनाओं के बारे में नई जानकारियां मिलेंगी। खासकर परियोजनाओं का तिमाही ऑनलाइन अपडेट पोर्टल पर प्रदर्शित होगा।

नया पोर्टल सिर्फ नियमों का ऑनलाइन पालन ही नहीं कराएगा, बल्कि बिल्डर्स की कुंडली भी खंगालेगा। अब बिल्डर देश के किसी भी हिस्से का रहने वाला हो, उसे पिछले पांच साल की स्टेटस रिपोर्ट रेरा को देनी होगी। इसमें प्रमोटर्स बताएंगे कि पिछले पांच सालों में उन्होंने कितने हाउसिंग और कॉमर्शियल प्रोजेक्ट बनाए। परियोजनाओं की प्रगति व प्रमोटर्स पर दर्ज मुकदमों आदि के बारे में पूरी जानकारी भी पोर्टल पर देनी होगी। यह कुंडली नए पोर्टल पर उपलब्ध होगी। परियोजना में निवेश से पहले बायर्स प्रमोटर के बारे में सब कुछ जान सकेंगे। इससे बायर्स को संपत्ति बुकिंग का निर्णय लेने में काफी मदद मिलेगी।

अपडेट नहीं देने पर बिल्डर्स पर होगी कार्रवाई

यूके रेरा लंबे समय से अपने पोर्टल को अत्याधुनिक बनाने का प्रयास कर रहा था। इसमें आने वाले खर्च के कारण यह कार्य प्रभावित हो रहा था। अब उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विकास एजेंसी (आईटीडीए) ने रेरा के लिए नया पोर्टल तैयार किया है। नए पोर्टल पर बिल्डर्स से तिमाही अपडेट प्राप्त करने के लिए खास प्रावधान किया गया है। तिमाही अपडेट नहीं देने वाले बिल्डर्स पर कार्रवाई भी की जाएगी।

नियमों का ऑनलाइन अनुपालन

यूके रेरा के सदस्य नरेश सी मठपाल ने बताया कि अब नए पोर्टल में बिल्डर्स के लिए नियमों के अनुपालन पर जोर दिया गया है। नियम तो पहले से बने हैं, लेकिन ऑनलाइन तरीके से उनका अनुपालन अब तक नहीं कराया जा पा रहा था। अब प्रोजेक्ट पंजीकरण से लेकर परियोजना में प्रगति तक तमाम नियमों का पालन अनिवार्य कर दिया गया है।

ले-आउट प्लान हो या राजस्व रिकॉर्ड सब कुछ देख सकेंगे बायर्स

रेरा के सदस्य नरेश सी मठपाल ने बताया कि बिल्डर को पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने से पहले अपने दस्तावेज ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना जरूरी होगा। कॉलोनी के लिए ले-आउट प्लान, सीमांकन योजना, स्वीकृत नक्शे, लाइसेंस नवीनीकरण पत्र, राजस्व रिकॉर्ड चार्टर्ड अकाउंटेंट से नॉन-डिफॉल्ट का सर्टिफिकेट, ड्राफ्ट अलॉटमेंट लेटर की कॉपी, मसौदा समझौते की प्रति, पर्यावरण मंजूरी, अनुमानित परियोजना लागत रिपोर्ट, एड्रेस प्रूफ कॉपी, कंपनी के निगमन का प्रमाणपत्र सब कुछ ऑनलाइन अपलोड करना होगा।

नेपाल : सत्ता, संयम, न्याय और लोकतांत्रिक व्यवस्था का इम्तेहान

काठमांडू/रक्सौल (वार्ता)। नेपाल की राजधानी काठमांडू में 28 मार्च केवल विरोध प्रदर्शन का दिन नहीं था, यह नेपाली सत्ता के संयम, न्याय और लोकतांत्रिक व्यवस्था में पुलिस की भूमिका के इम्तेहान का भी दिन था। आंदोलनकारियों की अराजकता मानी जाय या फिर शासन का अपने ही लोगों पर जरूरत से अधिक बल के प्रयोग की सबसे बड़ी कीमत नेपाल के नागरिकों को चुकानी पड़ी है। काठमांडू के टिंकुने चौराहे पर राजभक्तों के प्रदर्शन के रूप में शुरू हुआ आंदोलन जल्द ही अनियंत्रित हो गया। पुलिस की कठोर जवाबी कार्रवाई से यह और अराजकता में बदल गया। दो लोगों की मौत हो गई और 120 से अधिक लोग घायल हो गए। लेकिन, आंकड़ों के पीछे असली और कई मानवीय कहानियां छुपी हैं, जिसमें सपनों के टूटने की, युवा जीवन में उथल-पुथल मचने की और आम लोगों की दिनचर्या से जुड़ी पीड़ा पसरी है।

अमेरिका ने दक्षिण सूडानी नागरिकों के लिए सभी वीज़ा रद्द किए

वाशिंगटन (वार्ता)। अमेरिका ने दक्षिण सूडानी पासपोर्ट धारकों के सभी वीजा रद्द कर दिये हैं तथा नए वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है। मेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शनिवार को एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई दक्षिण सूडान की संक्रमणकालीन सरकार द्वारा अपने निर्वासित नागरिकों की वापसी को समय पर स्वीकार करने में विफल रहने के बाद की गई है। उन्होंने कहा कि जब दक्षिण सूडान पूर्ण सहयोग देगा तो उनका देश इन कार्यों की समीक्षा करने के लिए तैयार होगा। यह पहली बार है जब अमेरिका ने किसी विशिष्ट देश के सभी पासपोर्ट धारकों के लिए वीजा प्रतिबंध लगाया है।

सौरभ हत्याकांड : कातिल मुस्कान की जेल में तबीयत बिगड़ी

- **दिखे प्रेग्नेंसी के लक्षण; महिला डॉक्टर करेंगी ये टेस्ट**

मेरठ (ए.)। मेरठ के सौरभ हत्याकांड की आरोपी मुस्कान की शनिवार को तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान को जेल में कई उल्टी भी हुई है। मुस्कान में प्रेग्नेंसी के लक्षण दिखाई दिए। इसके बाद जेल प्रशासन ने मुस्कान के मेडिकल चेकअप के लिए डॉक्टर को पत्र लिखा है। प्यारे लाल जिला अस्पताल की स्त्री एवं प्रस्तुति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अब जेल में आकर मुस्कान का गायनिक टेस्ट करेगी। इसके बाद ही क्लियर होगा कि मुस्कान प्रेग्नेंट है या नहीं।

बता दें कि 19 मार्च से मुस्कान और साहिल मेरठ जिला जेल में बंद है। मुस्कान ने साहिल के साथ मिलकर पति सौरभ की हत्या कर दी थी। जेल आने के बाद मुस्कान का प्राइमरी मेडिकल टेस्ट किया गया था। तब वो पूरी तरह स्वस्थ थी।

मुस्कान के मां-बाप के बयान हुए दर्ज

इससे पहले, मेरठ के ब्रह्मपुरी के इंदिरा नगर में सौरभ राजपूत की हत्या के मामले में पुलिस ने मुस्कान की मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी को थाने बुलाकर उनके बयान दर्ज किए। मुस्कान के मां-बाप ने हत्या के खुलासे वाली बात पुलिस के समक्ष फिर से दोहराई है। बाकी लोगों के बयान भी जल्द कराने की तैयारी है। पुलिस की चार्जशीट भी लगभग तैयार हो गई है। जल्द ही चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की जाएगी। सौरभ की बेटी पीहू अपनी नानी के पास है।

मुस्कान ने प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

इंदिरानगर निवासी सौरभ की तीन मार्च की रात पत्नी मुस्कान ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर हत्या कर दी थी। मुस्कान और साहिल ने सौरभ को बेहोश कर दिया और उसके सीने में चाकू घोंप दिया था। हत्या के बाद शव को बाथरूम में ले गए और उसके टुकड़े किए। सिर को गर्दन से काटकर अलग कर दिया और दोनों हाथ कलाई से काट दिए। कटा सिर और दोनों हाथ एक बैग में लेकर साहिल अपने घर चला गया।

सौरभ हत्याकांड में जल्द दाखिल होगी चार्जशीट

मुस्कान के परिजनों ने यह भी बताया कि मुस्कान ने हमें गुमराह किया। पहले सौरभ के भाई राहुल और मां रेणू देवी पर हत्या की बात बताई, लेकिन बाद में उसने खुद अपने प्रेमी के साथ हत्या करने की बात कबूल की। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि इस मामले में जल्द ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी। सभी के बारी-बारी से बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

मुस्कान और साहिल पढ़ रहे रामायण

जेल में मुस्कान सुंदर कांड का पाठ कर रही है। सिलाई भी सीख रही है। वहीं साहिल रामायण पाठ कर रहा है। साथ ही सब्जी की खेती में भी हाथ बंटाता है। उधर, अभी तक मुस्कान से मिलने के लिए परिवार का कोई सदस्य नहीं आया है।

साहिल से मिलने को बेताब है मुस्कान

जेल में भी मुस्कान साहिल से मुलाकात करने के लिए बेताब है। कई बार वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. वीरेश राज शर्मा को मुस्कान अर्जी दे चुकी है। हालांकि जेल के नियमानुसार दोनों को मिलाया नहीं जा सकता।

18 मार्च को हुआ सौरभ की हत्या का खुलासा

इसके बाद साहिल और मुस्कान ने चार मार्च को नीला ड्रम खरीदा और शव को इसमें डालकर सीमेंट और डस्ट का घोल डालकर जमा दिया। चार मार्च की शाम मुस्कान और साहिल शिमला, मनाली और कसौल चले गए। गत 11 मार्च को मुस्कान ने मनाली में साहिल का जन्मदिन मनाया। साहिल और मुस्कान 17 मार्च की देर रात मेरठ आए और 18 मार्च को सौरभ की हत्या का खुलासा मुस्कान ने किया।

साहिल और मुस्कान जेल में बंद

मां कविता रस्तोगी और पिता प्रमोद रस्तोगी ने बताया कि मुस्कान ने पहले तो उन्हें 18 मार्च की सुबह सौरभ की हत्या की फर्जी कहानी सुनाई थी। शक होने पर पूछताछ की और उसे थाने ले जाने लगे तो मुस्कान ने सौरभ की हत्या की बात कबूली। पुलिस ने दोनों के बयान दर्ज कर लिए हैं।

लीबियाई सुरक्षा बलों ने पूर्वी शहर के निकट लगभग 570 प्रवासियों को किया गिरफ्तार

त्रिपोली(वार्ता) । लीबिया की पूर्वी सरकार के साथ मिलकर काम करने वाले सुरक्षा बलों ने शनिवार को सीमावर्ती शहर इम्सा के निकट विभिन्न देशों के लगभग 570 अवैध प्रवासियों और कई संदिग्ध मानव तस्करों को गिरफ्तार किया। यह जानकारी लीबिया के पूर्वी प्रशासन ने दी। पूर्वी सुरक्षा निदेशालय ने एक बयान में कहा कि ये गिरफ्तारियां मिस्र और लीबिया की सीमा के समीप इम्सा के निकट जांच के बाद की गईं, जिसमें प्रवासियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कई ठिकानों का पता चला। बयान में कहा गया कि अभियान के दौरान लगभग 570 प्रवासियों और मानव तस्करी के संदिग्ध कई व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। लीबिया प्रवासियों के लिए एक प्रमुख प्रस्थान बिंदु बन चुका है, जिसमें अधिकांशतः अन्य अफ्रीकी देशों के प्रवासी शामिल हैं। 2011 के नाटो-समर्थित विद्रोह के बाद समुद्री मार्ग से यूरोप जाने का प्रयास कर रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

पत्नी की गला घोंटकर की हत्या, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरनगर में एक युवक ने अपनी पत्नी की गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी प्रिंस सिंह 20 वर्ष अपनी पत्नी सोनानी सिंह 22 वर्ष के साथ एनडीडी 87 कबीरनगर में रहता है। आरोपी ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी पत्नी सोनानी की गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में कबीरनगर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।

अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

रायपुर/नवप्रदेश। अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में मठपुरैना शिवनगर निवासी असरफ हुसैन 29 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एचटी 3362 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह दूसरे मामले में शक्तिनगर खम्हारडीह निवासी अजय कुमार ध्रुव 25 वर्ष सिविल लाइन थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनबी 4317 को श्याम प्लाजा के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 35 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से हजारों रुपए के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश।सोमवारी बाजार नवापारा स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किए है।मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संतोष कहार 44 वर्ष सोमवारी बाजार नवापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गोबरानवापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नक्सलियों को भाई बताकर अमित शाह ने शहीद जवान का अपमान किया : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों को भाई और अपना बताकर नक्सलियों से लोहा ले रहे हमारे जवानों के हौसला को तोड़ने काम किया है नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए हमारे जवानों एवं नक्सली हमले में मारे गए हमारे निर्दोष नागरिकों, झीरम घाटी कांड में शहीद कांग्रेस के नेताओं का अपमान किया है। अमित शाह का संबोधन बेहद ही निंदनीय और आपत्तिजनक है । भाजपा नेताओं के इस प्रकार के बयान से ही हिंसा करने वाले आतंक फैलाने वाले दहशतगर्दी करने वालों को बल मिलता है। अमित शाह एवं भाजपा को इस प्रकार के नक्सलियों को भाई बताने वाले संबोधन के लिए शहीद जवानों के परिजनों एवं प्रदेश के नागरिकों से माफी मांगना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार के पास नक्सलवाद खत्म करने कोई ठोस रणनीति नही है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह नक्सलीयों का अपना भाई बताते है राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा नक्सलियों से गुगल के माध्यम से सुझाव मांगते है, फोन से चर्चा करने की बात करते है। सरकार दिग्भ्रमित है। भाजपा की सरकार बनते ही नक्सलवाद सिर उठाकर आतंक फैलाना शुरू किया इसकी मुख्य वजह नक्सलवाद को लेकर भाजपा का नरम रवैया है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि अमित शाह ने अपने संबोधन में नक्सलियों को भाई और अपना बताकर भाजपा के चरित्र का पर्दाफाश किया है कि भाजपा हिंसा करने वालों के साथ है।

भाजपा का स्थापना दिवस : साय बोले- बस्तर क्षेत्र में नक्सल एक कलंक था

रायपुर। सीएम विष्णुदेव साय बीजेपी स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। जहां स्मृति मंदिर में उन्होंने संस्थापकों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और फिर पार्टी का झंडा फहराया। बीजेपी के 46वें स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि, राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी को नमन। सभी संस्थापकों को नमन। बीजेपी के लाखों कार्यकर्ताओं को बधाई। मैंने प्रदेश कार्यालय के एक्सटेंशन के लिए भूमिपूजन किया है। कार्यकताओं के लिए नए भवन का निर्माण होगा।

बस्तर पंडुम देशभर के जनजाति क्षेत्रों में भी स्थापित होगा। इस पर सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि, बस्तर क्षेत्र में नक्सल एक कलंक था। हमारी सरकार में नक्सल के खिलाफमजबूती से लड़ाई लड़ रहे है। 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद खत्म करने की घोषणा गृहमंत्री शाह ने की है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से नवनियुक्त निगम-मंडल अध्यक्षों ने की सौजन्य भेंट

रायपुर नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से राजधानी स्थित उनके निवास कार्यालय में नवनियुक्त निगम-मंडलों के अध्यक्षों ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने सभी अध्यक्षों को नवीन दायित्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार विकास और जनकल्याण के प्रति संकल्पबद्ध है। निगम-मंडलों के माध्यम से शासन की अनेक योजनाएँ और हितग्राहीमूलक कार्यक्रम ज़मीनी स्तर तक पहुंचते हैं। उन्होंने सभी अध्यक्षों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ करें तथा छत्तीसगढ़ की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा एवं छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू उपस्थित थे।

शोरूम में लाखों की चोरी का राजफाश कर्मचारी ही निकला मास्टरमाइंड

चार आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी स्थित श्री शिवम शोरूम में हुई लाखों की नगदी चोरी की गुत्थी को रायपुर पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने शोरूम के ही एक कर्मचारी सहित कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लगभग 16.89 लाख रुपये की नगदी, चार मोबाइल फोन, दो कार, एक एक्टिवा और एक पल्सर मोटरसाइकिल बरामद की है। कुल जब्त सामग्री की कीमत लगभग 23 लाख रुपये आंकी गई है।

इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड कोई और नहीं बल्कि शोरूम में कार्यरत कर्मचारी राजेश टंडन निकला। आरोपी ने अपने मामा परमेश्वर बघेल उर्फ प्रेम, सुरेश कुमार दीवान और मोहनीश श्रीवास्तव उर्फ सिद्धार्थ के साथ मिलकर इस चोरी की साजिश रची थी।

घटना का राजफाश ऐसे हुआ

शोरूम संचालक संजय राठी ने1 अप्रैल को थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात चोर ने दुकान के काउंटर से लाखों रुपये की नगदी चुरा ली है। पुलिस महानिरीक्षक अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के मार्गदर्शन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना सिविल लाइन की संयुक्त टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर जांच शुरू की। जांच में पाया गया कि शोरूम में कार्यरत राजेश टंडन घटना में संलिप्त हो सकता है। पूछताछ में राजेश ने जुर्म कबूलते हुए बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर यह वारदात अंजाम दी।

तत्काल कार्रवाई पर पुलिस टीम को इनाम

घटना का सफलतापूर्वक और त्वरित राजफाश करने पर पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा टीम को 10,000 रुपये नगद इनाम देने की घोषणा की गई है। इस कार्रवाई में एसीसीयू और थाना सिविल लाइन की टीम ने उत्कृष्ट भूमिका निभाई।

ये हैं गिरफ्तार आरोपी

राजेश टंडन, 26 वर्ष
परमेश्वर बघेल उर्फप्रेम, 32 वर्ष
मोहनीश श्रीवास्तव उर्फसिद्धार्थ, 33 वर्ष
सुरेश कुमार दीवान, 31 वर्ष

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रामनवमीं पर श्रीराम मंदिर में की पूजा-अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रामनवमी के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर में वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की। उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरणों में प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि, और निरंतर प्रगति की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने मंदिर परिसर स्थित अंजनी माता और बाल हनुमान मंदिर में भी पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

भगवान श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित होकर करेंगे कार्य: मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि रामनवमी पर्व से हम सभी को भगवान श्रीराम के आदर्श, उनके संयम, मर्यादा और न्यायप्रियता को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी मिलकर राज्य के विकास के लिए समर्पण, एकता और सौहार्द के साथ कार्य करें–यही भगवान राम के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा होगी।

शुभकामनाओं के साथ दिया एकजुटता का संदेश: रामनवमी की शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक समृद्धि और सामाजिक सौहार्द इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम के आशीर्वाद और अपने परिश्रम से हम सब मिलकर समृद्ध छत्तीसगढ़ का निर्माण करेंगे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे

सत्ता के संरक्षण में घोटाला, हर संग्रहण केंद्र में हजारों क्विंटल धान की कमी

सरकार बताए कि उपार्जन केंद्रों से गायब करवाए गए या खरीदी ही बोगस हुई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने साय सरकार पर धान खरीदी को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सत्ता के संरक्षण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है जिसके चलते सहकारी सोसायटियों की आर्थिक स्थिति चरमरा गई है। प्रदेश के सभी धान संग्रहण केंद्रों में खरीदी के कागज़ी आंकड़ों और वास्तविक खरीदी में जमीन आसमान का अंतर है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा के गृह जिले कवर्धा के पंडरिया के केवल 3 संग्रहण केंद्रों की जांच में खरीदी के दावों से 3 करोड़ 36 लाख के धान कम पाए गए। रिपोर्ट के अनुसार को दवा गोडान में 8440 क्विंटल, सरइसेत में 497 क्विंटल और बघर्रा में 1906 क्विंटल धान की गड़बड़ी प्रमाणित हुई है। लगभग यही स्थिति प्रदेश के अन्य उपार्जन केंद्रों की भी है ।

लेकिन यह सरकार अनियमितता और भ्रष्टाचार में सहभागी भाजपाईयों को बचाने जांच और कार्यवाही करने के बजाय परदेदारी कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है धान और किसान के नाम पर केवल ठगने का काम ही करते रहे हैं, पिछले करीब सीजन में भी 1037 करोड़ के 26 लाख क्विंटल धान की गड़बड़ी का भांडा फूटा था, जो आज तक जमा नहीं हुआ। इस खरीफसीजन में फिर 13000 करोड़ से अधिक की गड़बड़ी और घोटाले की आशंका है।

सरकार सुशासन के नाम पर जूते से पीटे जा रहे किसान:बैज

भाजपा सरकार बनने के बाद किसान, मजदूर, गरीब के साथ अत्याचार हो रहा

राज्य में अपराधी, दबंग बेलगाम कानून नाम की चीज नहीं

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि साय सरकार सुशासन तिहार मनाने जा रही है। यही इस सरकार का सुशासन है कि छत्तीसगढ़िया किसान जूते से पीटा जा रहा और सुशासन वाली सरकार अपराधियों की संरक्षण बनी हुई है। किसान को मारने वाला खुला धमकी दे रहा, मेरा कलेक्टर, एसपी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। भाजपा की सरकार बनने के बाद प्रदेश में गरीब, किसान, मजदूर ,आम आदमी के साथ आए दिन मारपीट हो रही है। हिंसा हो रहा है और इसमें शामिल लोगों को भाजपा सरकार का संरक्षण है। बलौदाबाजार जिला के सुहेला के ग्राम खिलौरा में राइस मिल के मालिक रोशन अग्रवाल ने अपने गुर्गों के साथ एक गरीब किसान खोरबाहरा जायसवाल को लहूलुहान मारपीट किया और पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बनी बैठी रही। किसान की गलती केवल इतनी थी कि उन्होंने सरकारी जमीन के कब्जे के खिलाफआवाज उठाया था।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में पूंजीपतियों का बोलबाला है। यह पहली घटना नहीं है इसके पहले भी भाजपा से जुड़े हुए लोगों ने इस प्रकार की मारपीट की है और उसे पर कड़ी कार्यवाही नहीं हो पाई जिसके चलते हिंसा की सोच रखने वाले लोगों का हौसला बढ़ा है। इसके पहले एक महिला अधिकारी को भी भाजपाई व्यापारी ने धमकाया था।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नही।

इसलिये अपराधिक घटनाये बढ़ रही है। सरकार अपराधियों पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है अब तो लूट, हत्या, बलात्कार, चाकूबाजी जैसी अपराध की घटनाये बर्दाश्त के बाहर हो गयी है। सरकार निकम्मी और लाचार बन गयी है मुख्यमंत्री से सरकार नही संभल रहा, गृहमंत्री से गृह विभाग नही संभल रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार में राजधानी सहित बस्तर, सरगुजा, जशपुर, प्रदेश का कोई इलाका सुरक्षित नहीं है। भाजपा सरकार में आम जनता में इतना डर का माहौल है कि लोग सूर्यास्त होने के पहले सुरक्षित घर पहुंचने की विनती भगवान से करते थे। अब तो लोग अपने घरों में भी सुरक्षित नहीं है। अपराधी हथियार लेकर खुलेआम घूम रहे हैं।

शत्रुघ्न जैसे निष्काम कर्मयोगी से होती देश की प्रगति : मार्डीकर

महाराष्ट्र मंडल में रामायण के विभिन्न पात्रों पर चर्चा का क्रम रहा जारी

रायपुर/नवप्रदेश। हेमंत मार्डीकर कहते हैं कि किसी भी देश, राज्य, समाज या संगठन का विकास शत्रुघ्न रूपी निःस्वार्थ और निष्काम कर्मयोगी के माध्यम से होता है। आज भी हमारे समाज में शत्रुघ्न उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने की पहले थे। मार्डीकर महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से आयोजित रामनवमी महोत्सव के पांचवे दिन शत्रुघ्न पर चरित्र पर प्रकाश डाल रहे थे। इस दौरान मंडल की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने राजा जनक पर, विभा पांडे ने लव कुश पर, सुरेशा पाटिल ने मांडवी पर अपने विचार व्यक्त किए।

मार्डीकर ने कहा कि शत्रुघ्न का शाब्दिक अर्थ है,शत्रु का नाश करने वाला। शत्रुघ्न का एक अन्य नाम रिपुदमन है, जो रिपु अर्थात शत्रुओं का दमन करे। शत्रुघ्न अपने भाइयों की तरह अत्यंत पराक्रमी थे। श्रीराम की आज्ञा से उन्होंने मधुवन के क्रूर राक्षस लवणासुर का वध करके वहां की प्रजा और साधु-संतों को उसके अत्याचार से मुक्ति दिलाई। राजा दशरथ के स्वर्गवास और श्रीराम व लक्ष्मण के वनगमन के पश्चात राज्य का कार्यभार शत्रुघ्न ने पूरे 14 वर्षों तक पूरी निष्ठा के साथ संभाला। यही नहीं पूरे 14 वर्ष तीनों राजमाताओं कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा और लक्ष्मण की पत्नी उर्मिला, भरत की पत्नी मांडवी व स्वयं की पत्नी श्रुतकीर्ति को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की और दुःखद परिस्थितियों में उनका संबल बने। इन सब के बावजूद शत्रुघ्न का कहीं भी उल्लेखनीय स्मरण नहीं किया गया है। दरअसल वे किसी मंदिर की नींव के पत्थर के तरह हैं।

मौसम... रायपुर में 40 डिग्री पहुंचा तापमान, बस्तर संभाग में अगले 3 दिन हो सकती है हल्की बारिश

छत्तीसगढ़ में बढ़ने लगी गर्मी, लू चलने की संभावना

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम साफ होते ही फिर से गर्मी बढ़ने लगी है। अब ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 4 दिन तापमान में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी रहेगा। लोग मुंह बांधकर और सिर ढंककर घरों से बाहर निकल रहे। इस हफ्ते लू चलने की भी संभावना है।

प्रदेश में शनिवार को रायपुर सबसे गर्म रहा। यहां अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार रहा। वहीं अंबिकापुर 17.4 डिग्री के साथ सबसे ठंडा रहा। मौसम विभाग के मुताबिक 7 अप्रैल को बस्तर संभाग के जिलों में गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है। हालांकि प्रदेश के बाकी संभागों में गर्मी बनी रहेगी।

तीसरे चौथे सप्ताह में होगी तेज गर्मी: मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक अप्रैल का तीसरा और चौथा सप्ताह तेज गर्मी वाला होगा। इस दौरान हीट वेव की स्थिति बनने की संभवना रहेगी। दिन का तापमान सामान्य से 4-5 डिग्री तक ऊपर जा सकता है।तापमान लगातार 43-44 डिग्री और उसके आसपास बना रहता है। वहीं रात में भी गर्म हवा के थपेड़े महसूस होंगी। राजधानी में इस साल अप्रैल में दिन और रात का तापमान सामान्य से थोड़ा ज्यादा रहेगा।

रायपुर में 40 डिग्री तापमान

रायपुर में मौसम साफ रहने के बाद गर्मी बढ़ने लगी है। शनिवार को सुबह से तेज धूप रही। दोपहर 12 बजे के बाद चुभने वाली गर्मी महसूस हुई।

अधिकतम तापमान 40 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 1.5 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं रात का पारा 24 डिग्री रहा। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी रायपुर में दिन का तापमान 40 डिग्री के आस-पास रहने की संभावना है। वहीं न्यूनतम तापमान 26 डिग्री के रहने की संभवना है।

बस्तर संभाग में बारिश की संभावना : बस्तर संभाग के जिलों में भी 7 अप्रैल से 10 अप्रैल तक हल्की बूंदा बांदी के साथ अंधड़ चलने और बादल गरजने की संभावना है। 7 अप्रैल को बस्तर ,दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले के एक दो स्थानों पर हल्की बौछारें पड़ने की संभावना है। वहीं 8-9 अप्रैल को बस्तर ,कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर जिले के एक दो स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। शनिवार को संभाग के जिलों में अधिकतम पारा सामान्य से अधिक रहा।

ऐसा रहा है तापमान का ट्रेंड

अप्रैल का मौसम 39.5 डिग्री औसत अधिकतम तापमान
24.8 डिग्री औसत न्यूनतम तापमान रहता है।
46.1 डिग्री सर्वाधिक अधिकतम तापमान, 30 अप्रैल 1942
15 डिग्री सबसे कम न्यूनतम तापमान 2 अप्रैल 1905
131.1 मिमी सबसे ज्यादा मासिक वर्षा वर्ष 1909
45.2 मिमी 24 घंटे में सबसे ज्यादा वर्षा 20 अप्रैल 2011

सुविचार

नाराज़गी रिश्तों के जिंदा होने का सबूत है लेकिन वो खामोशी में बदल जाए तो समझ लेना चाहिए कि अब रिश्ता टूटने की कगार पर पहुंच गया है। - अज्ञात

संसद में रिकॉर्ड बनना सुखद

एक लंबे समय का के बाद संसद के बजट सत्र में सुचारू रूप से काम हुआ और इस बजट सत्र के दौरान कुल 26 बैठकें हुई। जो एक नया कीर्तिमान है। निश्चित रूप से संसद के बजट सत्र में कामकाज का रिकॉर्ड बनना सुखद है। इस बार बजट सत्र के दौरान हालांकि विपक्ष ने जनहित से जुड़े मुद्दो को लेकर संसद में हंगामा जरूर किया लेकिन इससे संसद के काम काज में आंशिक रूप से ही व्यवधान पड़ा। बजट पर भी संसद के दोनों सदनों में लंबी चर्चा हुई। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने खुलकर अपने विचार व्यक्त किये। संसद सत्र की समाप्ति के दो दिन पहले ही बहुप्रतिक्षित वक्फ संसोधन विधेयक पहले लोकसभा में और फिर राज्यसभा में पेश किया गया। इस विधेयक पर ही लंबी चर्चा हुई। लोकसभा में वक्फ बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई और राज्यसभा में तो वक्फ बिल पर 17 घंटे तक चर्चा हुई। जहां सुबह चार बजे तक सदन की कार्यवाही बिना किसी बाधा और स्थगन के चलती रही। यह भी एक नया रिकॉर्ड है। इसके पहले किसी भी विधेयक पर इतनी लंबी चर्चा कभी नहीं की गई थी। इसके लिए संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजु ने सभी राजनीतिक दलों के सांसदों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है। उल्लेखनीय है कि इसके पहले संसद की कार्यवाही हंगामों की भेंट चढ़ती रही है। पिछले कुछ सालों से संसद में काम कम होता था और शोर शराबा ज्यादा हुआ करता था। जिसके चलते अनेक महत्वपूर्ण विधेयक अधर में लटक जाते थे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सदन में जुबानी जंग ही देखने को मिलती थी। यहां तक की सदन में प्रश्नकाल भी नहीं हो पाता था। नतीजतन देश के विभिन्न संसदीय क्षेत्रों से निर्वाचित सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र की समस्याओं को भी सदन में नहीं उठा पाते थे। पूर्व अनुभवों को देखते हुए यही लग रहा था कि संसद का बजट सत्र भी हंगामों की भेंट चढ़ जाएगा। खासतौर पर वक्फ संसोधन विधेयक को लेकर संसद में कोहराम मचने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। लेकिन ऐसी सारी आशंकाएं निर्मूल सिद्ध हुई। वक्फ बिल पर लोकसभा और राज्यसभा दोनो में ही सार्थक चर्चा हुई। विपक्ष के नेताओं ने भी इस बिल के खिलाफ खुलकर अपने विचार रखे और सत्ता पक्ष के सांसदों ने इस बिल के समर्थन में तार्किक बयान दिए। दोनों ही सदनों में वक्फ बिल पर चर्चा के दौरान कोई अप्रिय स्थिति नहीं बनी। असदुद्दीन ओवैसी ने जरूर वक्फ बिल पर अपना ऐतराज जताते हुए वक्फ विधेयक की स्ट्रेपल पिन निकालकर उसके पन्ने बिखेर दिये लेकिन उन्होंने भी वक्फ विधेयक को फाड़ने की दृष्टता नहीं दी। वक्फ बिल पर लंबी चर्चा के बाद शांतिपूर्ण तरीके से मतदान भी हुआ और दोनों ही सदनों में वक्फ बिल बहुमत से पारित हो गया। भले ही इस बिल को लेकर विपक्ष ने सरकार पर निशाना साधा लेकिन सभी ने संसद की गरिमा को बनाए रखा। निश्चित रूप से यह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एक शुभ संकेत है। इससे यह उम्मीद भी जगी है कि संसद के आगामी सत्रों में भी इसी तरह सत्ता पक्ष और विपक्ष संसदीय परंपराओं का पालन करेंगे और संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाएंगे। ताकि संसद के सत्र हंगामों की भेंट न चढें और वहां जनहित से जुड़े मुद्दे उठाये जाएं और महत्वपूर्ण विधेयकों पर सार्थक चर्चा हो सके।

मो. युनूस को पीएम मोदी की दो टूक चेतावनी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद युनूस ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत की पेशकश की थी। जिस पर भारत ने बांग्लादेश को कोई जवाब नहीं दिया था। दरअसल बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट होने के बाद से भारत और बांग्लादेश के संबंधों में खटास आ गई है। इसके बाद मोहम्मद युनूस की अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ हुई हिंसा के कारण भारत और बांग्लादेश के संबंध और खराब हो गये। रही सही कसर मोहम्मद युनूस ने पाकिस्तान और चीन के साथ अपनी निकटता बढ़ाकर पूरी कर दी थी। पिछले सप्ताह चीन प्रवास के दौरान मोहम्मद युनूस ने भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को लेकर विवादास्पद बयान दिया था। जिससे भारत की नाराजगी और बढ़ गई थी किन्तु थालैंड की राजधानी बैंकॉक में हुए बिम्सटेक सम्मेलन के दौरान मोहम्मद की गुजारिश पर पीए मोदी उनसे मिलने के लिए तैयार हो गये और दोनों के बीच लगभग 40 मिनट तक चर्चा हुई। इस चर्चा का विस्तृत विवरण तो सामने नहीं आया है लेकिन पीएम मोदी ने मोहम्मद युनूस से भेंट के दौरान सिर्फ औपारिचकता निभाई उन्होंने इस मुलाकात में कोई गर्मजोशी नहीं दिखाई। इसी से स्पष्ट है कि पीएम मोदी ने मोहम्मद युनूस के साथ चर्चा के दौरान उन्हें क्या कहा होगा। पीएम मोदी ने मोहम्मद युनूस को दो टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि वे माहौल को खराब करने वाले बयानों से बचें अन्यथा दोनों देशों के रिश्तों में जो तल्खी आई वह और बढ़ सकती है। इस चर्चा के दौरान भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर तथा सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल भी मौजूद थे। जाहिर है पीएम मोदी ने मोहम्मद युनूस की जमकर क्लास ली होगी। इस मुलाकात का क्या परिणाम निकलता है। यह जल्द सामने आएगा।

प्रेरक प्रसंग - मन

सुबह होते ही, एक भिखारी नरेन्द्रसिंह के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुँच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, नरेन्द्रसिंह बाहर आये पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया।

भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां नरेन्द्रसिंह की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगी- ÷अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ।

नरेन्द्रसिंह दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोककर कहा- भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजियेगा।

वहीँ पर खड़े नरेन्द्रसिंह के एक मित्र ने उससे पूछा- मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया?

नरेन्द्रसिंह ने मुस्कुराते हुए कहा- मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो!

आज का पंचांग

सूर्योदय: 06:17, सूर्यास्त: 06:42 चन्द्रोदय: 12:36, चन्द्रास्त: 26:59 अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु: वसंत, शक सम्वत: 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत: 2082 (सिद्धार्थी), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : दशमी, नक्षत्र : अश्लेषा, योग : धृति, प्रथम करण : बालव (07:19 तक), द्वितीय करण : कौलव (19:23 तक)

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : कुम्भ, चंद्र : कर्क, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मीन (अस्त, पश्चिम, वक्री), शनि : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 11:54 से 12:45, अमृत काल 23:46 से 25:26, रविपुष्य योग पूरे दिन, सर्वार्थसिद्धि योग पूरे दिन, रवि योग पूरे दिन, विजय मुहूर्त 14:26 से 15:16, गोधूलि मुहूर्त 18:37 से 19:00, सायाह्न सन्ध्या 18:39 से 19:47, निशिता मुहूर्त 23:56 से 24:41, राहुकाल 07:34 से 09:09, राहुवास उत्तर, यमगण्ड 12:19 से 13:54, दुर्मुहूर्त 16:57 से 17:48, होमाहुति शुक्र, दिशाशूल पश्चिम

आचार्य श्रीहरि

हिटलर के रास्ते पर डोनाल्ड ट्रम्प ?

> *हिटलर की तरह डोनाल्ड ट्रम्प भी दुनिया को तहस-नहस करने और संहार करने का सपना देखते-देखते खुद भी आत्मघात कर सकते हैं। अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी प्रभावित होगी, अमरिकी लोगों के सपने कब्र बन सकते हैं। खासकर दुनिया में अमेरिका का प्रभुत्व कमजोर होगा, संयुक्त राष्ट्रसंघ में अमरिकी भूमिका कमजोर होगी। कमजोर और मित्र देशों को टैरिफहथकंडे से मुक्त करना चाहिए। हिटलर ने जिस तरह से अपने मित्र सोवियत संघ और स्तालिन पर हमला कर अपनी कब्र खोदी थी उसी प्रकार से डोनाल्ड ट्रम्प भी अपनी अराजक और हिंसक टैरिफवार से अमेरिकी प्रभुत्व की कब खोद रहे हैं। खासकर भारत, जापान और ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों के प्रति डोनाल्ड का टैरिफरवैया सहनशीलता की श्रेणी में होना चाहिए।*

विश्व में एक और हिटलर की आहट सुनी जा रही है। एक और हिटलर की आहट को अनसुनी करने वाले घोर संकट को आमंत्रण दे रहे हैं। विश्व मंदी के संकट को जन्म देने वाले डोनाल्ड ट्रम्प आगे भी इसी तरह के हिटलरी कारनामे को अंजाम देते रहेंगे, ऐसी आशंका को खारिज करना मुश्किल है। शायद वह हिटलर के रास्ते पर चल रहे हैं। हिटलर ने युद्ध को अपनी अराजक शक्ति बनायी थी और दुनिया को चैपट करने का काम किया था, असंख्य लोगों का लहू बहाया था। मारे जाने के पूर्व हिटलर ने दुनिया की मानवता को ऐसी चोट पहुंचायी थी। जिसकी कीमत दुनिया आज तक भुगत रही है, नागाशाकी और हिरोशिमा में आज भी बच्चे भयंकर विकृत जन्म लेते हैं। डोनाल्ड ट्रम्प युद्ध और हथियार को अपनी अराजक शक्ति नहीं बना रहे हैं पर उनकी अराजक शक्ति तो आर्थिक हथकंडे हैं। आर्थिक हथकंडों के माध्यम से दुनिया के बाजार को अस्थिर ही नहीं करना चाहते हैं बल्कि तहस-नहस करना चाहते हैं। उनकी आर्थिक सुधार की नीतियां बहुत ही खतरनाक है, अमानवीय है और दुनिया के देशों की अस्मिाएं और संप्रभुत्ताओ को रौंदने वाले हैं। वह कैसे? टैरिफ एक ऐसा हथियार है जो बहुत ही घातक है और जानलेवा है। डोनाल्ड ट्रम्प से टैरिफ हथियार से न केवल बडे देश मर्माहत है बल्कि छोटे देश भी मर्माहत हैं और जो संकट ग्रस्त हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था धाराशायी हो सकती है, जिनकी उत्पादक ईकांइयों में मंदी का प्रकोप फैल सकता है, फ्लस्वरूप ताला लगने का संकट खड़ा हो सकता है। जब निर्यातक इंकाइयां मंदी की शिकार होगी और उन्हें क्रेता नहीं मिलेंगे तो फिर उनके सामने बेमौत मरने की स्थिति उत्पन्न होगी, इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अमेरिका के मित्र देश भी इस संकट के भागीदार बन रहे हैं।

दुष्परिणम अभी से सामने आने लगे हैं। विश्व मंदी की आहट भी सुनाई देने लगी है। शेयर मार्केट को दुनिया की अर्थव्यवस्था का आईना समझा जाता है, मेरूदंड समझा जाता है। शेयर मार्केट अगर उपर जा रहा है तो यह समझा जाता है कि दुनिया की अर्थव्यवस्था मजबूत है और गतिशील है, समृद्धि का प्रतीक है, लोग शेयर मार्केट में निवेश करने के लिए जोखिम लेने से नहीं झिझकेगे। लेकिन शेयर मार्केट अगर लुढकेगा तो फिर दुनिया की अर्थव्यवस्था में हाहाकार मचना अनिवार्य है। शेयर मार्केट का लुढकने का अर्थ यह है कि दुनिया आर्थिक मंदी की दौर से गुजर रही है, निवेशकों का विश्वास डगमगा गया है, निवेशक अपनी पूंजी मार्केट मे ढकलने और हानि होने का दांव नहीं खेलेंगे, जोखिम लेने के लिए तैयार नहीं होंगे। सबसे बड़ी बात यह है कि अर्थव्यवस्था को मजबूत आधार देने वाली कृषि और औद्योगिक इकाइयों पर पड़ेगा जो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड होते हैं। भारत, चीन और ब्राजील जैसे देश जो अपनी कृषि और औद्योगिक इंकाइयों की समृद्धि के बल पर दुनिया के उपभोक्ता मार्केट पर कब्जा जमाते हैं और अपनी अर्थव्यवस्था का मजबूत करते हैं, इतना ही नहीं बल्कि आर्थिक विकास की सीढियां चढ़ते हैं। लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा उदय इन सबके लिए एक संकट और परेशानी

का पर्याय बन गया है। दुनिया को हाहाकार करने के लिए डोनाल्ड ट्रम्प ने अपनी खतरनाक और जानलेवा नीतियां बार-बार लागू करने का काम किया है।

खासकर शेयर मार्केट का धाराशायी होना यह प्रमाणित करता है कि डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ नीतियां बहुत ही खतरनाक और जानलेवा है। अमेरिका, फ्रांस, जापान, चीन और जर्मनी जैसे देशों के शेयर मार्केट में गिरावट देखी गयी है। अमेरिका के शेयर मार्केट में गिरावट को आश्चर्यजनक घटना मानी जा रही है। पिछले सप्ताह अमेरिकी और ब्रिटेन के बाजारों में शेयर सूचकांक पांच प्रतिशत से ज्यादा गिर गये। कोविड माहामारी के बाद अमेरिकी बाजार में सबसे ज्यादा गिरावट नोट किया गया है। दुनिया के अन्य शेयर बाजारों के गिरावट भी चिंता के कारण हैं। नुकसान भयानक हुआ है। निवेशकों के अरबों-खरबों डालर डूब गये, निवेशक अर्श से फर्श पर आ गए। इससे अमेरिकी बाजार भी खासे प्रभावित होंगे। जानकर यह बताते हैं कि अमेरिका में भी आर्थिक महंगाई बढ़ेगी और बैरोजगारी का खतरा उत्पन्न होगा। अमेरिका का उपभोक्ता बाजार आयात पर ज्यादा निर्भर है। आयपित वस्तुएं जब महंगी होगी तो फिर अमेरिकी लोगों को उन आयातित वस्तुओं तक पहुंच निर्धारित और सुनिश्चित करने के लिए अधिक पूंजी खर्च करनी पड़ेगी। इस कारण अमेरिकी नागरिकों को भी अपने बैंक एकांउट की गरीबी का सामना करना पड़ सकता है।

दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान यूरोप के बड़े देशों जैसे ब्रिटैन, फ्रांस के लिए अमेरिका एक संरक्षक के तौर सामने आया था। ब्रिटेन और फ्रांस एक तरह से पराजित ही हो गये थे, सिर्फ हार यानी की आत्मसर्पण की घोषणा बाकी थी। इसी दौरान अमेरिका ने ब्रिटेन और फ्रांस की रक्षा करने का काम किया, इन्हें हिटलर से लड़ने के लिए हथियार दिया, आर्थिक सहायताएं दी थी। हिटलर की पराजय के बाद यूरोप की सुरक्षा के लिए नाटो जैसा संगठन बनाया। नाटो में यूरोपीय देश के साथ ही साथ अमेरिका भी शामिल है। लेकिन यूरोप के बड़े देश ही नहीं बल्कि छोटे देश भी अमेरिका को लेकर नकरात्मक नीतियां स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं है। यूरोपीय देश भी टैरिफ वार के शिकार है। यूरोपीय देश प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं और प्रतिक्रिया में अमेरिकी वस्तुओं और अमेरिकी विजनों का बहिष्कार करने की घोषण भी कर रहे हैं। यूरोपीय यूनियन के ट्रेड कमिशनर मारोस सपकोविक ने कहा कि हमनें अमेरिकी अधिकारियों से दो घंटे तक बात की है, अपनी प्रतिक्रिया दी है और कहा है कि प्रतिक्रिया का इंतजार करना होगा। यूरोपीय देश भी डोनाल्ड ट्रम्प के टैरिफयुद्ध का जवाब देंगे, इसकी नीतियां वे बना रहे हैं। अमेरिका के दोस्त ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया भी डोनाल्ड ट्रम्प की इस नीति से खफा है और अमेरिका का पक्ष लेने के लिए तैयार नहीं है।

ऐशिया महादेश में तीन देश प्रमुख हैं, जो डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ युद्ध की गर्दन मरोड़ सकते हैं। पहला चीन है, दूसरा जापान है और तीसरा भारत है। चीन, जापान और भारत की अर्थव्यवस्था बहुत ही समृद्ध है। चीन भी आक्रमकता छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। जवाबी कार्रवाई चीन ने शुरू कर दी है। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर 34 प्रतिशत का टैरिफ लगाया है। चीन के साझेदार कुछ यूरोपीय देश भी है, अफ्रीकी देशों में चीन की अच्छी पहुंच हैं। इधर जापान भी अपने हितों की रक्षा करने के लिए जवाबी कार्रवाई कर सकता है। जहां तक भारत की बात है तो भारत अभी भी तेल देखो, तेल की धार देखो की नीति पर चल रहा है। अमेरिका से आपसी बातचीत का रास्ता अपनाया है। फिर भी भारत का आतंरिक रोजगार और समृद्धि के अवसरों पर जो नकारात्मक प्रभाव पड़ा है उसे खारिज नहीं किया जा सकता है, उसे नजरअंदाज करना मुश्किल है। खासकर कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में भीषण प्रभाव पड़ा है। भारत भी डोनाल्ड ट्रम्प को जवाब देने के लिए आज न कल कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 2008 में आज ही के दिन असम में प्रतिअबंधित उग्रवादी संगठन 'उल्फा' ने अपना 30वां स्थापना दिवस मनाया था। 2003 में 7 अप्रैल के दिन ही अमेरिकी सेना ने इराक की राजधानी बगदाद को अपने नियंत्रण में लिया था। 2000 में आज ही के दिन ब्राजील से विश्व के सबसे छोटे अखबार योर आनर का प्रकाशन शुरू हुआ था। 2000 में 7 अप्रैल के दिन ही भारत में दिल्ली पुलिस ने करोड़ों के क्रिकेट मैच फिक्सिंग और सट्टेबाजी के रैकेट का पर्दाफाश किया था। 1988 में आज ही के दिन अमेरिका ने नेवादा परीक्षण केंद्र में परमाणु परीक्षण किया था।1978 में 7 अप्रैल के दिन ही अमेरिका के राष्ट्रपति जिमी कार्टर ने विवादास्पद न्यूट्रॉन बम के विकांस और उत्पादन का काम पर रोक लगा दी थी। 1969 में आज ही के दिन अमेरिकी सेना की एक परियोजना के रूप में इंटरनेट का जन्म हुआ था। 1948 में 7 अप्रैल के दिन ही विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना हुई थी और उसी की याद में 7 अप्रैल को हर साल विश्व स्वास्थ्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

समन्दर को नहीं

समन्दर को नहीं मालूम है साहिल की बेताबी। मिली मंज़िल नहीं ,जाने वो क्या मंज़िल की बेताबी। हुआ जिसको नहीं है प्यार, भला कैसे वो समझेगा। किसी के दिल की बेचैनी,किसी के दिल की बेताबी। - **शोभा किरण**

दुखती रग को

दुखती रग को दुखा गया कोई, बिन आँसू ही रुला गया कोई दावते इश्क की खातिर दिल को दिल के घर पे बुला गया कोई दर्द जिसको दबाया था मुश्किल फिर से फिर से जगा गया कोई दिल में इत्ती जगह नहीं फिर भी धीमे धीमे से समा गया कोई हँसते हँसते सिखाया है रोना रोते रोते हँसा गया कोईबस इक अपने लिए सितमगर सारे ही जग को भुला गया कोई एक नहीं, दो नहीं, नहीं गिनती सबको रे उल्लू बना गया कोई जख्म करके सभी हरे 'अर्पित' नमक उन पर लगा गया कोई । - **अर्पित अनाम**

खास पाती

खाली पृष्ठ सूखी स्याही शब्द

खाली पृष्ठ सूखी स्याही शब्द हो गए सन्यासी मन का आँचल भीगा फटी-फटी साँसे अर्थ भी हो गए सन्यासी ज़िंदगी को खौलते देख पिघलते अरमान लम्हे भी हो गए सन्यासी बदले वक्त के अंदाज़ पूछ कर अश्कों की कीमत नयन भी हो गए सन्यासी सुनते हैं दुनिया मयखाना देख साक़ी का दस्तूर अब जाम भी हो गए सन्यासी। - **अनिता कपूर**

कैसे कैसे लोग मिले हैं वाइज़ इस

कैसे कैसे लोग मिले हैं वाइज़ इस मयखाने में, रंग बदलती दुनियां देखी आके इस मयखाने में, कहते थे जो हम प्याला हैं साथ निवाले खाएंगे,मुफलिस बनके लोग मिले इस खाली से मयखाने में

- **कुलदीप मिश्रा**

जिद्दी हो तुम अगर जिद्दी मैं भी कम

जिद्दी हो तुम अगर जिद्दी मैं भी कम नहीं। आउंगी द्वारा तुम्हारे जग का कोई मोह नहीं भेजकर नश्वर जहाँ में। कठपुतली सा नचाते हो। सुनो! आ रही हूं द्वार पर अब बन तेरे चरणों की दासी। जिद हैं अब मन मे ये ठानी। जब तुम नहीं रह पाए अपने रचे संसार में.. उलझाया फिर क्यों कहो प्रभु मुझको इस मायाजाल में। देखना अब एक दिन तो द्वार तुम्हारे आऊंगी। क्योंकि जिद्दी हो तुम अगर तो मैं भी जिद्दी कम नहीं।।

- **डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

विश्व का प्रत्येक आदिवासी सनातनी है

विश्व का प्रत्येक आदिवासी सनातनी है। सच्चे सनातनी आदिवासी ही हैं जो प्रकृति पूजक हैं। प्रकृति पूजन पिछड़ा पन नहीं अपितु प्रकृति के प्रति मनुष्य का आभार है। प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने की विधाओं को संकलित कर जो संहिता बनी वह बना सनातन धर्म... विकृत धर्म तो प्रकृति को तुच्छ समझ इनका आभार व्यक्त न करने वाले बहुत बाद में आए। यदि सभी धर्म मिटा दिए जाएं फिर भी मनुष्य की शुद्ध चेतना प्रकृति का आभार व्यक्त करेगी ही। इसलिए सनातन को कोई मिटा नहीं सकता इसके मानने वाले लोगों का सूर्य अस्त हो सकता है परन्तु सनातन मिट नहीं सकता। - **नवीन शंकर शर्मा**

नहीं ईमान से मतलब, यहां क़ीमत ज़मीं

नहीं ईमान से मतलब, यहाँ क़ीमत ज़मीं, ज़र की पड़ी फुटपाथ पर लाशें, ज़रूरत क्या है चादर की ग़रीबी एक तूफ़ाँ है, बवंडर भूख का उठता यहाँ मिलता है क़तरा इक,ज़रूरत है समंदर की शिकारी ताक में बैठा, परिंदा भूल कर बैठे नहीं आवाज़ सुनता है, दबी आवाज़ अंदर की चमक जुगनू की दिखती है ,चराग़ों को बुझाते ही अगर सूरज निकल आए तो क्या औक़ात अख़्तर की पड़ी ज़ंजीर पैरों में, चला जाता नहीं हम से हम अपने घर से कोसों दूर हैं, चाहत है फिर घर की

- **दिनेश भोपाली**

मन की सोच सुंदर है तो सारा संसार

मन की सोच सुंदर है तो सारा संसार सुंदर नज़र आएगा, जिंदगी में कभी भी अपने किसी हुनर पे घमंड मत करना, क्यूँकी पत्थर जब पानी में गिरता है तो अपने ही वजन से डूब जाता है।

- **अरूणा राव**

QUIZ TIME

1) हाल ही में चर्चा में रहे ऑस्कर तूफान का संबंध किस से है?

2) हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को आधिकारिक रूप से मलेरिया मुक्त घोषित किया है?

3) सौ फीसदी सौर ऊर्जा पर चलने वाला भारत का पहला केंद्र शासित प्रदेश कौन सा है?

4) अंग्रेजी समाचार पत्र लीडर की स्थापना किसने की?

5) हाल ही में, कालिदास सम्मान पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अटलांटिक महासागर (2) मिस्र (3) दीव (दादरा और नगर हवेली तथा दमन दीव) (4) मदन मोहन मालवीय (5) रघुपति भट्ट

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष: आज आपका मानसिक संतुलन स्थिर नही रहेगा असमंजस की स्थिति के कारण पल पल में निर्णय बदलेंगे।

वृष: आज का दिन आपके लिये शुभ फलदायी रहेगा। आज नौकरी एवं व्यवसाय में थोड़े परिश्रम से अधिक लाभ मिल सकेगा।

मिथुन: आज का दिन आपको मिश्रित फलदायी रहेगा। दिन के पूर्वार्ध में क्रोध की अधिकता रहने से किसी प्रियजन अथवा आस पड़ोसी से तकरार होने की प्रबल संभावना है।

कर्क: आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहेगा। आज प्रत्येक क्षेत्र में विरोधी परास्त होंगे।

सिंह: आज के दिन कार्यो में विफलता मिलने से मन हताशा से भरा रहेगा। नकारात्मकता बढ़ने से शरीर भी अस्वस्थ हो सकता है।

कन्या : आज का दिन आप आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज स्वास्थ्य छोटी-मोटी परेशानियों को छोड़ उत्तम ही रहेगा।

तुला: आज दोपहर बाद का समय आपके लिये अत्यन्त शुभफलदायी रहेगा लेकिन आज आपका स्वभाव सनकी रहेगा।

वृश्चिक : आपका आज का दिन कुछ समय सामाजिक गतिविधियों में बीतेगा।

धनु : आज का दिन आपके लिए अशुभ फलदायी रहेगा। मध्यान के बाद में शारीरिक एवं मानसिक स्थूलता अनुभव होगी।

मकर: आज का दिन मध्यान तक आपके लिये अनुकूल रहेगा। व्यापार में कम परिश्रम से सफलता मिलने से कार्य के प्रति उत्साह बढ़ेगा।

कुंभ : आपके आज के दिन का पूर्वार्ध अत्यन्त व्यस्त रहने वाला है लेकिन व्यस्तता बे फिजूल के कार्यो को लेकर रहेगी।

मीन : आज का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। व्यापार अथवा नौकरी करने वाले जातक आज परिश्रम के बाद ही कार्य में सफलता पा सकेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -010

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 009 का हल

न्यूज गैलरी

आर्ट क्राफ्ट व मेकअप प्रशिक्षण

दुर्ग। घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय दुर्ग में 21 मार्च से 4 अप्रैल तक 15 दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट और मेकअप एंड ग्रुमिंग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका संचालन दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभा रानी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर आर्ट एंड क्राफ्ट की विशेषज्ञ सुरेखा यादव और मेकअप एंड ग्रुमिंग की आर्टिस्ट परिनीता चंद्राकर ने छात्राओं और प्राध्यापिकाओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का उद्?देश्य सभी के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करना था। कार्यशाला में कॉलेज के अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह गुप्ता, दिग्विजय सिंह गुप्ता, प्राचार्य डॉ. मृदुला वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

महिला से चेन स्नेचिंग कर भागे

दुर्ग। कोतवाली थाना अंतर्गत रहने वाली महिला चेन स्नेचिंग का शिकार हो गई। घटना से पहले महिला मार्केट से सब्जी लेकर घर पैदल जा रही थी। उस दौरान बाइक सवार दो बदमाश उसके बाजू से गुजरे। पीछे बैठे बदमाश ने झपटट्टा मारकर उसकी गले की चेन छीनकर भाग गए। स्नेचिंग की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। ढीमर पारा वार्ड 33 दुर्ग निवासी भारती जाधव ने शिकायत दर्ज कराई। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि सुबह करीब 9.28 बजे कांग्रेस भवन के सामने बाइक सवार दो व्यक्ति मुंह पर स्कार्फ बांधे गंजपारा तरफ से आए। कुछ दूर जाकर बाइक को वापस मोड़कर मेरे सामने से आए और उसके गले में पहने मंगलसूत्र को छीनकर भाग गए। बाइक पर पीछे बैठा व्यक्ति पतला दुबला था और बाइक चलाने वाला मोटा था।

बीएसपी मर्चेंट एवं वायर रॉड मिल में मनाया गया स्वच्छता पखवाड़ा

भिलाई। संयंत्र के मर्चेंट एवं वायर रॉड मिल में मुख्य महाप्रबंधक मुनीश कुमार गोयल के मार्गदर्शन में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। गोयल ने पर्यावरणीय स्थिरता और सार्वजनिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर जोर दिया कि दैनिक जीवन में स्वच्छता के लिये सतत प्रयास करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेका श्रमिकों को जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन एचआर मिल्स जोन-1 विभाग और एमडब्ल्यूआरएम द्वारा संयुक्त रूप से किया। कार्यस्थल की सफाई और स्वच्छ वातावरण के लिये आसपास के क्षेत्रों से कचरे को हटाया गया। महाप्रबंधक मोहिबुल हुसैन ने दैनिक आदत के रूप में स्वच्छता को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने में सक्रिय योगदान देने का आग्रह किया। महाप्रबंधक व विभागीय सुरक्षा अधिकारी प्रणव कुमार ने सुरक्षा और उत्पादकता के लिए कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की आवश्यकता को रेखांकित किया। सहायक महाप्रबंधक (एमडब्ल्यूआरएम) शीतल प्रसाद सोनकर ने कहा कि बचाव ही स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है।

हत्या कर सड़क किनारे जलाया शव : खेत में मिली अधजली लाश, जलने से नहीं हुई पहचान

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में एक युवक की अधजली लाश मिली है। शुरुआती जांच में हत्या की आशंका जताई जा रही है। पहचान छुपाने के लिए उसके शव को जला दिया गया। उम्र करीब 30 से 35 साल के बीच है। लेकिन उसकी पहचान नहीं हो पाई है। कुछ कपड़ों के अवशेष और अन्य चीजें मिली है। उसकी मदद से तफ्तीश की जा रही है। घटना पुरानी भिलाई थाना इलाके में हथखोज जाने वाले पथर्रा उम्दा मार्ग के बीच की है। छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि, युवक को पहले किसी दूसरी जगह पर मारा गया है। उसके बाद शव को लाकर सड़क किनारे खेत में साक्ष्य छिपाने के लिए जला दिया गया। फोरेंसिक डिपार्टमेंट की टीम भी मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

पीएम के लिए भेजा शव

पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल स्थित मॉर्चुरी में भेज दिया है। वहीं, फोरेंसिक टीम शव के आसपास के इलाके से सबूत जुटा रही है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि हत्या कहां और किन परिस्थितियों में हुई। इस बीच पुलिस स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। जिससे मृतक की पहचान हो सके।

इलाके में भय का माहौल

जिस तरह से एक युवक की हत्या कर उसके शव को जलाया गया, उससे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं, शव के पास लगी लोगों की भीड़ में कई लोग पुलिस अधिकारियों से यही कह रहे थे कि इस हत्या के आरोपियों को खोजकर कड़ी सजा दी जाए, नहीं तो उनके हौसले और बढ़ेंगे।

सुखी समृद्ध ग्राम कार्यशाला के समापन में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के ग्राम अछोटी में आयोजित सुखी समृद्ध ग्राम कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में आज प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा शामिल हुए। अभ्युदय संस्थान अछोटी में पंचायत प्रतिनिधियों के लिए आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि संस्थान में जो जानकारी लिए है, उसको अपने गांव में अमल में लाने का प्रयास होना चाहिए। गांव में सामाजिक, समानता और आपसी तालमेल से गांव को समृद्ध बनाना है। पंचायत में क्या-क्या हो सकते है, नियमों का अध्यन कर लेवें। उन्होंने कहा कि गांव के सभी का सम्मान करें। गांव में गौशाला और जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाये। पशु पालन के लिये गवचर में हरा चारा उगाये। गवचर के लिए गांव में 6 एकड़ जमीन चिन्हांकित कर लिया जाये। अभ्युदय संस्थान में पुरानी पारम्परिक कृषि को आज भी पुनर्जीवित रखा है। कार्यशाला के दौरान सभी को अवलोकन व अनुभव करने का अवसर मिला है। आपको भी अपने गांव को प्रदेश में पहचान दिलाना है। कार्यशाला की सिख से गांव में अभिनव प्रयोग करे। कार्यशाला में शामिल पंचायत प्रतिनिधियों से अंतरंग चर्चा कर उनके सुझाव सुने। उन्होंने अभ्युदय संस्थान में गौशाला, सोलर सिस्टम, हरे चारा की खेती का भी अवलोकन किया।

11वीं में 3 बार सप्लीमेंट्री और 12वीं में फेल, वायर से लटकी इंजीनियर की बेटी

12वीं की छात्रा ने पेपर बिगड़ने पर लगाई फांसी

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। कक्षा 12वीं की छात्रा ने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि 12वीं के एग्जाम अच्छे नहीं गए थे, जिससे वह टेंशन में रहती थी। इसके पहले भी 11वीं में 3 बार सप्लीमेंट्री और 12वीं में फेल हो चुकी है। मामला सुपेला थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक छात्रा का नाम एरिना कराब (19) है, जो छ्स्श्क्क नेहरू नगर में रहती थी। छात्रा के पिता आनंद कराब इंजीनियर हैं। एग्जाम को लेकर ही वह परेशान थी, फिर से फेल होने का डर सता रहा था। दरअसल, 4 अप्रैल को दोपहर में छात्रा के पिता आनंद रोज की तरह नेहरू नगर ऑफिस ड्यूटी गए थे। उनकी पत्नी अपने बड़े बेटे रितेश को लेकर छोटी बेटी हिमांशी का चेकअप कराने हॉस्पिटल गई थी। वे लोग दोपहर 12 बजे घर से गए और सवा 1 बजे वापस आए। इस दौरान घर का दरवाजा बाहर से बंद था। छात्रा की मां ने पीछे के दरवाजे से किचन का दरवाजा खोला। अंदर जाकर देखा तो बेटी केबल तार से बंधी रस्सी से लटकी हुई थी। नीचे उतारकर सुपेला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर्स ने मृत घोषित कर दिया।

हिंदी से इंग्लिश मीडियम में डाला

छात्रा के पिता आनंद कराब ने बताया कि उनकी बेटी एरिना पढ़ने में अच्छी थी। पहले वो हिंदी मीडियम से पढ़ रही थी। 10वीं में उसे इंग्लिश मीडियम स्कूल में डाला गया। उसने 10वीं में 89 प्रतिशत नंबर लाकर फर्स्ट क्लास पास किया। इसके बाद मैथ, फिजिक्स और केमेस्ट्री सब्जेक्ट लेकर पढ़ाई शुरू की, लेकिन उसके नंबर कम आने लगे। 11वीं में उसने 3 बार सप्लीमेंट्री दी और पास हुई। इसके बाद 12वीं में वह फेल हो गई। पिता ने उसे कई बार समझाया कि अगर समझ नहीं आ रहा तो टेंशन मत लो सब्जेक्ट चेंज कर दो। उनकी बेटी शिवा पब्लिक स्कूल मैत्री विहार में पढ़ती थी। उसके साथ के दूसरे बच्चे अच्छे मार्क्स से पास हो रहे थे, लेकिन एरिना फेल हो जा रही थी।

पुलिस कर रही मामले की जांच

पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को सौंपा गया। छात्रा के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। खुदकुशी की वजह जानने के लिए परिजनों से पूछताछ कर रहे हैं।

जामुल में अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला

जामुल थाना क्षेत्र के खेरदा गांव में शादी में आए एक युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला भेजा। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। जामुल पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान शिव कुमार पटेल (30 साल) के रूप में हुई है। वह खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के रीवा गहन गांव का रहने वाला था। 3 अप्रैल को अपने रिश्तेदार की बेटी की शादी में आया था। शिव कुमार शराब पीने का आदी थी। गुरुवार की रात उसने शादी के दौरान काफी अधिक मात्रा में शराब पी ली थी। इसके बाद नंदिनी रोड में खेरदा स्थित हेमंत फैशन बाजार के सामने नशे में ही सड़क किनारे गिर गया और वहीं पड़ा रहा। इसी दौरान रात करीब 12 बजे कोई अज्ञात वाहन आया और उसको कुचलता हुआ निकल गया।

चैत्र नवरात्रि पर महाभंडारा हजारों ने ग्रहण किया प्रसाद

आकाशगंगा स्थित ढिल्लन कॉम्प्लेक्स में हुआ भव्य आयोजन, समाजिक समरसता का दिखा सुंदर उदाहरण

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भिलाई शहर भक्ति और सेवा के रंग में रंगा नजर आया। शहरभर में जगह-जगह हवन और महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

खासकर आकाशगंगा स्थित ढिल्लन कॉम्प्लेक्स का आयोजन लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। चैत्र नवरात्रि के समापन पर भिलाई शहर में धार्मिक उल्लास और सामाजिक सौहार्द का अद्भुत संगम देखने को मिला। आकाशगंगा के ढिल्लन कॉम्प्लेक्स में आयोजित महाभंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और पुण्य लाभ अर्जित किया। इस आयोजन में दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग और एसपी जितेन्द्र शुक्ला विशेष रूप से शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने भक्तों को स्वयं प्रसाद वितरित किया और आयोजन की सराहना की।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने सभी श्रद्धालुओं को राम नवमी और नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। वहीं, आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में एकता और समर्पण की भावना को मजबूत करते हैं।

उन्होंने कहा भंडारे में सेवा देने वाला और प्रसाद लेने वाला, दोनों ही पुण्य के भागीदार होते हैं।

ढिल्लन कॉम्प्लेक्स के व्यापारी और पत्रकार वर्षों से मिलकर इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाते आ रहे हैं। अतिथियों का पारंपरिक स्वागत करते हुए आयोजक खिलावन सिंह चौहान ने माई की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया।

काल गणना विज्ञान में महाकाल की नगरी उज्जैन अद्भुत: डॉ. शर्मा

ज्ञान -विज्ञान प्रवास से लौट कर आचार्य शर्मा ने कहा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। देश-विदेश के सफल शैक्षणिक यात्री एवं लेखक आचार्य डॉ.महेश चंद्र शर्मा हाल ही सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व की नगरी उज्जैन से लौटे। उन्होंने अपने इस सांस्कृतिक प्रवास में इस प्राचीन नगरी का महत्व विशेष रूप से उल्लेखित किया।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश-दुनिया में भारतीय नववर्ष , विक्रमी संवत 2082 मनाया जा रहा है। उज्जैन के विद्वान् राजा वीर विक्रमादित्य और महाकवि कालिदास के आराध्य भगवान महाकाल की नगरी उज्जयिनी की काल गणना भी अद्भुत और प्रेरक है। उन्होंने कहा कि उज्जैन ठीक कर्क रेखा पर स्थित है। यहां की शासकीय जीवाजी वेधशाला भी उल्लेखनीय है।

उज्जैन का मध्य रेखा पर आधारित होना महत्त्वपूर्ण है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यहां विक्रमादित्य की वैदिक घड़ी काल गणना का सबसे पुराना और प्रामाणिक उदाहरण है। इसे जयपुर के प्रसिद्ध गणितज्ञ और ज्योतिषी महाराजा सवाई जयसिंह द्वितीय ने स्थापित किया और स्व.महाराजा जीवाजी राव सिंधिया ने 1923 में ने इस वेधशाला का जीर्णोद्धार कराया। विगत वर्ष प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने इसका लोकार्पण किया। इस दौरान वेधशाला के अधीक्षक डॉ.राजेन्द्र प्रकाश गुप्त एवं शिक्षक डॉ.गिरिवर शर्मा ने आचार्य डॉ.महेश चन्द्र शर्मा को विक्रमादित्य वैदिक घड़ी और वेधशाला का विस्तृत अवलोकन कराया। इसरो के चेयरमैन और वेदों के भी ज्ञाता श्रीयुत् श्रीधर सोमनाथ भी वर्ष 2023 में इसका अवलोकन कर प्रशंसा कर चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि डॉ. महेश ने सपरिवार महाकाल शिवजी के दर्शन उपरांत भारतीय ज्ञान-विज्ञान परंपरा के संदर्भ में वैदिक घड़ी आदि, तारामण्डल , ग्लोब एवं नक्षत्र वाटिका का शैक्षणिक भ्रमण किया। डॉ.शर्मा की पुस्तकों में भी अणु- परमाणु , वैदिक गणित, गुरुत्वाकर्षण, भूगोल-खगोल आदि की विज्ञान परम्परा के विस्तृत एवं प्रामाणिक सन्दर्भ उल्लेखित हैं।

तदनुसार भारतीय वैज्ञानिकों ने विदेशी वैज्ञानिकों से बहुत पहले ही प्रायः सभी अनुसंधान कर लिये थे। उज्जैन स्थित इन केन्द्रों का संचालन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, मध्यप्रदेश शासन संस्कृत भवनम्, भोपाल द्वारा किया जाता है। संस्थान के अधिकारियों ने आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा को भी सन्दर्भित अनेक पुस्तकें भी भेंट की।

महापौर ने कलेक्टर से स्कूल भवन में नई पानी टंकी निर्माण करने मांगी अनुमति

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात कर शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा वार्ड क्रमांक 32 में ओवरहेड टंकी का निर्माण करने अनुमति देने का आग्रह किया। इस मौके पर महापौर अलका बाघमार के साथ स्वास्थ्य विभाग प्रभारी निलेश अग्रवाल, विद्युत/यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकार भी मौजूद रहे। इससे पहले महापौर ने स्थल निरीक्षण करते हुए कहा क बनिया पारा क्षेत्र में पानी की किल्लत को ध्यान में रखते हुए नई पानी टंकी का निर्माण करना जरूरी है। नई पानी टंकी का निर्माण होने से बनिया पारा सहित अन्य वार्ड क्षेत्र के निवासियों को भरपूर पानी मिलेगा। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि शिक्षक नगर पुराने पानी टंकी के स्थान पर 1500 (किलोलीटर) क्षमता की ओवरहेड टंकी का निर्माण प्रस्तावित है। पूर्व में विधायक गजेंद्र यादव द्वारा स्थल निरीक्षण कर शासकीय प्राथमिक कन्या शाला बनियापारा के परिसर में ही नई पानी टंकी करने निर्देशित किया गया था। महापौर ने कलेक्टर से अनुमति और निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिये अनापत्ति प्रदान करने का आग्रह किया।

ज्योत जंवारा विसर्जन में शामिल हुए विधायक गजेन्द्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन घरों व शीतला मंदिरों में रोपित फुलवारी का विर्सजन किया गया। नयापारा शीतला मंदिर से निकले जंवारा विसर्जन में विधायक गजेन्द्र यादव शामिल हुए। सेवा जसगीत की धुन पर नाचते-गाते बाजे की थाप पर झूमते भक्तों ने श्रद्धा के साथ ज्योत जंवारा विसर्जन किये। नौ दिनों तक मां जगदम्बे की उपासना के बाद ज्योत जंवारा विसर्जन यात्रा निकाली गई जिसमे विधायक गजेन्द्र पहुँचे और नागरिकों का अभिवादन करते रहे और तालाब में जंवारा विसर्जन में सहयोग किये। चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर विधायक गजेन्द्र ने निज निवास में नौ कन्याओं का विधिवत पूजन कर कन्या भोज का आयोजन कराया। बालरूप में माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त कर समस्त जनमानस के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। कन्याओ को चुनरी ओढ़ाकर कन्याओ का आरती लेकर चंदन तिलक लगाए और भोजन प्रसादी हेतु आमंत्रित किये। भोजन पश्चात् सभी कन्याओ को उपहार के रूप चूड़ी, बिंदिया सहित श्रृंगार का सामान भेंट कर सभी के सुख समृद्धि की कामना कर आशीर्वाद लिए।

मंत्रोचार के साथ महाष्टमी पर महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन पूजन

नवप्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। महाष्टमी के अवसर पर मां महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर में हवन पूजन सम्पन्न हुआ। हवन का कार्यक्रम शाम 4.30 बजे प्रारंभ हुआ। जिसकी तैयारी मां महामाया ट्रस्ट कमेटी द्वारा पहले ही की जा चुकी थी। नवरात्र के नौ दिनों में अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है नौ दिन उपवास रहने वाली व्रती विशेष रूप से अष्टमी के हवन में शामिल होते हैं ऐसा मानना है कि तभी व्रतियों के नवरात्र के व्रत पूर्ण होते हैं। मंदिर प्रांगण में महाष्टमी में अलसुबह ही दर्शन हेतु भक्तों का तांता लगा हुआ था। बाकी दिनों की अपेक्षा मंदिर में आज तीन गुना अधिक भीड़ दिखाई दी। शाम 4.30 बजे ग्राम पुरोहित गुमानधर दीवान द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया। जिनके बाद शाम 6 बजे पूर्ण आहुति दी गई। हवन में स्थानीय लोगों के अलावा आसपास के ग्रामीण भी उपस्थित रहे। महाष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर में भोग वितरण भी किया गया व्यक्तिगत एवं कई संस्थाओं ने भी मंदिर प्रांगण में भोग वितरित किए। महाष्टमी के इस पावन अवसर पर आज माता के दर्शन के लिए बाकी दिनों से कहीं अधिक भीड़ रही।

रामनवमीं पर सेवा संकल्प समिति ने निकाली शोभायात्रा

रामनवमी के उपलक्ष्य में रविवार को सेवा संकल्प समिति द्वारा श्रीराम भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति सदस्य सुजीत यादव ने बताया कि शोभायात्रा में छत्तीसगढ़ी संस्कृति को शामिल कर कुछ खास किया था। यात्रा में गढ़वा बाजा, राऊत नाचा, राममय स्वर ध्वनि के साथ विभिन्न झांकियों में श्रीराम भगवान का अलौकिक दर्शन कराया।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/202504103000019 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीना बख्तियार पति स्व. अशोक बख्तियार उम्र 62 वर्ष पता- 109, जीरो रोड, शांति नगर, अंबेडकर नगर, वैशाली नगर सुपेला भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा कुन्दनी देवी, अशोक कुमार बख्तियार एवं सहखातेदारों के नाम मौजा धनौरा प.ह.नं. 53 रा.नि.मं. उतई में कृषि भूमि स्थित है. जिसका खसरा नंबर 689 रकबा 0.3300 हे. राजस्व अभिलेख में दर्ज है। सहखातेदारों में अशोक कुमार बख्तियार पिता स्व. चेतनलाल बख्तियार की मृत्यु दिनाक 23/08/2024 तथा कुन्दनी देवी पति स्व. चेतनलाल की मृत्यु दिनांक 03/07/2023 को हो गया है। स्वः कुन्दनी देवी पति स्वः चेतन लाल की कुल 04 संताने कमशः जयराज स्व. अशोक कुमार, अमरलाल वृ इंद्रजीत उक्त राजस्व अभिलेख में सभी का नाम दर्ज है जिसमें अशोक कुमार बख्तियार की मृत्यु हो चुकी है इसलिए अशोक कुमार बख्तियार की मृत्यु हो चुकी है। अशोक कुमार बख्यितयार व कुंदनी देवी का नाम विलोधित कर उनके विधिक वारिसान मीना बख्तियार ध.प. स्व. अशोक कुमार बख्तियार, पियुब बख्तियार आ. स्व. अशोक कुमार बख्तियार, सागर बख्तियार पिता स्व. अशोक कुमार बख्तियार एवं श्रद्धा बख्तियार पिता स्व. अशोक कुमार बख्तियार का नाम दर्ज किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.04.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.04.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

निगम परिसर, बोरसी व आदित्यनगर जोन कार्यालय में एक-एक समाधान पेटी रखने के निर्देश

सुशासन तिहार के प्राप्त आवेदनों का एक माह में होगा निराकरण

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। राज्य शासन के निर्देश पर शासकीय कामकाज में पारदर्शिता तथा योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और सीधा जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनो से संवाद स्थापित करना है।तीन चरणों में आयोजित किया जावेगा। आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा सुशासन तिहार-2025 तीन चरणों में होगा। सफल क्रियान्वयन हेतु कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी को नोडल अधिकारी एवं कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त कर सुशासन तिहार की प्रथम चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 के संपादन हेतु निम्नांकित अधिकारी/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर जिम्मेदारी सौंपी गई है। आयुक्त द्वारा अधिकारी/ कर्मचारियो को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शासन की मार्गदर्शी निर्देशों से अधिकारियों को अवगत करते हुए।

नगर निगम मुख्यालय पेटी की स्थापना, बोरसी जोन कार्यालय और आदित्य नगर जोन कार्यालय में एक-एक समाधान पेटी रखने के निर्देश दिए है, ताकि जो आवेदक प्रत्यक्ष रूप से अपना आवेदन न दे सके वे समाधान पेटी के माध्यम से अपनी समस्या बता सके। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत् ऑपरेटर की भी ड्यूटी लगाई गई एवं तत्काल अभियान के बारे में उन्हे प्रशिक्षण दिया जाए।

समाधान शिविर का आयोजन 8 अप्रैल को समय 10 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। शिविरों में से लोगों की समस्याओं से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना,शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना और सीधा संवाद स्थापित करना है।

बुद्ध भूमि कोसानगर में मनाई सम्राट अशोक जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। बुद्ध भूमि परिसर में महान सम्राट अशोक की प्रतिमा के पास चक्रवर्ती देवानांप्रिय सम्राट अशोक महान की जयंती मनाई गई। बौद्ध कल्याण समिति के संस्थापक सदस्य नेकराम रामटेके ने कार्यक्रम का संचालन किया। सर्वप्रथम सम्राट अशोक सहित अन्य महामानवों की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर मोमबत्ती और अगरबत्ती जलाकर सामूहिक त्रिशरण पंचशील ग्रहण किया गया। बौद्ध कल्याण समिति को दान करने वाले वर्तिका वासेकर, विनोद वासेकर, शीतल वासेकर, कुंदा धवले, शारदा धवले, स्नेह लता रंगारी, मधु मेश्राम, शीला वासेकर, दिनेश मेश्राम तथा नासिक से आई उपासिका का सम्मान पुष्प गुच्छ भेंट कर किया। बौद्ध कल्याण समिति के पदाधिकारी ज्ञानचंद टेम्भुरनीकर, रंजू खोबरागड़े और प्रितेश पाटील तथा भिमाई महिला मंडल की अध्यक्षा दानशीला रामटेके तथा सदस्य गीतेश्वरी रामटेके, मंजूषा मेश्राम, रानू कोल्हटकर, मीनाक्षी मून, पूर्णिमा मेश्राम और नीलम कोलहटकर ने दानदाता परिवार को साधुवाद दिया व सुखमय जीवन के लिए कामनाएं की। इस दौरान सुगत मेश्राम, डॉ अरविंद चौधरी अनिल जोग, विजय बोरकर, डॉ उदय धाबर्डे और अशोक धवले ने सम्राट अशोक द्वारा बौद्ध धम्म के प्रचार प्रसार के योगदान पर प्रकाश डाला और कहा कि सम्राट अशोक के बनाये अशोक चक्र को तथा चार सिंह के अशोक स्तंभ को बाबासाहेब ने राष्ट्रीय प्रतीक के रूप में राष्ट्रीय ध्वज तथा राष्ट्रीय मुद्रा में प्रतीक चिन्ह के रूप में अपनाया था।

आईपीएल क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक सटोरिया गिरफ्तार

मोबाइल और नकदी जब्त

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस टीम द्वारा बस स्टैंड भाटापारा में घेराबंदी कर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते हुए 01 युवक को गिरफ्तार किया गया है। युवक द्वारा दिल्ली एवं चेन्नई के मध्य क्रिकेट मैच में मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन लोगिन आईडी लेकर पैसे का दांव लगाकर क्रिकेट सट्टा खिलाया जा रहा था*। शहर पुलिस ने कुछ दिन पूर्व भी 2 युवकों के खिलाफक्रिकेट सट्टा के आरोप में कार्यवाही की थी।

उपरोक्त संबंध में पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार मोबाइल के माध्यम से आनलाईन दिल्ली एवं चेन्नई के मध्य मैच पर सट्टेबाजी करने की सूचना पर पुलिस ने घेरा बंदी करते हुए आरोपी युवक नासिर खान को बस स्टैंड भाटापारा से सट्टेबाजी करते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 नग मोबाइल एव नगदी रकम 1800 रुपए जब्त किया है।

पुलिस ने उसके विरूद्ध 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया की है। कुछ दिन पूर्व भी क्रिकेट सट्टा के नाम पर शहर के दो युवकों लक्की पंजवानी,प्रियंक गुप्ता के विरुद्ध कार्यवाही की थी।

सेवा संकल्प समिति ने निकाली शोभायात्रा

कुम्हारी/नवप्रदेश। रामनवमीं के अवसर पर सेवा संकल्प समिति कुम्हारी द्वारा रविवार को भगवान श्रीराम जी की भव्य शोभायात्रा निकली गई। बड़ी संख्या में नगरवासी सहित नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा ने हाथों में भगवा ध्वज लिए शोभायात्रा की अगवाई की। शोभायात्रा बाजार चौक से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए निर्धारित स्थान पर पहुंची जहां समिति के सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम की भव्य झांकी निकाली गई यात्रा में लोक नृत्य राऊत नाचा के अलावा मां काली सहित मां दुर्गा के नौ रूपों के अलौकिक दृश्य भी दिखाई दिए। इसके अलावा शोभायात्रा में इस बार छत्तीसगढ़ी संस्कृति को शामिल कर कुछ विशेष प्रस्तुत किया गया।

शोभायात्रा में गढ़वा बाजा, राऊत नाचा, राममय स्वर ध्वनि, के साथ विभिन्न प्रकार के झांकियों में श्रीराम भगवान का अलौकिक दर्शन कराया गया इसके अतिरिक्त राम भक्तों की वानर सेना, राम दरबार की झांकी के साथ जय श्रीराम के नारों से नगर गूंज उठा जगह-जगह भव्य आतिशबाजी भी की गई।

न्यूज गैलरी

मिलचाल में शोभा यात्रा और विशाल भंडारा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री मानस राम मंदिर बी एन सी मिलचाल बलदेव बाग तुलसीपुर वार्ड क्रमांक 15 द्वारा रामनवमी के भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया वार्ड वासी शहर वासी सभी उपस्थित हुए नवरात्रि के आखिरी दिन राम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया बीएनसी मिल स्थित राम मंदिर में बड़े धूमधाम से राम जन्मोत्सव मनाया गया लोगों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद प्रसादी वितरण किया गया जिसमें हिंदू संगठन एवं राजनांदगांव शहर के महापौर श्री मधुसूदन यादव जी शामिल हुए।

स्पोर्टस अथॉरिटी ऑफ इंडिया प्रशिक्षण केंद्र ने किया साइकिल रैली का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राजनांदगांव और राजनांदगांव पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में स्क्र मोहित गर्ग के निर्देशन में स्क्र राहुल देव शर्मा , स्क्र मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन से नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक , रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे । फिट इंडिया संडे सायकल रैली कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम से ऑडिटोरियम चौक, गौरव पथ, ध्यानचंद चौक होते हुए अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर समाप्त की गई जिसमें 150 सायकल के साथ पुलिस विभाग के आरक्षक, खिलाड़ी, कोच ,स्टॉफ के साथ परंपरा शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान परंपरा ग्रुप के सदस्यों ने भाग लिया।

कसडोल में जंवारा विसर्जन

कसडोल/नवप्रदेश। शीतला माता मंदिर सांग बाना जंवारा उत्सव समिति इंदिरा कालोनी कसडोल द्वारा विस्थापित जंवारा का नवरात्रि के नवम दिन रामनवमी को बड़े धूमधाम से विसर्जन किया गया। कसडोल नगर के वार्ड क्रमांक 3 स्थित शीतला माता मंदिर में विगत 15 वर्षों से अश्विन एवं चैत्र नवरात्र में आस्था की ज्योत प्रज्वलित किये जाने के साथ ही साथ जंवारा बोया जाता है उसी परंपरा को निरंतर निभाते हुए इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर स्थानीय शीतला मंदिर में जंवारा बोया गया था जिसे पूरे विधि विधान के तहत रामनवमी को शीतला माता मंदिर सांग बाना जंवारा उत्सव समिति इंदिरा कालोनी के सदस्यों द्वारा नगरवासियों के सहयोग से स्थानीय गतवा तालाब में विसर्जित किया गया।

जयघोष के साथ मना भाजपा का स्थापना दिवस

जिला कार्यालय में संगठन महामंत्री ने फहराया भाजपा का ध्वज

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपना 46वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया एकात्म परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने भारतीय जनता पार्टी के कमल निशान वाला ध्वज फहराया जिला कार्यालय में ध्वजारोहण के दौरान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष व स्थापना दिवस कार्यक्रम की संयोजक लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, संपत अग्रवाल, औद्योगिक विकास निगम अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रफुल्ल विश्वकर्मा , रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, अशोक बजाज, शताब्दी पाण्डे, अमरजीत सिंग छाबड़ा उपाध्यक्ष अकबर अली,सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्तागण की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया भारत माता सहित भाजपा के पितृपुरुष कहे जाने वाले दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन कर माल्यार्पण किया गया। भाजपा ने अपने स्थापना दिवस से लेकर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाती आई है जिसमें शहर जिला सहित सभी 20 मंडलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यकर्ताओं ने अपने अपने मंडलों में ध्वजारोहण किया साथ ही अपनी घरों पर भी भाजपा का ध्वज लगाकर उसके तस्वीर अपने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड की। साथ ही कार्यालय में नारों व जयघोष के साथ आतिशबाजी की गई मिठाइयां खिलाई गई ।

भाजपा एक संगठन के साथ-साथ एक वैचारिक आंदोलन है : साय : भाजपा स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कार्यालय एकात्म परिसर में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भाजपा एक संगठन के साथ-साथ एक वैचारिक आंदोलन है। भाजपा के लक्ष्य, कार्यपद्धति और विचार को हम अपनी अंतरात्मा में संजोकर आगे बढ़ें ताकि भाजपा के रूप में स्थापित यह वैचारिक आंदोलन को उसके लक्ष्य तक पहुँचाने का संकल्प आज हम सब लेकर आगे बढ़ें। भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा तक की राजनीतिक यात्रा के संघर्षों, बलिदानों की याद दिलाते हुए साय ने कहा कि हमारी पांच-पांच पीढ़ियां भाजपा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए खप गईं।

चाकू लहरा कर डराने वाले बदमाश को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में क्षेत्र में रामनवमीं, जवारा विर्सजन मे शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहा है।

इस सतत अभियान के तहत मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि चिखली शराब भट्ठी के पास रोड किनारे धारदार चाकु लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे भास्कर खान पिता मुजीब खान उम्र 24 साल साकिन दीनदयाल नगर चिखली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार लोहे का चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। आरोपी आदतन बदमाश है। जिसके विरूद्ध पूर्व मे अलग अलग थानों में हत्या, बलवा, आर्म्स एक्ट, मारपीट का अनेक मामले दर्ज है। क्षेत्र मे शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु गुण्डा, बदमाश, असमाजिक तत्वों पर विरूद्ध अभियान कार्यवाही लगातार जारी रहेगी ।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक उमेश बघेल, सउनि इब्राहिम खान, प्र.आर. समारू राम सर्पा, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 मिर्जा असलम बेग, सिन्धु सिन्हा, गोपाल पैकरा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

कार्यकर्ताओं ने पार्टी के सिद्धांतों के प्रति दोहराई अपनी निष्ठा

नगरी/नवप्रदेश। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस सिहावा विधानसभा अंतर्गत भाजपा मंडल कुकरेल के पोलिंग बूथ बागरूमनाला मेमनया में उत्साह पूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर गोटा सहित बिस्मबर यादव, संतराम मंडावी, सुकलाल नेताम, राम मंडावी, रमेश गोटा, देवेंद्र पोटाई, आशीष चौहान, सुंदर सिंह गोटा, नीरज पोटाई, भानु गोटा, अमित गोटा, मनहरण गोटा, करन गोटा, नवीन गोटा और विजय नेताम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्थानीय कार्यकर्ताओं ने इस दिन को संगठन की दृढ़ता और सेवा भाव के प्रतीक के रूप में मनाते हुए, पार्टी के सिद्धांतों के प्रति अपनी निष्ठा दोहराई।

भाजपा कार्यकर्ताओं की भावनाओं का करती है सम्मान

भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता आधारित दल है – शिवरतन शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। भाजपा कार्यालय में रविवार सुबह पार्टी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी का ध्वजारोहण किया गया और कार्यकर्ताओं को मिठाई बांटी गई। एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी गईं।

उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी की स्थापना 06 अप्रैल 1980 को हुई थी। हालांकि,1951 में जब जनसंघ की स्थापना हुई, तब से ही हमारा दल लगातार आगे बढ़ रहा है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की अंत्योदय एवं राष्ट्र निर्माण की भावना से कार्य करने वाली विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर मैं उन सभी महान विभूतियों को सादर नमन करता हूँ जिनकी निःस्वार्थ सेवा, अमूल्य त्याग, कठोर परिश्रम और समर्पण से पार्टी आज इस शिखर पर पहुंची।

साथ ही इस सुअवसर पर भाजपा के समस्त कर्मठशील, ऊर्जावान एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को भाजपा के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, सुनील यदु, महाबल बघेल, मनिंदर गुम्बर, दिलीप छाबड़िया ओम प्रकाश रात्रे, श्रेणीक गोलछा, हारून, नंदू वैष्णव, उमशंकर वर्मा, राजेश साहू,कुंजराम कोशले, सतीश साहू, कीर्तन जायसवाल, बंटी टंडन, शुभम राजपूत, प्रकाश ठाकुर, लड्डू सोनी, दिलीप चक्रधारी, मनीष मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

पारवानी ने सवन्नी को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। भूपेंद्र सवन्नी जी को छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेड़ा) के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर श्री अमर पारवानी जी ने उनसे मुलाकात कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड, भारत सरकार के सदस्य एवं देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री भूपेंद्र सवन्नी जी से मुलाकात कर उन्हे छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेड़ा) के अध्यक्ष के रुप में पदभार ग्रहण करने पर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

पारवानी ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की ड्रीम प्रोजेक्ट पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के मार्गदर्शन एवं आपके कुशल नेतृत्व में घर-घर पहुंचेगा, जिससे जीरो बिजली बिल का स्वप्न साकार होगा। आपके कुशल नेतृत्व में क्रेड़ा विभाग विकास और विश्वास का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा। उन्होनें आगे कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में क्रेडा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बचपन में मिला श्राप युवावस्था में साबित हुआ वरदान : परितोष

रायपुर/नवप्रदेश। रामायण में, नल और नील नाम के दो वानर सेनापति थे, जिन्हें बचपन में उनकी उद्दंडता की वजह से ऋषि- मुनियों से श्राप मिला था कि वे जो भी वस्तु पानी में फेंकेंगे, वह तैरेगी डूबेगी नहीं। नल- नील को मिला यह श्राप उस समय वरदान सिद्ध हुआ, जब वे प्रभु राम की वानर सेना के सहयोग से समुद्र पर रामसेतु (पुल) के निर्माण कर रहे थे। इससे हमें इस बात की सीख मिलती है कि बचपन में अगर हमें अपने गुरुजनों, परिजनों की ओर से हमारी शरारत पर दंड मिला हो, तो उसे दंड नहीं जीवन की सीख माने। उनकी बताई सीख न जाने कब विकट परिस्थितियों में हमारे काम आ जाए।

उत्ताशय के विचार महाराष्ट्र मंडल में आध्यात्मिक समिति की ओर से आयोजित रामायण के पात्रों पर चर्चा के दौरान नल-नील पर बोलते हुए परितोष डोनगांवकर ने कही। रामनवमी महोत्सव के छठवें दिन अर्चना भाकरे ने जाम्बवंत पर, सुचिता देशमुख ने 'छत्तीसगढ़ की लोक कथाओं में रामायण' पर, मंजरी बक्षी ने वीर हनुमान पर व अर्चना धर्माधिकारी ने देवी अहिल्या के चरित्र पर विचार रखे।

छत्तीसगढ़ के लोक गीतों व लोक कथाओं में रचे बसे हैं रामः शुचिता : शुचिता देशमुख ने कहा कि वनवास काल में श्रीराम सबसे ज्यादा समय दंडकारण्य यानी छत्तीसगढ़ में बिताया। इस दौरान उन्होंने जो सबसे बड़ा काम किया, वह था उनका समभाव। उन्होंने वनवासियों और लोकजन से आत्मीयता के साथ भेंट की और उनका वरण किया। वे वनवासियों के बीच पहुंचे, तो उन्हें लगा राम को वनवास नहीं, हमें एक नया राजा मिला है।

प्रथम पेज का शेष

पीएम मोदी ने रामेश्वरम और...

तीर्थयात्रियों के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करता था।

अब, उन्नत तकनीक के साथ नया पंबन ब्रिज अधिक सुविधा और समृद्ध आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करेगा। पांच सौ पचास करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित, यह भारत का पहला वर्टिकल सी-लिफ्ट ब्रिज है। दो दशमलव किलोमीटर तक फैले इस पुल में 99 स्पैन और 72.5 मीटर लंबा वर्टिकल लिफ्ट स्पैन है, जिसे 17 मीटर तक उठाया जा सकता है, जिससे बड़े जहाजों का सुगम मार्ग सुनिश्चित होता है, जबकि निर्बाध ट्रेन संचालन सुनिश्चित होता है। पुल में स्टेनलेस स्टील सुदृढीकरण, उच्च श्रेणी का पेंट और पूरी तरह से वेल्डेड जोड़ हैं, जो रखरखाव की आवश्यकताओं को कम करते हुए स्थायित्व को बढ़ाते हैं। इसकी नींव 333 पाइल और 101 पियर्स/पाइल कैप द्वारा समर्थित है, जिसे दोहरी रेल पटरियों और भविष्य के विस्तार के लिए डिज़ाइन किया गया है। पॉलीसिलोक्सेन पेंट का उपयोग इसे जंग से बचाता है, जिससे कठोर समुद्री वातावरण में दीर्घायु सुनिश्चित होती है। यह पुल परंपरा और प्रौद्योगिकी का एक उल्लेखनीय मिश्रण है। नए पंबन ब्रिज के उद्घाटन के हिस्से के रूप में प्रधानमंत्री ने रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस को भी हरी झंडी दिखाई, जिससे पवित्र शहर रामेश्वरम और चेन्नई के तांबरम के बीच रेल संपर्क बढ़ेगा।

रामेश्वरम-तांबरम एक्सप्रेस रामेश्वरम, रामनाथपुरम, परमकुडी, मानामदुरै, शिवगंगा, कराईकुडी, अरनथांगी, पट्टुकोट्टई, थिरुथुराईपूंडी, तिरुवरूर, मयिलादुथुरई, चिदंबरम, तिरुप्पादिरिपुलियूर, विल्लुपुरम, चेंगलपट्टू और तांबरम जैसे तमिलनाडु के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ेगी। यह मार्ग दक्षिणी और उत्तरी तमिलनाडु के बीच पहुंच को बढ़ाता है, जिससे तीर्थयात्री, पर्यटक और दैनिक यात्रियों की जरूरतों को पूरा किया जा सके।

नए पंबन ब्रिज के अलावा, प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कई परिवर्तनकारी सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया, जिसमें राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-40 के वालाजाहपेट/रानीपेट-तमिलनाडु/आंध्र प्रदेश सीमा खंड के 04 लेन के निर्माण की आधारशिला रखी गई और राष्ट्र को समर्पित सड़क परियोजनाएं शामिल हैं। इनमें एनएच-332 के 4 लेन वाले विलुप्पुरम-पुडुचेरी खंड, एनएच-32 के 04 लेन वाले पूंडियनकुप्पम-सत्तनाथपुरम खंड, एनएच-36 के 04 लेन वाले चोलापुरम-तंजावुर खंड शामिल हैं। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) द्वारा क्रियान्वित ये सड़क परियोजनाएं तमिलनाडु की आर्थिक और ढांचागत उन्नति में महत्वपूर्ण योगदान देंगी, जिससे बेहतर कनेक्टिविटी, पर्यटन और क्षेत्रीय विकास को बढ़ावा मिलेगा।

नया पुल सौ साल ...

(सीआरएस) की मंजूरी मिल गई थी। उन्होंने कहा, नया पंबन ब्रिज संचालन के लिए 100 प्रतिशत तैयार है। उन्होंने कहा कि पुराने पुल की तरह, नया पुल भी 100 साल तक टिकेगा और इस पर 75 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से ट्रेनें चलाने की अनुमति दी गई है।

बाद में, समय-समय पर निरीक्षण किए गए और श्री मोदी की यात्रा से पहले पिछले कुछ दिनों तक ट्रायल रन भी किया गया। नया पंबन ब्रिज 2,078 मीटर (2.08 किमी) लंबा वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज है। यह तमिलनाडु के रामेश्वरम में मौजूदा पुराने पंबन ब्रिज के समानांतर बनाया गया है। यह संरचना भारत का पहला वर्टिकल लिफ्ट सी ब्रिज है। नए पुल में समुद्र के पार 100 स्पैन हैं, जिनमें से 99 18.3 मीटर लंबाई के हैं और जिनमें से एक (मुख्य स्पैन) 72.5 मीटर है। अधिकारियों ने कहा कि नया पुल मौजूदा पुल से तीन मीटर ऊंचा है। भविष्य में दोहरीकरण को समायोजित करने के लिए दो पटरियों के लिए सबस्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है और सिंगल लाइन के लिए सुपरस्ट्रक्चर प्रदान किया जा रहा है। दक्षिणी रेलवे ने यह काम रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के साथ समन्वय में किया है।

इसका उद्देश्य नेविगेशनल लिफ्ट स्पैन के साथ एक नया पंबन पुल बनाना है। यह तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले में स्थित है और नया पंबन पुल रामेश्वरम द्वीप को मुख्य भूमि से जोड़ेगा। पंबन पुल के पुनर्निर्माण को 20 फरवरी, 2019 को अनुदान 2018-19 के लिए अनुपूरक मांगों के तहत मंजूरी दी गई थी। स्वीकृत लागत 280 करोड़ रुपये और वास्तविक लागत 580 करोड़ रुपये है।

आधुनिक तकनीक ...

श्री रामनाथस्वामी मंदिर स्थित था, और इस क्षेत्र में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलता है। नया पुल रामेश्वरम द्वीप और मुख्य भूमि और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल संपर्क को बहाल करता है, जो एक सदी पुराने पुल की जगह लेता है। अधिकारियों ने कहा कि यह पुष्टि की गई है कि पुल का निर्माण अत्याधुनिक डिजाइन और सर्वोत्तम निर्माण प्रथाओं के साथ किया गया है और रेलवे सुरक्षा आयुक्त द्वारा संचालन के लिए मंजूरी दी गई है।

2026 मार्च से पहले ही छत्तीसगढ़ ..

स्केटर्ड नहीं होने देना है। उन्होंने कहा कि एक राज्य से दूसरे राज्य में भाग रहे नक्सलियों को पकड़ने के लिए राज्य पुलिस और केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियाँ में समन्वय और बेहतर होना चाहिए।

अमित शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विकास और सुरक्षा दोनों ही मोर्चों पर प्रगति संतोषजनक हुई है। उन्होंने छत्तीसगढ़ प्रशासन से नक्सल प्रभावित इलाकों में सरकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाने के लिए बनाई गई 'नियद नेल्लानार' को सुरक्षा बलों के शिविरों के 5 किलोमीटर के दायरे से बढ़ाकर 10 किलोमीटर करने को कहा। श्री शाह ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की जनता को विकास के समान अवसर मिले। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नक्सल विरोधी अभियान का मोमेंटम किसी भी सूरत में कम नहीं होना चाहिए।

नवीकरणीय ऊर्जा से ...

और नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौर ऊर्जा से जुड़ी अनेक योजनाएं संचालित है और इसके प्रभावी क्रियान्वयन से प्रदेश के आमजनों और किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है। साथ ही नक्सल प्रभावित इलाकों में भी नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से बिजली पहुंचाने का काम पूरा हो रहा है और सुदूर अंचल के गांव इससे रोशन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से संचालित ई रिक्शा का आज लोकार्पण किया गया है और इस पहल से ई रिक्शा का संचालन किफायती हो जाएगा और ई रिक्शा चालकों के आय में वृद्धि होगी। साय ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश में हॉफ बिजली नहीं बल्कि मुफ्त बिजली मिले और इस दिशा में सरकार प्रयासरत है। उन्होंने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली को केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बताया और कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक गरीब परिवारों को इससे लाभान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा भी सब्सिडी दिए जाने का प्रावधान बजट में किया गया है। मुख्यमंत्री ने ऊर्जा के क्षेत्र में 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त होने की जानकारी दी ।

कार्यालय, नगर पालिक निगम,रायपुर (जोन क्र.8)

मोहबा बाजार, रायपुर

Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./...../न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025

ईश्तहार

नामांतरण प्र.क्र.19605 दिनांक 05.04.2025

वार्ड का नाम- 2- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-2 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आईडी RPR802F00353 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती RATIKANT BANERJEE पिता/पति श्री/श्रीमती LT. TARAPAD BEANERJEE के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती SUMALATHA RACHAPELLY पिता / पति श्री/श्रीमती SHIRAM RACHAPELLY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा , रजिस्ट्री विलेख के अनुसार पंजीकृत विक्रय विलेख वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे।

श्री आदित्य कुमार हालदार
जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

निपनिया रेलवे स्टेशन पर घायल अज्ञात युवक की मौत

भाटापारा/नवप्रदेश। निपनिया रेलवे स्टेशन में मिले अज्ञात घायल व्यक्ति की भाटापारा अस्पताल पहुंचने पर मौत हो गई। मृतक के पास से पहचान का कोई आधार नहीं मिलने पर स्थानीय जी आर पी चौकी में मर्ग कायम कर आसपास के थानों को सूचित कर पतासाजी कर रही है। उपरोक्त संबंध में प्राप्त जानकारी अनुसार रविवार को रेलवे स्टेशन निपनिया में एक अज्ञात पुरूष उम्र लगभग 30 - 35 वर्ष के घायल होने की सूचना पर उसे मुम्बई मेल से इलाज हेतु भाटापारा लेकर आये। जिसे 108 एम्बुलेंस के सहयोग से शासकीय अस्पताल भाटापारा में भर्ती किया गया। जहां डॉ. द्वारा चेकअप करने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। जीआरपी चौकी भाटापारा में मर्ग पंचनामा कर जांच कार्यवाही में लिया गया। अज्ञात मृतक पुरुष के वारिसान पता तलाश किया जा रहा है।

व्रतबंध संस्कार और वार्षिक सम्मेलन आज, कवर्धा में निकलेगी भव्य बटुकों की शोभायात्रा

आज कवर्धा बनेगा सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का केंद्र, समाज के लोग भारी संख्या में जुटेंगे

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा में आज आयोजित होने वाले व्रतबंध संस्कार एवं वार्षिक सम्मेलन को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने के लिए विप्र समाज के सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। आयोजन की तैयारियों ने अब पूर्ण गति पकड़ ली है।कार्यक्रम की शुरुआत 6 अप्रैल को चैत्र शुक्ल नवमी, रविवार को दोपहर 3 बजे से आरंभ हुआ, जिसमें मंडप आच्छादन, वास्तुपूजन, हरिद्रालेपन, शिक्षा दीक्षा और मातृका पूजन जैसे शुभ संस्कार नए विप्र भवन में संपन्न हुए। इसके पश्चात आज 7 अप्रैल, सोमवार को चैत्र शुक्ल दशमी को प्रातः 8 बजे से व्रतबंध (जनेऊ) संस्कार सम्पन्न किया जाएगा।

इस अवसर पर कवर्धा की पावन भूमि पर पूज्य दंडी स्वामी श्री मज्ज्योतिरानंद सरस्वती (सपाध लक्षेश्वरधाम, सलधा) का सान्निध्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, अध्यक्षता सांसद संतोष पांडेय और विशिष्ट अतिथि पंडरिया विधायक भावना बोहरा की विशेष उपस्थिति रहेगी।

7 अप्रैल को शाम 4 बजे मां महामाया मंदिर से एक भव्य बटुक शिक्षा शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में नवदीक्षित बाल ब्राह्मण, उनके परिजन और समाजजन शामिल होंगे। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में विप्र समाज के सैकड़ों लोग सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। समाज के अध्यक्ष बंटी मनीष तिवारी, सचिव सुरेश शर्मा, उपाध्यक्ष वेद नारायण तिवारी, उपाध्यक्ष उमंग पांडेय, कोषाध्यक्ष सिद्धु तिवारी, आयोजन समिति अध्यक्ष विनोद तिवारी, युवा अध्यक्ष डॉ. आनंद मिश्रा सहित प्रमोद शुक्ला, अश्विनी पांडेय, राजेश पांडेय, चंद्रशेखर शर्मा, संजय मिश्रा, कीर्ति दत्त तिवारी, राजेश शुक्ला, नंद कुमार शर्मा, मधु तिवारी, विजय शर्मा, प्रभाकर शुक्ला, हरिप्रसाद शुक्ला, मेदिनीशंकर शर्मा, बिसाहू प्रसाद पांडेय, श्रीकांत उपाध्याय, अशोक शर्मा , बसंत शर्मा, टी. पी. दूबे, कीर्तन शुक्ला, संतोष चौबे, बिन्नू तिवारी, संतोष शुक्ला, कमलेश द्विवेदी, उमेश पाठक, विपिन शर्मा और भावेश मिश्रा का विशेष योगदान है।

न्यूज गैलरी

मौली माता मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर विभिन्न कार्यक्रम

भटगांव/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्रि पर नगर के मौली माता मंदिर में जले आस्था के दीप हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व पर मौली माता मंदिर में भक्तों के द्वारा भाव भक्ति से सुबह-शाम माता की सेवा पूजा अर्चना कर कर रहे हैं तथा शाम होते-होते मंदिर परिसर पर माता की जस गीत का कार्यक्रम चलते रहता है जहां नगर के अन्य स्थानों से जस गीत गायको द्वारा मौली माता मंदिर में जस गीत गायन के लिए अपने वाद्य यंत्र झांझ, मंजीरा, मांदर के साथ जस गीत गया जाता है जस गीत गाने वाले को सांत्वना पुरस्कार दिया जाता है ।जिससे पूरा मोहल्ला माता की भक्ति में मैं डूबा रहता है गणेश कर्ष ने बताया कि- इस चैट चैत्र नवरात्रि पर्व पर मनोकामना ज्योति कलश 85 तेल.तथा घी ज्योति कलश 12 लोगों ने जलवाये ।

मंत्री टंकराम वर्मा मावली महोत्सव सिंगारपुर में हुए शामिल

भाटापारा/नवप्रदेश। दुर्गाष्टमी के अवसर पर माँ मावली महोत्सव सिंगारपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के मंत्री टंकराम वर्मा एवम शिवरतन शर्मा उपाध्यक्ष भा.ज.पा. शामिल हुए।इस दौरान दोनों नेताओं ने माता मावली के दर्शन कर प्रदेश में अमन चैन खुशहाली की कामना की।इस दौरान बिटकुली के वरिष्ठ कार्यकर्ता अश्वनी देवांगन,लक्ष्मीनारायण शर्मा सरपंच कोसमन्दा नारायण यदु, जनपद सदस्य प्रतिनिधि दुकालू राम ध्रुव, सरपंच बिटकुली विनोद देवांगन, उपसरपंच बिटकुली आकाशदीप, पंच बिटकुली रामशंकर ध्रुव भी साथ थे।

वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ, जल संरक्षण के प्रति जागरूक हुए ग्रामीण

साजा/नवप्रदेश। जिले के साजा ब्लाक में डब्लूडीसी-पीएमकेएसवाय 2.0/2 हरदास नाला परियोजना के अंतर्गत वाटरशेड यात्रा का शुभारंभ किया गया। इस यात्रा के दौरान माइक्रो वाटरशेड समिति सूखाताल के आश्रित ग्राम समुंदवारा एवं माइक्रो वाटरशेड समिति ओड़िया के आश्रित ग्राम बनियाडीह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और ग्रामीणों को जल संचयन के महत्व को समझाना था।

विभिन्न गतिविधियों का आयोजन : वाटरशेड यात्रा के अंतर्गत दीवार लेखन, शोभा यात्रा, अमृत सरोवर तालाब में श्रमदान, वृक्षारोपण, पानी की पाठशाला, रंगोली प्रतियोगिता, जसगीत एवं सुवा नृत्य जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही ग्राम समुंदवारा में चेक डेम निर्माण हेतु भूमिपूजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

विशेषज्ञों ने जल संरक्षण का महत्व बताया : इस अवसर पर उप संचालक कृषि सह परियोजना प्रबंधक डब्लूसीडीसी बेमेतरा मोरध्वज डड़सेना, परियोजना अधिकारी संतोष गोंड़, डब्लूडीसी के सदस्य पुरुषोत्तम ठाकुर, गणेशराम साहू, ईश्वर साहू, देवनारायण ध्रुव, देवलाल साहू कंप्यूटर ऑपरेटर, जनकू पाल डब्लूसीडीसी सहित जलग्रहण समितियों के वर्तमान एवं पूर्व अध्यक्ष, सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप संचालक मोरध्वज डड़सेना ने जल संरक्षण के महत्व और भविष्य में जल संकट की संभावनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने जल की बचत और इसके उचित उपयोग पर जोर दिया। वहीं परियोजना अधिकारी संतोष गोंड़ ने जल संकट से बचने के उपायों पर चर्चा की और ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व को समझाते हुए शपथ दिलाई।

वाटरशेड वैन के माध्यम से जल संरक्षण की जानकारी - भारत सरकार द्वारा वाटरशेड यात्रा के लिए तैयार विशेष वैन के माध्यम से प्रोजेक्टर पर जल संरक्षण से संबंधित उपायों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को जल संचयन की आधुनिक और पारंपरिक तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की।

उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित - कार्यक्रम के अंत में जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों, उत्कृष्ट किसानों और सक्रिय महिला स्व-सहायता समूहों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस यात्रा के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति ग्रामीणों में जागरूकता बढ़ी और वे जल बचाने की दिशा में सक्रिय रूप से योगदान देने के लिए प्रेरित हुए। वाटरशेड यात्रा जिले में जल संरक्षण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

छोटी मछलियों को पकड़ कर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रहा प्रशासन - अभिमन्यु उदय मिश्रा

असली संरक्षणकर्ताओं के नाम उजागर हो

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया पैनलिस्ट अभिमन्यु मिश्रा ने जारी बयान में कहा है कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ में अवैध शराब के बड़े कारोबार का भंडाफोड़ होने के बाद पुलिस द्वारा कोचियों व तस्करों की गिरफ्तारी की गई है पहले आठ और फिर तीन लोगों की गिरफ्तारी हुई है। लेकिन यह सारी छोटी मछलियां हैं जो अकेले अपने बलबूते इतने बड़े अवैध काम को अंजाम देने सक्षम नहीं हैं। जिस स्तर का कांड सामने आ रहा है। मौके पर 432 पेटी 28 लाख की शराब मिली है साथ ही बड़ी मात्रा में छत्तीसगढ़ आबकारी के हॉलमार्क व स्टीकर भी मिले हैं। और यह भी पता लगा है कि पहले भी पांच बार बड़े खेप वहां पहुंच चुके हैं, इतने बड़े।बड़े खेप शराब के कब व कैसे पहुंचे सरकारी हॉलमार्क स्टीकर इन तक कैसे पहुंचे ये सब बड़े सवाल हैं और साथ ही इससे यह भी साफहै कि यह सब प्यादे मात्र हैं। आखिर किसके संरक्षण में यह अवैध कारोबार फ्ल-फूल रहा था। इन सारे सवालों के जवाब फिलहाल पुलिस के पास नहीं हैं आजतक वाहन तक नहीं पकड़ पाई है पुलिस।

इनमें से कई सवालों के जवाब तो पकड़े गए आरोपी ही पुलिस को दे सकने में सक्षम हैं लेकिन फिर भी उनके नाम सामने न आने से संदेह उत्पन्न होता है कि पुलिस प्रशासन के ऊपर किसी तरह का दबाव है व सत्ताधारी पार्टी से संबंध रखने वाले लोग ही इन सब के पीछे के मुख्य संरक्षणकर्ता हैं जिनके नाम सामने लाने से पुलिस हिचकिचा रही है इसलिए प्रशासन केवल छोटी मछलियों को पकड़ कर अपनी पीठ थपथपाने का काम कर रहा है। किंतु असली संरक्षणकर्ता जब तक सामने नहीं आते तब तक यह सब रोका नहीं जा सकता नए कोचियों के माध्यम से फिर से वही काम वे लोग करेंगे और यह मामला भी थोड़े समय में ठंडे बस्ते में चला जाएगा जो कि जनता के साथ धोखा होगा ।

श्रीराम जनकी मंदिर में धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

नवागढ़/नवप्रदेश। नगर के मध्य स्थित ऐतिहासिक श्रीराम जनकी मंदिर में रामनवमी का पर्व इस वर्ष भी अत्यंत श्रद्धा, उल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। प्राचीन परंपराओं के अनुसार, मंदिर को रंग-बिरंगी झालरों, आकर्षक फूल-मालाओं और दीपों से सजाया गया था। प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में दर्शन और पूजन के लिए उमड़ पड़ी।

भक्ति भाव से ओतप्रोत वातावरण में मंदिर की घंटियों की मधुर ध्वनि और 'जय श्रीराम' के गगनभेदी नारों से समूचा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। मुख्य पुजारी एवं विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ विशेष पूजन और हवन सम्पन्न हुआ। दोपहर बारह बजे प्रभु श्रीराम के जन्म के शुभ मुहूर्त पर जन्माभिषेक की दिव्य प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसके पश्चात भक्तों को महाप्रसाद वितरित किया गया।

इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख महंत सुरेंद्र दास ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह मर्यादा, त्याग और धर्म के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। श्रीराम का जीवन हमें यह सिखाता है कि विपरीत परिस्थितियों में भी धर्म का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। हम सभी को श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने नगरवासियों और श्रद्धालुओं को रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सभी के कल्याण की कामना की।

मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं ने आरती, भजन और कीर्तन में सहभागिता कर अपने आराध्य प्रभु श्रीराम के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। इस शुभ अवसर पर नगरवासियों ने पूरे उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ पर्व को मनाया और भगवान श्रीराम से सुख, शांति एवं समृद्धि की प्रार्थना की।

शिक्षक शत्रुघ्न डहरिया मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण से हुए सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। आदर्श प्राथमिक शाला लाल बहादुर शास्त्री वार्ड भाटापारा के शत्रुध्न कुमार डहरिया को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण 2024 अंतर्गत उत्कृष्ट प्रधान पाठक के रूप में खेल एवं युवा कल्याण तथा राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा आयोजित कार्यक्रम ऑडिटोरियम में सम्मानित किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित श्रेष्ठ पालकत्व कैरियर मार्गदर्शन एवं समर कैंप का शुभारंभ कार्यक्रम ÷ मैं तेरे दिल का टुकड़ा ÷का आयोजन वरिष्ठ एंकर पुनीत पाठक द्वारा किया गया था,जिसमें जिले वरिष्ठ अधिकारियों सहित जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती विकासखंड शिक्षा अधिकारियों समन्वयकों गणमान्य नागरिकों एवं बच्चों की उपस्थिति में यह सम्मान प्रदान किया गया।

इस अलंकरण से स्कूल के समस्त,पालकों,बच्चों ,शिक्षकों ,मित्रों आदि में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि शत्रुहन डहरिया ने सामुदायिक सहयोग से शाला में ढाई साल में 10लाख रुपए से ज्यादा सामुदायिक सहयोग प्राप्त कर उत्कृष्ट कार्य किया है। श्री डहरिया को सम्मान मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राम जी पाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन , विकासखंड स्त्रोत समन्वयक दुर्गेश शर्मा , लेखराम साहू , संकुल प्राचार्य शैलेंद्र नामदेव , समन्वयक मुकेश देवांगन सहित शिक्षक प्रधान पाठक कल्याण संघ स्टाफइत्यादि सभी ने बधाई दी है।

ज्वारा विसर्जन में शामिल हुए विधायक रोहित साहू, मां दुर्गा से की क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना

गरियाबंद/नवप्रदेश। रविवार को चैत्र नवरात्रि के अन्तिम दिन गरियाबंद में आयोजित ज्वारा विसर्जन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू ने पूरे श्रद्धा भाव से शामिल हुए। विसर्जन यात्रा में विधायक ने सभी ग्राम देवी देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

इस दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा कि चैत्र नवरात्रि शक्ति, साधना और समर्पण का पर्व है, जो समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को मजबूत करता है। उन्होंने मां दुर्गा से सभी नागरिकों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर उनके साथ जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, पूर्व जिप सदस्य चंद्रशेखर साहू, सागर मयाणी, अजय रोहरा, आशीष साहू, सभापति खेमसिंह बघेल, सूरज सिन्हा, प्रतीक सिंह, यश मिश्रा, नमन सेन सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

ज्वारा विसर्जन यात्रा ढोल-नगाड़ों, मां दुर्गा के जयकारों और भक्ति गीतों के बीच नगर शीतला मंदिर से छिंद तालाब तक निकाली गई। श्रद्धालु पारंपरिक परिधानों में सजधज कर यात्रा में शामिल हुए। मां के भक्ति गीत से वातावरण भक्ति-मय हो उठा। इस अवसर पर समिति ने विसर्जन यात्रा एक दौरान गर्मी को देखते हुए मार्ग में ग्रीन मेट लगाई थी, साथ ही महिलाओं को गर्मी से राहत देने लगातार पानी भी डाला गया।

नवरात्रि पर्व

जिले की पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए नगरवासियों का जताया आभार

कबीरधाम में देवी के स्वरूपों की खप्पर यात्रा सिद्ध हुई ऐतिहासिक

कवर्धा/नवप्रदेश। नवरात्रि की अष्टमी तिथि शनिवार को आयोजित खप्पर यात्रा इस वर्ष शांति-गरिमा एवं पूर्ण धार्मिक अनुशासन के साथ सम्पन्न हुई। यह यात्रा देवी स्वरूपों के नगर भ्रमण की एक प्राचीन परंपरा है, जो नगरवासियों की आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रही है।

इस वर्ष की यात्रा कई मायनों में ऐतिहासिक सिद्ध हुई। जहां विगत वर्षों में यात्रा के दौरान कुछेक स्थानों पर असामाजिक गतिविधियां, हुड़दंग अथवा अव्यवस्था के मामले सामने आते थे। वहीं इस बार कहीं भी न तो कोई हुड़दंग हुआ, न ही किसी तत्व द्वारा धार्मिक मर्यादा का उल्लंघन किया गया। इस बार उन स्थानों पर भी, जो पूर्व में तथाकथित हुड़दंगियों की गतिविधियों के लिए चर्चित रहे हैं, कोई भी अव्यवस्था या अनुशासनहीनता नहीं हुई। यह देखकर प्रसन्नता होती है कि ऐसे असामजिक और हुड़दंगी तत्वों ने भी संयम और मर्यादा का पालन किया, जो कि इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाता है।

श्रद्धालुजन एवं आम नागरिकों ने पूरी यात्रा के दौरान अनुशासित व्यवहार किया, जिससे देवी स्वरूपों को कहीं भी मार्ग में कोई बाधा या विघ्न नहीं आया और वे नगरवासियों की भलाई के लिए प्रसन्नतापूर्वक अपने नियत मार्ग पर भ्रमण करती रहीं।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, पंकज पटेल के मार्गदर्शन में जिले के उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव, प्रतीक चतुर्वेदी, भूपत सिंह धानेश्री, कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थके पर्यवेक्षण में कबीरधाम पुलिस की सुनियोजित रणनीति के अनुसार जिले समस्त थाना, चौकी एवं यातायात प्रभारी के द्वारा प्रभावी रूप से अमल किया गया। रणनीति के तहत यात्रा के पूर्व ही खप्पर यात्रा मार्ग के साथ साथ पूरे शहर में फ्लैग मार्च ने प्रभावी योगदान दिया, इसके अलावा पुलिस ने पहले से ही संवेदनशील स्थलों की पहचान कर ली थी। मुख्य चौक चौराहों की और ड्रोन कैमरा के माध्यम से लगातर निगरानी की जा रही थी, आवश्यक स्थानों पर बैरिकेडिंग एवं ट्रैफिक डायवर्जन तथा पेट्रोलिंग पॉइंट्स की योजना बनाकर एक व्यापक सुरक्षा रूपरेखा तैयार की गई थी। पूरे मार्ग पर पुलिस बल की पर्याप्त तैनाती सुनिश्चित की गई थी, जिनमें थाना एवं चौकी स्टाफ, यातायात पुलिस, महिला पुलिस, रिजर्व बल के जवान एवं सादी वर्दी में पुलिस कर्मियों की तैनाती ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार फील्ड में रहकर पर्यवेक्षण और समन्वय किया गया, जिससे यात्रा मार्ग पर कहीं कोई अव्यवस्था उत्पन्न नहीं हुई।

खप्पर यात्रा के दौरान सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने जिस कर्तव्यनिष्ठा, धैर्य और सेवा-भाव से कार्य किया, वह सराहनीय है। उनकी मेहनत और सतर्कता ने यह सुनिश्चित किया कि संपूर्ण यात्रा पूर्णतः सुरक्षित, व्यवस्थित और उल्लासपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो।

इस आयोजन को सफल बनाने में पुलिस के साथ-साथ मां चंडी एवं मां परमेश्वरी मंदिर के समिति के पंडा एवं सदस्यगण, वॉलंटियर्स, विवेकानंद एकेडमी के प्रशिक्षु छात्र/छात्राएं, सभी मंदिरों के मंदिर समिति के सदस्यगण, सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों का भी भरपूर सहयोग मिला। विशेष रूप से खप्पर यात्रा मंदिर समिति द्वारा यात्रा के पूर्व किए गए समन्वय और सजगता ने आयोजन को सुव्यवस्थित बनाए रखा।

कबीरधाम पुलिस समस्त नगरवासियों, श्रद्धालुओं, स्वयंसेवकों, मंदिर समितियों और सभी सहयोगी संस्थाओं को इस शांतिपूर्ण, मर्यादित एवं ऐतिहासिक आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट करती है।

यह यात्रा आने वाले वर्षों के लिए सामाजिक सौहार्द, धार्मिक मर्यादा और जन-जागरूकता का प्रतीक बन चुकी है। जिसे बनाए रखने के लिए कबीरधाम पुलिस सदैव तत्पर रहेगी।

जिले के अंतिम छोर गांव खुदुरपनी पहुंचे कलेक्टर अबिनाश मिश्रा

नगरी/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर धमतरी अविनाश मिश्रा द्वारा ग्राम सभा खुदुरपानी मैं लोगों के साथ चर्चा में बताया कि हमारे ग्राम सभा को तीन साल पूर्व सामुदायिक संसाधन का अधिकार प्राप्त हुआ है तब से ग्राम सभा सदस्यों द्वारा अवैध कटाई अवैध शिकार अवैध रेत खनन तथा जंगल में लगने वाली आग को रोकने में सफल हुए है जिसके चलते हमारे जंगल में पिछले दो सालों में कोकून का पैदावार होने लगा हैं जिसमें प्रत्येक परिवार दस से पचास हजार रुपए तक का कोकून संग्रहण किया गया है अब ग्राम स्तर में महिला समूह द्वारा कोकून से धागा निकालने एवं माहुल पत्ता से पत्तल दोना बनाने के लिए प्रशिक्षण एवं मशीन उपलब्ध कराने की मांग किया गया।ग्राम सभा द्वारा पच्चीस एकड़ तालाब में मछली पालन का कार्य किया जा रहा है उसे गहरीकरण करने की मांग की गई इस कार्यक्रम में धमतरी जिला के कलेक्टर अविनाश मिश्रा जिला सी. ई. ओ. रोमा वास्तव डी. एफ ओ. धमतरी जाधव कृष्णन एस. डी. एम. नगरी रेशम विभाग के डायरेक्टर उईके जी तथा जिला प्रशासन से अधिकारी एवं

कर्मचारी गण तथा खोज एवं जन जागृति समिति से सरस्वती ध्रुव, बेनीपुरी गोस्वामी, नंदनी साहू तथा आस पास के ग्राम सभा के सदस्य उपस्थित रहे।

चैत्र नवरात्रि में नौ दिन में कन्याओं ने माता के नौ अलग-अलग रूप में दिए दर्शन

श्रद्धा भक्ति से मां को प्रसन्न करने नौ दिन से लगातार निद्रा आसन में रहकर अपनी नाभि पर रखा मां का जलता ज्योत

नारायणपुर/नवप्रदेश। नवरात्रि हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण उत्सव है, जिसे शक्ति की पूजा और आध्यात्मिक साधना के लिए सर्वोत्तम समय माना जाता है. यह पर्व साल में चार बार मनाया जाता है, जिनमें चैत्र नवरात्रि और

शारदीय नवरात्रि का विशेष महत्व है. चैत्र नवरात्रि देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना का पर्व है, जो हर वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से आरंभ होता है. इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च 2025 (रविवार) को हुआ और इसका समापन 6 अप्रैल 2025 (रविवार) को हुआ. इस बार नवरात्रि 9 दिन की बजाय केवल 8 दिन का ही रहा, क्योंकि तिथियों में परिवर्तन के कारण अष्टमी और नवमी एक ही दिन पड़ रही हैं.

जय माता दी चैत्र नवरात्र की आज नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री रात्रि के रूप में माता पूजी जाएगी आ ई एस कॉलोनी दुर्गा शिव मंदिर में प्रतिवर्ष चैत्र नवरात्रि एवं कुवार नवरात्रि के प्रथम दिवस से संध्या 7 बजे मंदिर प्रांगण में देवी स्वरूप कन्या के रूप में माता का आगमन होता है।

न्यूज गैलरी

गोंडवाना समाज की बैठक संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। गोंडवाना समाज युवा प्रभाग तहसील नगरी का बैठक वेदप्रकाश मंडावी की अध्यक्षता में गोंडवाना भवन नगरी में हुआ। इस दौरान 19 से 20 अप्रैल तक ग्राम भड़सिवना में होने वाले वार्षिक सम्मेलन की तैयारी को लेकर विस्तार से चर्चा सभी 19 उपक्षेत्रों अध्यक्षो से की गई।इस मौके पर गोंडवाना समाज युवा प्रभाग के संरक्षक प्रमोद कुंजाम, सचिव पोखन नेताम, उपाध्यक्ष राजेश मरकाम,रोहित कोमरे,घासीराम नेताम,गोपेश नेताम,मनीष नेताम,मुकेश मंडावी, पीताम्बर कुंजाम, उपेंद्र सलाम, परमेश्वरि ,निधि, अंजनी,उमा,निर्मला,भागवत,आत्माराम, गजेंद्र,शिवकुमार,आसकरण,दीपक,प्रेमचंद आदि समाजिक पदधिकारी शामिल थे।

अनुसुईया को मवेशियों के उचित पालन-पोषण के लिए मिला मवेशी आश्रय स्थल

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम तांवरबाहरा की अनुसुईया निर्मलकर ने अपनी मवेशियों के उचित पालन-पोषण के लिए मवेशी आश्रय निर्माण कार्य की मांग की थी। जिसे ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्ताव तैयार कर जनपद पंचायत में प्रेषित किया गया। तत्पश्चात् तकनीकी सहायक द्वारा कार्य का स्थल निरीक्षण कर प्राक्कलन तैयार किया गया, तकनीकी स्वीकृति पश्चात् उक्त कार्य की स्वीकृति के लिए जिला कार्यालय में उनके आवेदन को प्रेषित किया गया। आवेदन स्वीकृति पश्चात 75 हजार रूपये की लागत से मवेशी आश्रय निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया। अनुसुईया ने बताया कि उन्होंने अपने निजी भूमि पर मवेशी आश्रय निर्माण कार्य मनरेगा अंतर्गत कराया। जिससे उन्हें उक्त कार्य में मजदूरी के साथ-साथ अपने पालतू मवेशियों के उचित प्रबंधन एवं रख-रखाव की सुविधा लाभ ले रही है।उन्होंने बताया कि पूर्व में उनके पास स्वयं की निजी भूमि पर कच्ची मिट्टी से खपरैल का पशु बांधन का जगह था। बरसात के दिनों में मवेशियों के रख-रखाव में असुविधा होती थी। मवेशी आश्रय निर्माण के पश्चात् अपने मवेशियों के रख-रखाव में एवं उचित प्रबंधन में सुविधा हो रही है और आज दुग्ध उत्पादन कर रही है, जिससे उन्हें सालाना 30 हजार रूपये आय अर्जित कर रही है। इस पर उन्होंने शासन को धन्यवाद ज्ञापित करती है।

जरही माता मंदिर में आयोजित हवन में शामिल हुई अंगिरा ध्रुव

धमतरी/नवप्रदेश। जरही माता मंदिर अष्टमी हवन पुजन कार्यक्रम में शामिल अतिथिगण मुख्यअतिथि श्रीमती अंगीरा ध्रुव जनपद अध्यक्ष अध्यक्षता श्री दिलिप कुमार सेन जनपद सदस्य विशिष्ट अतिथि श्री उदय राम साहू सरपंच सांकरा,श्री तुलसी राम साहू उप सरपंच श्रीमती पुर्णिमा बनपेला पूर्व जनपद सदस्य श्रीमती केकती साहू मनमोहन तेलासी श्री डूमन लाल साहू पंच श्री देवानंद ध्रुव पंच श्रीमती रेवती बाई पंच जरही माता समिति के अध्यक्ष श्री कपिल सोनवानी उपाध्याय श्री हरीराम बांधे, सह सचिव कपिल सोनबेर अंकेक्षक लीलेश्वर बनपेला सलाहकार श्यामसुंदर साहू लिपचंद बनपेला अनिल ध्रुव कार्यकारणी सदस्य नीलकंठ बनपेला डमरू प्रसाद राजकिशोर सहदेव कुर्रे कामता बंजारे कुम्भकर्ण साहू नरेन्द्र गंगेले बाजे राम एंव ग्राम सांकरा भोथली पिपरछेडी बोडरा के ग्राम वासी बहुत से संख्या में माता के भक्त जन उपस्थित थे।

आवेदन को समाधान पेटी में जमा करने की होगी सुविधा-कलेक्टर

सुशासन तिहार के पहले चरण का शुभारंभ कल से, कलेक्टर ने ली अफसरों की बैठक

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य में सुशासन तिहार -2025 के आयोजन का ऐलान किया है, जो शासन की पारदर्शिता, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को सुनिश्चित करेगा। इस संबंध में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकाय के सीएमओ की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि यह आयोजन प्रशासन और जनता के बीच सीधे संवाद का एक अहम मंच बनेगा, जिससे विकास कार्यों में गति और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंच सकेगा। इस तिहार के माध्यम से हम जनता की समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से करेंगे और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे। इसके लिए अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें प्रशिक्षण दे। साथ ही शिविर के लिए प्रभारी नियुक्त करें। सुशासन तिहार के बारे में अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार, मुनादी कराये। आवेदकों से अलग-अलग विषय से संबंधित अलग-अलग आवेदन प्राप्त करें। प्रत्येक दिन के प्राप्त आवेदनों को उसी दिन एन्ट्री कराये। इसके लिए दो पालियों में कम्प्यूटर ऑपरेटरों की ड्यूटी लगाये। जनपद कार्यालय में पर्याप्त मात्रा में कम्प्यूटर का सेटअप रखे। आवेदनों के निराकरण में किसी

प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, प्रकाश राजपूत, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकाय के सीएमओ सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सुशासन तिहार-2025 की प्रमुख विशेषताएं: कलेक्टर अग्रवाल ने बताया कि सुशासन तिहार-2025 का पहला चरण 08 से 11 अप्रैल 2025 तक होगा, जिसमें आम जनता से उनकी समस्याओं के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। यह आवेदन ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त होंगे। ऑनलाइन आवेदन की भी व्यवस्था की जाएगी और आवेदनकर्ताओं को पावती दी जाएगी। आवेदन प्राप्त होने के बाद, संबंधित अधिकारियों द्वारा इन्हें एक माह के भीतर निराकृत किया जाएगा।

अधिकारियों को समय सीमा के भीतर इनका समाधान सुनिश्चित करना होगा।समाधान शिविर-समाधान शिविरों का आयोजन 05 मई से 31 मई 2025 तक किया जाएगा। इन शिविरों में आवेदकों को उनके आवेदनों की स्थिति के बारे में जानकारी दी जाएगी और जहां संभव होगा, वहीं समस्याओं का तत्काल समाधान किया जाएगा। इस तिहार में सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।विकास कार्य का निरीक्षण-मुख्यमंत्री और राज्य के अधिकारी जिले में चल रहे विकास कार्यों का औचक निरीक्षण भी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही तरीके से हो रहा है ।

रामनवमीं व अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टीम का गठन

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देशानुसार रामनवमीं एवं अक्षय तृतीया के विशेष अवसर पर बाल विवाह रोकथाम हेतु जिला स्तरीय विशेष टीम का गठन किया गया है। 06 अप्रैल को रामनवमी तथा 30 अप्रैल 2025 को अक्षय तृतीया का पर्व है, इस दिन गांवो एवं शहरो में काफी संख्या में विवाह होते हैं। इन दिनों बाल विवाह भी किए जा सकते हैं, जो कानूनन अपराध है। बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह के मार्गदर्शन व जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी के निगरानी में जिला स्तरीय एवं पांचों विकासखण्डों के लिए नोडल नियुक्त किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह की पूर्णतः रोकथाम हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति का गठन किया गया है। जिसमें जिला चिकित्सा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, सहायक श्रमायुक्त, जिला बाल संरक्षण अधिकारी बाल संरक्षण इकाई, सामाजिक कार्यकर्ता, सहायक / नोडल अधिकारी प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई व जिला बाल संरक्षण अधिकारी शामिल है। इसी प्रकार अनुभाग स्तर में अध्यक्ष अनुभागीय राजस्व अधिकारी, सदस्य सचिव सर्व बाल परियोजना अधिकारी, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार, खण्ड व चिकित्सा अधिकारी एवं पंचायत स्तरीय में अध्यक्ष सरपंच, सचिव पंचायत सचिव, सदस्य स्कूल प्राचार्य, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एएनएम, मितानीन, महिला स्वसहायता समूह के कार्यकर्ता, कोटवार, गणमान्य नागरिक और 01-01 छात्र-छात्रा का समिति में होंगे।

जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह के रोकथाम के लिए जिला प्रशासन समस्त प्रिंटिंग प्रेस, गायत्री परिवार, विवाह कराने वाले पुरोहित, समस्त टेन्ट हाउस मालिक, समस्त डी.जे., बैण्ड बाजा मालिक, समस्त नाई एवं समस्त आर्य समाज प्रमुख से अपील की है कि विवाह मे अपनी सहभागिता देने से पहले बालिका एवं बालक की आयु संबंधित दस्तावेज जैसे अंकसूची, दाखिल खारिज, जन्म प्रमाण पत्र इत्यादि से आयु की पुष्टि अवश्य करें। निर्धारित आयु पूर्ण होने पर ही विवाह कार्यक्रम में अपना योगदान देना सुनिश्चित करेंगे। विवाह के लिये बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार वधु की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। निर्धारित आयु से कम आयु में महिला, पुरूष का विवाह करने या करवाने की स्थिति में सम्मिलित व सहयोगी सभी लोग अपराध की श्रेणी में आएंगे।

भाजपा का स्थापना दिवस : सांसद और विधायक ने जनता के साथ मनाया सेवा पखवाड़ा

अंतागढ़/नवप्रदेश। 6 अप्रैल को विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। वहीं आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग तथा अंतागढ़ विधायक विक्रम उसेंडी और पार्टी के कार्यकर्ता अंतागढ़ के हृदय स्थल कहे जाने वाला गोल्डन चौक में साफसफाई की गई। उसके पश्चात वन विभाग विश्राम गृह में स्थापना दिवस मनाया गया सबसे पहले भारत माता डॉ श्यामप्रसाद मुखर्जी और अंतागढ़ के पितृ पुरुष कहे जाने वाले स्व पीताम्बर सिंह ठाकुर व स्व दुकलु राम पटेल के छायाचित्र पर तिलक वंदन किया गया। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में सांसद विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जिसकी शुरुआत जनसंघ से हुई और फिर भारतीय जनता पार्टी कि स्थापना 6 अप्रैल 1980 में हुई थी आज वह विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है। भारतीय जनता पार्टी का मुख्य उद्देश्य है एक सशक्त

समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण करना और विश्व पटल पर एक विश्व गुरु की तरह उसे स्थापित करना द्य पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष पर पार्टी के पितृपुरुष श्यामाप्रसाद मुखर्जी एवं दीनदयाल उपाध्याय जी को पुनः स्मरण किया गया एवं यह संकल्प लिया गया कि भारत को विश्व में एक शक्तिशाली देश के रूप में स्थापित करना है द्यइस अवसर पर सांसद भोजराज नाग विधायक विक्रम उसेंडी, रामविलास गुप्ता,महेंद्र ठाकुर,नगर पंचायत अध्यक्ष राधे लाल नाग उपाध्यक्ष अमल नरवास जनपद पंचायत अध्यक्ष मनोरमा मंडावी उपाध्यक्ष कुबल भूसाखरे मंडल अध्यक्ष महेश उईके,लक्ष्मण ठाकुर,सतीश ठाकुर सहित आदि।

मां महामाई मंदिर फरसियां में अष्टमी पर पूर्णाहुति एवं नौ कन्या भोज

नगरी/नवप्रदेश। मां महामाई मंदिर फरसियां में जहां पर पतित पावनी पापमोचनी चित्रोतपला गंगा महानदी का उद्गम स्थल एवं महानंद बाबा की तपोस्थली है,मां महामायां स्वयं आदिकाल से अटूट शक्तियों से लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण करती आ रही है। समिति के अध्यक्ष जवाहरलाल ध्रुव,उपाध्यक्ष गजानंद कश्यप टेंगना, हरचंद साहू अमली, दीनदयाल ग्वाले भोथली,महासचिव नीरज कुमार सोन, सचिव राधेश्याम ध्रुव मटियाबाहरा,कोषाध्यक्ष प्रयाग बिसेन भैंसासांकरा,ऑडिटर माधुरी कश्यप,सोमनाथ सोम ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि इस वर्ष भी पावन धाम मां महामायां मंदिर फरसियां (16 पाली) में चैत्र बासंतीय नवरात्रि पर्व दिनांक 30 मार्च 2025 दिन रविवार से, दिनांक 6 अप्रैल 2025 दिन रविवार तक आयोजित है! जिसमें मनोकामना ज्योति प्रज्वलित किया गया है।

दिनांक 30 मार्च 2025 दिन रविवार को ज्योति कलश स्थापना,दिनांक 02अप्रेल 2025 दिन बुधवार को पंचमी पूजन एवं श्रृंगार,दिनांक 5.अप्रेल 2025 दिन शनिवार को अष्टमी पूर्णाहुति एवं नौ कन्या भोज,व दिनांक 6 अप्रैल 2025 दिन रविवार को कलश विसर्जन एवं विदाई होगी। समिति के गजानंद सोन ने बताया कि प्रत्येक दिवस ग्राम फरसियां के प्रत्येक मोहल्ले से व 16 पाली के समस्त ग्रामों से तय कार्यक्रमानुसार माता सेवा, जस गीत हेतु,सेवा मंडली अपनी उपस्थिति प्रदान करते हैं।मां महामायां की महिमा से प्रेरित होकर दूर-दूर से हजारों श्रद्धालु सहपरिवार दर्शन करने हेतु पहुंचते हैं,व अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। महामाई युवा सेवा समिति 16 पाली फरसियां के रेखा राम साहू अध्यक्ष ताराचंद साहू,उपाध्यक्ष अरुण प्रजापति, सचिन चेतन नाग,सहसचिव प्रमोद कुमार,टिकेश्वर यादव, तिहारू राम,भगवान बिसेन, महेंद्र साहू,राहुल सिंह,खगेश बकरियां,दीपांशु दीवान,मंडलेश्वर यादव,सोमेश्वर,सुमन मरकाम सुमन पटेल,बिरजू राम ने बताया की नवरात्रि पर्व समापन पर है जिसमें प्रतिदिन पूजन कार्य हेतु पंडित नीलकमल शर्मा जी महाकालेश्वर धाम छिपली व मंदिर के पुजारी कन्हाई राम ध्रुव,कमलेश ध्रुव,दुष्यंत शांडिल्य फरसियां के द्वारा किया जाता है। नवरात्रि पर्व में श्रद्धालु जनों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ठंडे पानी व अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है। नवरात्रि पर्व संचालन हेतु विभिन्न समितियों का निर्माण किया गया है, जिसमें पूजा समिति में पुनीत राम चिंडा, जोहंन राम नेताम, खेम सिंह चनाप,राजेंद्र तारम, हीरालाल ध्रुव, व केशनाथ पुजारी,अभिनंदन कर्ताओं में घनश्याम पटेल, नारायण सिंह, सोनू राम मरकाम,घनश्याम ध्रुव, ज्योति कलश सुरक्षा में लोकेश,नारद, छविराम,शैलेंद्र, रोहित,चुन्नू लाल,राजेश नेताम व टिकेश कुमार।सामग्री प्रभारी में रामगुलाल बिसेन,दीनदयाल ग्वाले,मन्नू लाल यादव, हुलास व भीम सिंह गजेंद्र।भोजनालय व्यवस्था में कृष्ण कुमार साहू, खेदुराम साहू,दीपचंद साहू, कोमल ध्रुव, अजीत सिन्हा ,लाइट एवं माईक व्यवस्था में गोपाल राम ध्रुव।क्रय समिति में समिति के समस्त पदाधिकारी होंगे।

चैत्र नवरात्र... पूर्व विधायक रंजना साहू ने वनांचल में विराजमान लोह्लर दाई मंदिर में की पूजन-अर्चना

देवी की आराधना से जीवन में शांति व समृद्धि में होती है अपार वृद्धि : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। चैत्र नवरात्र महाष्टमी के पावन दिवस में धमतरी वनांचल क्षेत्र ग्राम बरारी में विराजमान देवी माता लोह्लर दाई मंदिर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए एवं समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली की मंगल कामना किए।

मंदिर समितियों एवं उपस्थित क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर नवरात्र के पावन पर्व की बधाई देते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने कहा कि नवरात्रि के पावन पर्व पर

माता भवानी की आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में शांति सुख समृद्धि के साथ मानसिक शारीरिक और आध्यात्मिक लाभ की प्राप्ति होती है, सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। जिससे हमारा मनोबल बढ़ता है, इस पावन पर्व पर पूजा-अर्चना और साधना के द्वारा व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते है, यह कर्मो के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण और दिशा को उत्पन्न करता है।

साहू ने आगे कहा कि हमारे यहां क्षेत्र धर्म की धरा है जहां वनांचल में विराजमान लोह्लर दाई का आशीर्वाद क्षेत्र वासियों को मिल रहा है, माता की कृपा से श्रद्धालु भक्तजनों द्वारा आस्था से दीप प्रज्वलित की गई है, उनकी कृपा दृष्टि सदैव सभी जनमानस को मिले और सबके जीवन में खुशहाली हो यही मां लोह्लर दाई से कामना है।

इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में जनपद सदस्य अनीता यादव, समिति के अध्यक्ष दिलीप देवांगन, उपाध्यक्ष धनुश साहू, गैंदलाल, डुमन लाल देवांगन, महेश यादव, सोहन लाल यादव, महेत्तरू साहू, नंदकुमार ध्रुव कैलाश ध्रुव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तजन उपस्थितरहे।उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया गया है।

9 अप्रैल से कनकबीरा से पुन: शुरू होगा जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के बाद जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों और मांगों के त्वरित निराकरण हेतु सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रशासन द्वारा पुनः जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर आगामी बुधवार, 9 अप्रैल से कनकबीरा से आरंभ होगा।

प्रशासन के अनुसार, शिविर प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होकर शाम 5 बजे तक चलेगा, जिसमें जिला एवं ब्लॉक स्तरीय सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर समस्याओं का समाधान तत्काल शिविर स्थल पर ही किया जाएगा।शिविर की प्रस्तावित तिथियां एवं स्थानः 9 अप्रैल - डभरा (भंवरपुर), ब्लॉकः बरमकेला, 17 अप्रैल - कनकबीरा, ब्लॉकः सारंगढ़, 8 मई - तेंदुदरहा, ब्लॉकः बिलाईगढ़, 22 मई - बोंदा, ब्लॉकः बरमकेला, 6 जून - गोडम, ब्लॉकः सारंगढ़, 25 जून - तिलाईपाली, ब्लॉकः बिलाईगढ़।

शिविर में प्राप्त किए जाएंगे आवेदनः जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व, पंचायत, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, श्रम, खाद्य, उद्योग, विद्युत, परिवहन, उद्यानिकी, मत्स्य, स्कूल शिक्षा, वन, लोक निर्माण, अभियंता, नगरीय प्रशासन समेत 25+ विभागों से संबंधित आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।मुख्य आवेदन जैसे - जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र, पीएम आवास, पेंशन, मनरेगा कार्य, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, केसीसी लोन, डिजिटल हस्ताक्षर, निःशक्तजन प्रमाण, शिक्षा अधिकार, महिला सहायता, रोजगार पंजीयन, लोन आदि पर प्रमुख रूप से कार्य किया जाएगा।

गरियाबंद में भीषण हादसा : पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल

गरियाबंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 130ष्ट पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक तेज रफ्तार कार माहुलकोट के पास पेड़ से टकरा गई। रायपुर से देवभोग की ओर जा रही यह कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक बड़े पेड़ से जा भिड़ी। इस कार हादसे में गरियाबंद जिले की दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि एक अधेड़ पुरुष और एक बच्चा मामूली चोटों के साथ बच निकले।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना जबरदस्त था कि टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और अंदर बैठे लोग बुरी तरह फंसे रह गए। मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायलों को देवभोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्टस्ष्ट) पहुंचाया गया।

डॉक्टरों ने बताया कि दोनों महिला यात्रियों की हालत चिंताजनक बनी हुई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर किया जा रहा है। हादसे का कारण वाहन की तेज रफ्तार और संभवतः ड्राइवर का संतुलन खोना बताया जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं इस दुर्घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में बही भक्ति की रसधारा

भटगांव/नवप्रदेश। नगर के रहस्य चौक में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन साहू परिवार के द्वारा रखा गया है। कथा के दौरान कथावाचक प्रेम शंकर चौबे जी महराज (करनौद वाले) ने आज की कथा प्रसंग में चार वर्णों की व्याख्या किया जिसमें उदाहरण देते हुए अपने चार उंगलियों को बताते हैं कि सभी उंगलियों एक समान नहीं होती। इस तरह ईश्वर ने हर मनुष्य को अलग-अलग कर्म करने के लिए जन्म दिया है। जहां ब्राह्मण , क्षत्रिय, वैश्य, और सुद्र इन चार वर्णों का कर्म अलग-अलग है जो शास्त्र अनुसार अपने-अपने कर्म को करने चाहिए आगे कथा प्रसंग विस्तृत वर्णन किया वही 6 अप्रैल दिन रविवार को श्रीमद्ध भागवत कथा भगवान श्री श्री कृष्ण की बाललीला, गोवर्धन पूजा तथा छप्पन भोग कथा प्रसंग चला। वहीं महाराज प्रेम शंकर चौबे जी नगर के लोगों को कथा इतना सरल सहज भाव में कहते कि कथा के श्रोता मंत्रमुग्ध होकर कथा रसपान करते हैं जिससे नगर में प्रेम शंकर चौबे जी के श्रीमुख से श्री राम कथा, श्रीमद् भागवत कथा कई बार नगर में हो चुका है इसी तरह आने वाला समय में भी हमारे क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध ख्याति प्राप्त पंडित प्रेम शंकर चौबे का श्रीमद् भागवत कथा चलता रहेगा श्रीमद् भागवत कथा को सुनने नगर तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग आकर इस भागवत कथा की गंगा में स्नान कर पुण्य की भागी बन रहे हैं। जहां कथा अजमान - गणेश्वर साहू श्रीमद् भागवत कथा का समय सुबह 9:00 से 12:00 बजे तथा दोपहर 3 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक कथा आयोजक के द्वारा भोजन भंडारा की व्यवस्था किया गया है। तो वही श्रीमद् भागवत कथा का विराम होने पर चैत्र नवरात्रि पर्व पर रहस चौक में हेमा माता विरजित जहां रत्रि भर झांज, मंजरे ,मंदार की धुन से माता की जस गीत चलते रहता है, जिससे पूरा रहस्य चौक भक्ति में बना हुआ है।

स्थापना दिवस अटल चौक कौहाबाहरा में मनाया गया

नगरी/नवप्रदेश। भाजपा मंडल कुकरेल के शक्ति केंद्र दुगली के ग्राम कौहाबाहरा के दोनों बूथों में भारतीय जनता पार्टी की 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया जिसमें कार्य क्रम सहसंयोजक जनपद सदस्य कलावती मरकाम , श्यामा चरण मंड़ावी, बूथ कार्य क्रम प्रभारी प्रेम सिंह मरकाम, बूथ अध्यक्ष भूषण लाल मरकाम, बूथ अध्यक्ष राजेश्वर नेताम, रामकुंवर मंड़ावी,आशा राम ओट्टी,भोज सोनवानी,रूपेश मरकाम, चम्मन सोरी, आदि ग्रामीण उपस्थित हुए

रामनवमीं पर प्रसाद के रूप में खीर-पुड़ी का हुआ वितरण

नगरी/नवप्रदेश। रामनवमी भगवान श्री रामचंद्र जी के जन्म उत्सव के अवसर पर वार्ड क्रमांक 3 रामनगर नगरी में राम रामेश्वरम महिला समिति के द्वारा राम जन्मोत्सव का पर्व मनाया गया जिसमें श्री भगवान रामचंद्र जी का अभिषेक कर पूजा अर्चना के बाद महाआरती एवम प्रसादी वितरण किया गया वही सुबह से लोगों का राम मंदिर में राम भगवान पूजा अर्चना करने शाम तक लोगो का आना जाना लगा रहा इस अवसर पर राम रामेश्वरम समिति के अध्यक्ष हेमलता यादव उपाध्यक्ष ,रेखा यादव कोषाध्यक्ष लखेश्वरी प्रिया यादव ,सचिव , भारती साहू सह सचिव , बसंती ध्रुव, गायत्री साहू रूपाली सेन बिंदु लता यादव एवं समिति के वरिष्ठ सलाहकार श्रीमती सीमा तिवारी जी एम नारायण विमल गुप्ता फुलेश्वरी सोम नीरा यादव एवं पार्षद श्रीमती मिकी गुप्ता लक्ष्मी गुप्ता,हरीश यादव,भोज पटेल एवं समस्त रामायण मंडली,आदि उपस्थित होकर श्री रामनवमी का पर्व पर राम मंदिर प्रांगण पर राम नाम का पाठ करते महिला छोटे-छोटे बच्चे बड़ी संख्या में दिखाई दिए

पटेल समाज ने सामाजिक भवन में मनाया रामनवमीं

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम सांकरा में आज सुबह राम नवमी पर्व पर पटेल समाज के समाजिक भवन सांकरा में समाज प्रमुख,व समाजिक बंधुओ ने श्रीराम की छायाचित्र की विधीवत पूजा अर्चना किया व सभी लोगों की खुशहाली की कामना किया इस मौके पर पटेल समाज सांकरा क्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष पुरषोत्तम पटेल, कार्यकारणी सदस्य बेदन पटेल,युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष राजू पटेल, रायसिंह पटेल,रामसाय पटेल, रमेश पटेल, बलिराम पटेल,ऋषि पटेल, गुड्डू पटेल, गंगा राम पटेल, सहित सांकरा क्षेत्र के सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं, सेवा और समर्पण है : रोहित साहू

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा ने रविवार को जिला कार्यालय में 46वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई। विधायक रोहित साहू ने जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा फहराया। इसके बाद भाजपा के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी गई। कार्यकर्ताओं ने पार्टी के इतिहास, आदर्शों और उपलब्धियों को याद किया। इस अवसर प्रमुख रूप से नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत उपाधयक्ष लालिमा ठाकुर भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है, अपने विचारों और सिद्धांतों के बल पर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा का लक्ष्य सत्ता नहीं बल्कि सेवा और समर्पण है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा एक सशक्त, समृद्ध और विकसित भारत का निर्माण का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। उन्होंने स्थापना दिवस की बधाई देते कहा यह दिन हर कार्यकर्ता के लिए गर्व का दिन है। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी का झंडा ऊंचा रखा। उनके संघर्ष और परिश्रम से भाजपा आज शिखर पर है। मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर प्रगति कर रहा है।

इसके पहले पूर्व महामंत्री मुरलीधर सिन्हा ने पार्टी के बलिदान, संघर्ष और संकल्प की कहानी सुनाई। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सोनटेके ने किया। आभार नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने जताया।

कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी बलदेव सिंह हुंदल, घनश्याम सिन्हा, अनूप भोसले, नंदा स्वामी, चंद्रशेखर साहू, फारुख चौधरी, आसिफ मेमन, प्रशान्त मानिकपुरी, नरोत्तम साहू, अजय रोहरा, सागर मयाणी, तनु साहू, बिंदु सिन्हा, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, मधु देवांगन, रिजवान मेमन, विष्णु मरकाम, खेम सिंह बघेल, सूरज सिन्हा, प्रकाश यादव, विकास रोहरा, राकेश सोनी, प्रियंका सोनी, सरला कोसरिया, प्रतीक तिवारी, आशीष साहू, वंश सिन्हा, अमित वखारिया, प्रकाश सोनी, प्रतीक सिंह, चंदन निषाद, योगेश निषाद, विनोद नेताम, जमुना गजबिए, नमन सेन, यश मिश्रा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी का 46वां स्थापना दिवस पूरे जिले में धूमधाम एवं उत्साह से मनाया गया. सुबह भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी ने प्रमुख कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा का ध्वज बांध कर स्थापना दिवस आयोजन की शुरूआत की। इस मौके पर राजेंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है. एक समय 2 सांसदों वाली पार्टी अपनी वैचारिक मजबूती के चलते आज लगातार तीसरी बार केंद्र में सरकार चला रही है। इसीलिए भाजपा अपना स्थापना दिवस बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ मना रही है. आज भाजपा का हर कार्यकर्ता , पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अपने घर में भाजपा का झंडा लहरा रहे हैं। इसके बाद बूथ स्तर पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा. आगामी 7 से 12 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान चलाया जाएगा। भाजपा के सक्रिय सदस्यों के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आने वाली 9 और 10 तारीख को होंगे। इस मौके पर

भाजपा कार्यालय में भाजपा ध्वजों और रंगोली से विशेष सजावट भी की गई है। भाजपा कार्यालय के इस गरिमामयी आयोजन में वरिष्ठ नेता रामकुमार भट्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू,स्थापना दिवस आयोजन समिति जिला संयोजक जसविंदर बग्गा, नपा अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, रूपेश जैन,पन्ना चंद्रवंशी,सुरेश दुबे, पवन जायसवाल, सतविंदर पाहुजा, राजा टाटिया, अजय ठाकुर,योगेश चंद्रवंशी, दुर्गेश अवस्थी, नवीन ठाकुर, दोनेश ठाकुर,भूपेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

वृद्धाश्रम में फल और मिष्ठान्न वितरण : इसके बाद भाजपा की टीम ने वृद्धाश्रम में जाकर वृद्ध जनों के बीच फल और मिष्ठान्न वितरण कर स्थापना दिवस की खुशियां मनाई।

मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा प्याऊ सेवा का शुभारंभ

नवागढ़/नवप्रदेश। सतपाल महाराज की प्रेरणा से संचालित मानव उत्थान सेवा समिति द्वारा देशभर में जनसेवा के उद्देश्य से विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में राजराजेश्वरी देवी के जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में समिति द्वारा ठंडे एवं मीठे जल की सेवा (प्याऊ) का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को नवागढ़ बस स्टैंड में प्याऊ सेवा का शुभारंभ भिलाई आश्रम की प्रभारी साध्वी भुवनेश्वरी बाई के कर कमलों द्वारा विधिवत रूप से किया गया। शुभारंभ अवसर पर धार्मिक वातावरण, भक्ति गीतों एवं जयकारों के साथ जनमानस को मीठा एवं ठंडा जल पिलाया गया, जिससे आने-जाने वाले यात्रियों एवं राहगीरों को गर्मी से राहत मिली।समिति के संरक्षक हनुमान प्रसाद तिवारी ने बताया कि इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य न सिर्फप्यासों को जल पिलाना है, बल्कि सेवा, करुणा एवं मानवता के संदेश को समाज में प्रसारित करना भी है। समिति द्वारा यह प्याऊ आगामी दो माह तक नियमित रूप से तहसील कार्यालय नवागढ़ के समीप संचालित किया जाएगा, जिसमें रोजाना बड़ी संख्या में लोगों को जलसेवा प्रदान की जाएगी। इस पुनीत कार्य में समिति के अनेक सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने अपनी भागीदारी निभाई। प्रमुख रूप से समिति तहसील सचिव नारायण कुमार निषाद, शाखा प्रधान उत्तम कुमार साहू, लीलाराम राजपूत, मोतीराम साहू, चमरु राम रजक, प्रहलाद राजपूत, गंगाराम राजपूत, देवचरण एवं कमलेश का विशेष योगदान रहा, जिनकी सेवा भावना व समर्पण अत्यंत सराहनीय है।

रामनवमीं पर भव्य शोभायात्रा की तैयारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रामनवमी के उपलक्ष्य में कल 7 अप्रैल सोमवार को रामनवमीं शोभा यात्रा समिति द्वारा आयोजित शोभा यात्रा की तैयारियां जोरों पर हैं। समिति की ओर से इस यात्रा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यात्रा के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। शोभा यात्रा संध्या 3:00 बजे महावीर चौक हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के सभी प्रमुख मार्गो से होकर वापस महावीर चौक हनुमान मंदिर में समाप्त होगी ।

शोभा यात्रा में छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक झलक विशेष रूप से देखने मिलेगी। आकर्षक पंथी नृत्य , आदिवासी नृत्य एवं राउत नाचा की विशेषज्ञ मंडलींयो द्वारा यात्रा के दौरान अपने नृत्य एवं सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन करते हुए शहर वासियों को रामनवमी की बधाई देते चलायमान रहेंगी ।

भाजपा का 45 वां स्थापना दिवस बागरूमनाला में धूमधाम से मना

नगरी/नवप्रदेश। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 45वां स्थापना दिवस सिहावा विधानसभा अंतर्गत भाजपा मंडल कुकरेल के पोलिंग बूथ बागरूमनाला मे मनाया में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस अवसर पर जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष नंदकिशोर गोटा सहित बिस्मबर यादव, संतराम मंडावी, सुकलाल नेताम, राम मंडावी, रमेश गोटा, देवेंद्र पोटाई, आशीष चौहान, सुंदर सिंह गोटा, नीरज पोटाई, भानु गोटा, अमित गोटा, मनहरण गोटा, करन गोटा, नवीन गोटा और विजय नेताम सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जल संरक्षण के लिए प्रशासन और ग्रामीणों ने किया श्रमदान और निकाली नीर और नारी जल यात्रा

मिशन जल रक्षा में जुड़ रहे ग्रामीण, जनभागीदारी के साथ करेंगे जल संचय

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जल संकट की स्थिति को ध्यान में रखते हुए विकासखंड छुरिया के ग्राम पंचायत मासूल में प्रशासन तथा ग्रामीणों ने श्रमदान करके जल संरक्षण हेतु प्रभावशाली कदम उठाया है। ग्राम मासूल अंतर्गत नाले पर मासूल- बुचाटोला मार्ग के नाले पर कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, ग्रामवासियों, सरपंच, पंच, स्वच्छता दीदी, हरियाली दीदी एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सामूहिक रूप से श्रमदान करके नाला में बोरी बंधान किया गया। जिससे भविष्य में वर्षा जल नाले में एकत्रित होगा व भूजल स्तर में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत मासूल - बुचाटोला जनसहयोग से नाले में बोरी बंधान कार्य करने वाला पहला पंचायत है, इसी तर्ज पर पूरे जिले में इसी तरह से नालों में जनसहयोग से नाला बंधान कार्य किया जाएगा।

पद्मश्री फूलबासन यादव की पहल से गांव-गांव में जल संरक्षण को लेकर माँ बाम्बेश्वरी फाउंडेशन से जुडी दीदीयों ने, बिहान की दीदीयों और हरियाली दीदियों द्वारा जल यात्रा निकली जा रही है। जल यात्रा के माध्यम से लोगों में जल संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाई जा रही है। मासूल तथा बुचाटोला में जल यात्रा का कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसे कलेक्टर तथा सीईओ जिला पंचायत द्वारा भ्रमण के लिए रवाना किया गया। इस अभियान का उद्देश्य आने वाले समय में जल संकट से निपटने के लिए पानी की हर एक बूंद को संजोना और आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। जल के संग्रहण से भूजल स्तर को बढ़ावा मिलेगा तथा कृषि एवं पेयजल की आवश्यकता की पूर्ति में सहयोग मिलेगा। ग्रामवासियों ने इस पहल में उत्साहपूर्वक श्रमदान किया और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि जल ही जीवन है और इसका संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है।

यह प्रयास अन्य ग्राम पंचायतों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। इस अवसर पर जनपद सीईओ होरीलाल साहू, एसडीओ गिरधर लारिया, एडीईओ हुमेश भंडारी, कार्यक्रम अधिकारी मोहित पटौती,सरपंच,पंच सहित जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

स्थापना दिवस | *जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस के नेतृत्व में मनाया गया स्थापना दिवस*

भाजपा की स्थापना ऐसे समय में हुई थी, जब देश विचारों के संघर्ष से गुजर रहा था : प्रकाश बैस

नगरी/नवप्रदेश। भारतीय राजनीति के इतिहास में 6 अप्रैल का दिन एक गौरवपूर्ण अध्याय लेकर आता है। यही वह दिन है जब वर्ष 1980 में भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी गई थी। इस ऐतिहासिक दिन को स्मरण करते हुए आज नगरी में पार्टी का स्थापना दिवस बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया।

पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान और मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने अपने निवास स्थान पर पार्टी का ध्वज फहराकर की।

इसके पश्चात नगरी भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित हुआ। जहां डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय व अन्य संस्थापक नेताओं के तैलचित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा पार्टी का ध्वजारोहण किया गया।

भाजपा सिर्फ एक दल नहीं, एक संस्कार है : प्रकाश बैस : इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष बैस ने कहा, भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है कि वह विचार जिसमें राष्ट्र सर्वोपरि है, समाज सेवा प्राथमिक है और अंत्योदय हमारा लक्ष्य है।÷

उन्होंने कहा कि भाजपा की स्थापना ऐसे समय में हुई थी, जब देश विचारों के संघर्ष से गुजर रहा था। उस कालखंड में राष्ट्रवादी सोच को मजबूत आधार देने के लिए एक ऐसी पार्टी की आवश्यकता थी, जो न केवल सत्ता की राजनीति करें, बल्कि सेवा, संगठन और सिद्धांत की राजनीति करें।

प्रकाश बैस ने पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को याद करते हुए कहा कि भाजपा की रीति-नीति 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' जैसे मूल मंत्रों से संचालित होती है। यह पार्टी उस हर अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए समर्पित है जो अब तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने बूथ को सशक्त बनाएं, जन-जन तक केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाएं और संगठन को मजबूत करने के लिए तन-मन-धन से जुट जाएं।कार्यकर्ताओं ने लिया संगठन व राष्ट्र सेवा का संकल्प कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्र और संगठन की सेवा हेतु अपने आप को समर्पित करने का संकल्प लिया।इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सारवां, रवि शंकर दुबे, नागेंद्र शुक्ला, जिला मंत्री राजेंद्र गोलछा, कमल डागा, मोहन नाहटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम,नपा अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा, रामगोपाल साहू, राजेश गोसाई, नर्सिंग मरकाम, आर एल देव, डॉक्टर मुकेश सोम, बल्लू सेन, संत कोठारी, शंकर लाल देव, राजा पवार, अंबिका ध्रुव, चेलेश्वरी साहू, डागेश्वरी साहू, सुनील निर्मलकर, सरजू सिन्हा,युगल साहू, चुकेश साहू युवा मोर्चा, महिला मोर्चा सहित अन्य प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आतिशबाजी और गगनभेदी जयघोष के साथ भाजपा ने मनाया 46वां स्थापना दिवस

■ प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री और जिला कार्यालय में संगठन महामंत्री ने ध्वज फहराया, उप मुख्यमंत्री शर्मा समेत अनेक जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रमों में शिरकत की

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को अपना 46वाँ स्थापना दिवस उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया। इस अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा का ध्वज फहराया, वहीं एकात्म परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पार्टी का ध्वज फहराया। उल्लेखनीय है, भाजपा ने अपने स्थापना दिवस से लेकर संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती तक विभिन्न चरणों में कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है।

भाजपा स्थापना दिवस पर रविवार को प्रदेश व जिला कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय,प्रदेश उपाध्यक्ष व स्थापना दिवस कार्यक्रम की संयोजक लक्ष्मी वर्मा, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, संपत अग्रवाल, सन्निर्माण कर्मकार मंडल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह सवन्नी, औद्योगिक विकास निगम अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव, वक्फबोर्ड अध्यक्ष डॉ. सलीम राज, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन, प्रफुल्ल विश्वकर्मा ,प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेशचंद्र गुप्ता, अंजय शुक्ला रायपुर शहर जिला अध्यक्ष रमेश ठाकुर, उपाध्यक्ष अकबर अली, अशोक बजाज, शताब्दी पाण्डे सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिला कार्यालय में संगठन महामंत्री ने फहराया ध्वज-इससे पहले एकात्म परिसर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पार्टी का ध्वज फहराया। इस अवसर पर कार्यालय में नारों व जयघोष के साथ आतिशबाजी की गई।

भाजपा एक संगठन के साथ-साथ एक वैचारिक आंदोलन है : साय-अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा कि भाजपा एक संगठन के साथ-साथ एक वैचारिक आंदोलन है। भाजपा के लक्ष्य, कार्यपद्धति और विचार को हम अपनी अंतरात्मा में संजोकर आगे बढ़ें । ताकि भाजपा के रूप में स्थापित यह वैचारिक

प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री साय ने फहराया ध्वज

भाजपा के प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्थापना दिवस पर गगनभेदी नारों व जयघोष के बीच पार्टी का ध्वज फहराया। इसके बाद श्री साय सहित भाजपा नेताओं ने कार्यालय परिसर में स्थित स्मृति मंदिर में भारतमाता के चित्र और डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पं. दीनदयाल उपाध्याय, अटलबिहारी वाजपेयी, कुशाभाऊ ठाकरे और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित की।

हमने अपने संकल्पों को सिद्ध किया है-शर्मा

अब 2047 तक विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को धरातल पर साकार करेंगे : जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अपने संक्षिप्त उद्बोधन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भाजपा का अब तक की राजनीतिक यात्रा की चर्चा करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस और श्रीराम नवमी की बधाई दी। श्री शर्मा ने कि भारतीय जनसंघ से लेकर भाजपा की अब तक की यात्रा में हम सबने मिलकर देश की सेवा की है, देश के गौरव के प्रतिमान गढ़े हैं जिससे पूरी दुनिया में भारत के सामर्थ्य का डंका बजा है। इसी भाव के साथ आने वाले वर्षों में भी हम सब भाजपा के स्थापना दिवस पर अपने संकल्पों को दुहराते हुए आगे बढ़ेंगे।

■ न्यूज गैलरी

फीस नियामक आयोग के फैसले का स्वागत : गुप्ता

रायपुर/नवप्रदेश। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉक्टर राकेश गुप्ता ने निजी मेडिकल कॉलेजों के प्रावधानों के विपरीत ली गई फीस की वापसी के फैसले का स्वागत किया है,अतिरिक्त फीस वसूली किए जाने की शिकायतें सही पाए जाने पर फीस नियामक आयोग के साहसी और पारदर्शी फैसले को गुप्ता ने देश में अपनी तरह का पहला फैसला बताया है। भविष्य में अतिरिक्त फीस वसूली में रोक लगाए जाने के लिए बेहतर होगा कि राज्य का चिकित्सा शिक्षा विभाग शिकायतों का तय समय पर निपटारा करके अपनी नैतिक जिम्मेदारी ठीक से निभाएं, ताकि पालक और चिकित्सा छात्र मेडिकल कॉलेज की शिक्षा गुणवत्ता पर अपने सकारात्मक सुझाव दे सकें। उन्होंने फीस की वापसी की मांग की है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल के अवसर पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों और सेहत से जुड़े अधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। यह हमें याद दिलाता है कि सेहत सबसे बड़ी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए हमें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना आवश्यक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हम अपनी जीवनशैली में सकारात्मक परिवर्तन लाकर स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी मिलकर स्वस्थ जीवन जीने के प्रति जागरूकता फैलाएं।

मुख्यमंत्री क्रेडा के नवनियुक्त अध्यक्ष सवन्नी के पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) के नवनियुक्त अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सवन्नी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के समग्र विकास में क्रेडा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री सवन्नी के नेतृत्व में राज्य में स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा और यह क्षेत्र नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। और आने वाले समय में यह सेक्टर रोजगार, पर्यावरण और आर्थिक सशक्तिकरण का बड़ा आधार बनेगा। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा और अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। पदभार ग्रहण के उपरांत भूपेंद्र सवन्नी ने मुख्यमंत्री सहित सभी विशिष्ट अतिथियों और आमंत्रितजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस दायित्व को पूर्ण निष्ठा, समर्पण और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ को अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाना है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायकगण मोतीलाल साहू, अनुज शर्मा, संपत अग्रवाल, धरमलाल कौशिक, पवन साय, ऊर्जा विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव,

खूबसूरत प्राकृतिक परिवेश में निर्मित वाटिका में औषधीय पौधे, एडवेंचर जोन और तितली जोन भी स्थापित

सीएम साय ने बगिया में पर्यावरण वाटिका का किया लोकार्पण

■ 28 हेक्टेयर में 53 लाख रूपए की लागत से बनाई गई है पर्यावरण वाटिका

रायपुर/नवप्रदेश । अगर आप प्रकृति के बीच स्वच्छ वातावरण में अपने परिवार के साथ समय बिताने आना चाहें तो बगिया में बनी पर्यावरण वाटिका आपका इंतजार कर रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जशपुर जिले में स्थित अपने गृहग्राम बगिया में पर्यावरण वाटिका का लोकार्पण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वाटिका परिसर में नारियल, सुपारी और सीता अशोक का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। सुरम्य प्राकृतिक परिवेश में 53 लाख रुपए की लागत से 28 हेक्टेयर में निर्मित पर्यावरण वाटिका में एडवेंचर जोन, औषधीय गुणों से भरपूर पौधे, चिल्ड्रन पार्क, वाटर फॉल, मेडिटेशन हट, तितलियों के जीवन चक्र को प्रदर्शित करता तितली जोन और कई निर्माण कराए गए हैं, जो लोगों को प्रकृति के और भी करीब ले जाकर आनंदमय अनुभव कराती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वहां मौजूद ग्रामीणों से कहा कि इसके बन जाने से यहां पर रोजगार के अवसर निर्मित होंगे।

वाटिका में लगाये गए हैं औषधीय गुणों से भरपूर पौधे

पर्यावरण वाटिका में जंगल ट्रेल का निर्माण किया गया है। जहां योग जोन, आरोग्य वन पथ, जंगल जिम, तितली जोन, मोगली एडवेंचर जोन, ऑक्सीजन बूथ, पैगोडा, गजराज जोन, तालाब, नेचुरल झूले, किड्स प्ले जोन बनाया गया है। यहां पर औषधीय गुणों से भरपूर हर्रा, गिलोय, बेली बांस, सर्पगंधा, अश्वगंधा, बारबाडोस लिली, पुदीना, लेमन ग्रास, पत्थरचट्टा, आंवला आदि अनेक प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं।

वाटिका में निर्मित तितली जोन में तितली के पर्यावरण में योगदान को प्रदर्शित करते हुए तितली के सम्पूर्ण जीवन चक्र को दर्शाया गया है। यहां पर जशपुर में पाई जाने वाली सभी तितलियों की प्रजातियों को भी प्रदर्शित किया गया है। इस प्रदर्शन का उद्देश्य तितलियों के बारे में लोगों को जानकारी देने के साथ उनके संरक्षण के महत्व के बारे में भी बताना है।

मोगली एडवेंचर जोन

वाटिका में बने किड्स प्ले जोन में बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए गए हैं। जिसमें प्राकृतिक झूले भी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त बच्चों के मनोरंजन के लिए मोगली एडवेंचर जोन बनाया गया है। जहां कमांडो नेट, टायर वॉक, बैलेंस ब्रिज, टायर क्लाइम्बिंग, रोप वॉक, इंक्लाइंड लॉग, कार्गो नेट, सिंगल लाइन ब्रिज, बर्मा ब्रिज आदि बनाये गए हैं। वाटिका में सरई छांव प्राकृतिक पैगोडा का निर्माण किया गया है। जहां परिवार के साथ प्रकृति का आनंद लिया जा सकता है। यहां पर आदिम कलाकारों द्वारा आदिम संस्कृति को प्रदर्शित करती कास्ट मूर्तियां भी लगाई गई हैं। इस वाटिका में पर्यावरण के प्रति जागृति दिखाते हुए बांस के बने आकर्षक डस्टबिन भी लगाए गए हैं।

भाजपा सेवा, संगठन और राष्ट्रहित के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है : किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष देव ने जगदलपुर में भाजपा कार्यालय और अपने निवास पर फहराया भाजपा का ध्वज

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने भाजपा कार्यालय (जगदलपुर) में भारतीय जनता पार्टी का ध्वज फहराया। समस्त भाजपा के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री देव ने अपने जगदलपुर स्थित निवास स्थान पर भी पार्टी ध्वज लगाकर संगठन के प्रति अपनी अटूट निष्ठा और समर्पण का परिचय दिया। ध्वज लगाने के बाद उन्होंने समस्त भाजपा के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। साथ ही कार्यकर्ताओं से अपने-अपने निवास पर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाने की अपील की।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा है, जो सेवा, संगठन और राष्ट्रहित के संकल्प के साथ निरंतर आगे बढ़ रही है। पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ समाज सेवा में लगे रहें। भाजपा का इतिहास त्याग, तपस्या और संघर्ष से भरा हुआ है।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और करोड़ों कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। श्री देव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एक सशक्त राष्ट्र के रूप में स्थापित हो रहा है और इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस दौरान सांसद बस्तर महेश कश्यप, राज्य वित्त आयोग अध्यक्ष श्रीनिवास राव, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, पूर्व विधायक सुभाऊ कश्यप, निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, विद्याशरण तिवारी एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने की मां दुर्गा की पूजा-अर्चना

रायपुर/नवप्रदेश । कौशल्या साय के साथ कन्याओं को कराया भोजन, प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के बगिया ग्राम में स्थित दुर्गा मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की। इस शुभ अवसर पर उन्होंने अपनी धर्मपत्नीकौशल्या साय एवं परिवारजनों के साथ देवी मां का विधिवत पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और श्रीमती कौशल्या साय ने इस अवसर पर पारंपरिक श्रद्धा और स्नेहभाव के साथ नन्हीं कन्याओं को आदरपूर्वक भोजन कराकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर कन्याओं का पूजन एवं सम्मान, हमारी सांस्कृतिक जड़ों को संजोने के साथ-साथ 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे राष्ट्रीय अभियान को भी जीवंत करता है। यह संदेश देता है कि बालिकाएँ केवल परिवार की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विकास की भी आधारशिला हैं। उनका सम्मान, संरक्षण और सशक्तिकरण ही राष्ट्र के विकास के संकल्प को पूर्णता प्रदान करता है।

विकास उपाध्याय ने विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर ज्योत जवारा सांग बाना और विसर्जन झाकियों का किया स्वागत

■ पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने विभिन्न जगहों में जोत जवारा और विसर्जन में शामिल होकर आशीर्वाद लिया

रायपुर। आज रामनवमी के पावन अवसर में रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न जगहों में पुष्प वर्षाकर माता के जोत जवारा सांग बाना और विसर्जन झाकियों का भव्य स्वागत कर आशीर्वाद लिया।आज रायपुर शहर के सभी जगहों से आने वाले विसर्जन हेतु ज्योत ज्वारा का कंकाली पारा में मंच लगाकर जोत जवारा सांग बाना और भव्य झाकियों का स्वागत किया गया है।

इस अवसर में बहुत ही उत्साह के साथ मनमोहक झांकियां के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा माता की सेवा की गई और समिति के सदस्यों के द्वारा पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का उत्साहित होकर भव्य स्वागत भी किया।

इस अवसर में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा पूरे क्षेत्र में भव्यता से जिस प्रकार सांग बाना और झांकियां के माध्यम से आज माता जी का नौ दिन पूजा पाठ कर विसर्जन किया गया। श्रद्धालु भक्तजन उत्साह पूर्वक जोत जवारा सांग बाना के साथ उत्साह और उमंग में बहुत ही सुंदर तरीके से जस गीतों के साथ ज्योत ज्वारा का विसर्जन किया। आज इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सोनू यादव, अमित शर्मा, आदित्य नाग, विजय पाण्डे,राजेश बघेल, सोनू साहू, संदीप सिरमौर, रजत चौधरी, पप्पू साहू,भारी संख्या में क्षेत्रवासी और श्रद्धालु गण उपस्थित होकर माता की सेवा किया।

सफलता | **मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी पारिवारिक फिल्म सुहाग का ट्रेलर किया लॉन्च**

पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन बनकर उभर रहा है हमारा छत्तीसगढ़ : सीएम साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज रामनवमी के शुभ अवसर पर अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ी पारिवारिक फिल्म सुहाग का ट्रेलर लॉन्च किया। उन्होंने फिल्म के अभिनेता, विधायक और पद्मश्री से सम्मानित अनुज शर्मा सहित पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि लंबे समय बाद छत्तीसगढ़ी सिनेमा में एक पारिवारिक फिल्म दर्शकों के बीच आ रही है, जो परिवार, संस्कृति, परंपरा और रिश्तों की भावनात्मक गहराइयों को अभिव्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म हमारी पारंपरिक जीवनशैली और मूल्यों को सजीव रूप से प्रस्तुत करती है, जो दर्शकों को न केवल भावनात्मक रूप से जोड़ती है, बल्कि उन्हें अपने सामाजिक परिवेश से भी जोड़ती है। साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ अब पसंदीदा फिल्म डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। यहाँ लगातार फिल्में और वेब सीरीज़ बन रही हैं। प्रदेश सरकार फिल्म निर्माण को प्रोत्साहन देने हेतु कृतसंकल्पित है, जिससे इस क्षेत्र में रुचि रखने वाले युवाओं को नए अवसर मिल सकें। विधायक व अभिनेता अनुज शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री साय को फिल्म की थीम और संदेश के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि फिल्म 18 अप्रैल से प्रदेशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

उन्होंने मुख्यमंत्री को फिल्म देखने के लिए आमंत्रित भी किया। फिल्म के निर्माता चंद्रशेखर तिवारी, वत्सला सौरभ शर्मा, सह-निर्माता लोकनाथ दीवान, लेखक व निर्देशक राहुल थवाईत तथा सिद्धांत भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि फिल्म सुहाग-वचन में बंधे मया के कहानी÷ - एक संवेदनशील पारिवारिक कथा है, जिसमें छत्तीसगढ़ी सिनेमा के सुपरस्टार अनुज शर्मा और अभिनेत्री अनिकृति चौहान पहली बार साथ नज़र आएँगे। अनुज शर्मा का अभिनय इस फिल्म में भी अपनी सहजता, गहराई और भावनात्मक प्रभाव के लिए सराहा जा रहा है। इस अवसर पर विधायक ुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन, राज्य समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत, उपाध्यक्ष चंद्रकांति वर्मा तथा छत्तीसगढ़ राज्य तेलघानी विकास बोर्ड के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार साहू भी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

सेंसेक्स 930 अंक गिरा; निवेशकों के 10 लाख करोड़ रुपए स्वाहा

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार के कारोबार सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 930 अंक या 1.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75,364 और निफ्टी 345 अंक या 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 22,904 पर था। इसके चलते शेयर बाजार में आज निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपये डूब गए। गिरावट का असर लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप पर अधिक दिखा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,516 अंक या 2.91 प्रतिशत की गिरावट के साथ 50,645 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 579 अंक या 3.57 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 15,675 पर था। सेक्टोरल आधार पर ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए। केवल फाइनेंशियल सर्विसेज और एफएमसीजी इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुए हैं। सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और आईटीसी टॉप गेनर्स थे। टाटा स्टील , टाटा मोटर्स, एलएंडटी, इंडसइंड बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टेक महिंद्रा, सन फार्मा और एचसीएल टेक टॉप लूजर्स थे। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के रिसर्च हेड, विनोद नायर ने कहा कि हाल ही में अमेरिका द्वारा अनुमान से अधिक टैरिफ लागू किए जाने का वैश्विक बाजारों पर काफी असर हुआ है और निवेशक इससे हुए नुकसान की स्थिति का आकलन कर रहे हैं। अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की संभावना ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है। इससे अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है, जो संभावित आर्थिक मंदी और मंदी के बढ़ते जोखिम को लेकर चिंताओं को दर्शाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ के बाद यूएस के बाजारों में गुरुवार को भारी बिकवाली हुई। डाओ करीब 4 प्रतिशत और टेक्नोलॉजी इंडेक्स नैस्डैक करीब 6 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 3 अप्रैल को लगातार चौथे सत्र में अपनी बिकवाली का सिलसिला जारी रखा और 2,806 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत, घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) लगातार पांचवें दिन शुद्ध खरीदार बने रहे और उन्होंने 221.47 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

मंदी की आहट ! कोरोना काल के बाद सबसे बुरे दौर में अमेरिका का बाजार

नई दिल्ली। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ के कारण अमेरिकी शेयर बाजार में 5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। निवेशकों में वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंका बढ़ गई, जिसके कारण डॉव जोन्स, एस एंड पी 500 (रू×क्क500) और नास्डैक जैसी प्रमुख सूचकांकों में भारी नुकसान हुआ। डॉव जोन्स सूचकांक में 5.50 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई, जो इसकी एक बड़ी गिरावट में से एक थी। रू×क्क500 में करीब 6 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नास्डैक ने 5.73 प्रतिशत का नुकसान देखा। बैंकिंग और मार्केट एक्सपर्ट अजय बग्गा के मुताबिक, ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से अमेरिकी बाजारों ने 9 ट्रिलियन डॉलर का मार्केट कैप खो दिया है। आस्क प्राइवेट वेल्थ की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ये शुल्क अमेरिका की अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता को बढ़ा सकते हैं और संभवतः अमेरिका में स्टैगफ्लेशन (मंदी के बीच महंगाई) की स्थिति पैदा कर सकते हैं। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई कि यह कदम व्यापार बाधाओं को 1800 के दशक के स्तर तक पहुंचा सकता है। ट्रंप के प्रतिकूल शुल्कों का प्रभाव दुनियाभर के बाजारों पर पड़ा। ब्रिटेन का स्न्ञ्जस्श्व 100 इंडेक्स 4.95 प्रतिशत गिरा, जबकि जर्मनी का ष्ठ्ंड्ड परफॉर्मेंस इंडेक्स भी 4.95 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। भारत के शेयर बाजार भी इस प्रभाव से बच नहीं पाए और सेंसेक्स तथा निफ्टी में गिरावट आई। भारत में सेंसेक्स 75,364.69 अंक पर बंद हुआ, जो 930.67 अंक यानी 1.22 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। जबकि निफ्टी 345.65 अंक यानी 1.49 प्रतिशत गिरकर 22,904.45 अंक पर बंद हुआ। एक समय पर सेंसेक्स 1,000 अंक तक गिर गया था, लेकिन बाद में कुछ नुकसान को कम कर लिया गया। ट्रंप प्रशासन ने अपने दूसरे कार्यकाल में फेयर और रिसिप्रोकल प्लान के तहत व्यापार भागीदारों पर शुल्क बढ़ाए हैं।

सरकार का विश्वास ही इस प्रकार की कंपनियों को देश में काम करने के लिए उत्साहित करता है

भारत में जल्दी एयर टैक्सी शुरू करेगी सरला एविएशन

नई दिल्ली। उभरते हुए एयरोस्पेस स्टार्टअप सरला एविएशन ने इस साल की शुरुआत में दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 के दौरान अपनी एयर टैक्सी को दुनिया के सामने पेश किया था। अब कंपनी का लक्ष्य जल्द ही देश के कुछ प्रमुख शहरों में एयर टैक्सी का कमर्शियल संचालन शुरू करना है। सरला एविएशन के सह-संस्थापक और सीईओ एड्रियन ने आईएएनएस से कहा, भारत को वर्तमान परिवहन व्यवस्था से बेहतर प्रणाली की आवश्यकता है।

हम मानते हैं कि भारत को एक बेहतर प्रणाली की आवश्यकता है, जो वर्तमान में मौजूद नहीं है। इस विचार से एयर टैक्सी का ख्याल आया, जो भविष्य में सार्वजनिक परिवहन का अहम हिस्सा बन सकता है। एड्रियन ने यह भी बताया कि इस विचार के पीछे विकसित भारत का सपना है, जिसमें यातायात जाम जैसी समस्याएं खत्म हो जाएं।उन्होंने कहा कि एयर टैक्सी, जिसे एयरलाइन या हेलिकॉप्टर जैसे पारंपरिक वाहनों की तुलना में अधिक स्मार्ट, किफायती और सुविधाजनक माना जाता है, को दैनिक जीवन में स्कूलों, मॉल, अस्पतालों और हवाई अड्डों जैसे संगठित स्थानों को जोड़ने के लिए उपयोग किया जाएगा। यह प्रणाली पॉइंट-टू-पॉइंट ट्रांसपोर्ट नेटवर्क बनाने में मदद करेगी, जिससे शहरों में यातायात की समस्या को कम किया जा सकेगा। सरला एविएशन ने अब तक अपनी कंपनी के लिए 1.2 करोड़ डॉलर की पूंजी जुटाई है, जो विभिन्न वेंचर कैपिटल फर्मों और एंजल निवेशकों से प्राप्त हुई है। हालांकि, कंपनी भविष्य में अपने मार्केट में विस्तार के लिए अतिरिक्त निवेश जुटाने की योजना बना रही है। इसके बावजूद, सरला एविएशन वर्तमान में वित्तीय रूप से मजबूत

स्थिति में है और भविष्य में भारत के प्रमुख शहरों में एयर टैक्सी संचालन शुरू करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।एड्रियन ने विकसित भारत के दृष्टिकोण को लेकर भी अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि भारत में ट्रैफिक जाम को समाप्त करने का एकमात्र समाधान एयर टैक्सी के रूप में संभव हो सकता है।सरला एविएशन के सह-संस्थापक ने यह भी बताया कि भारत में अन्य देशों की तुलना में परिवहन प्रणालियां, जैसे कार, ट्रेन और मेट्रो, उतनी प्रभावी नहीं हैं। उन्होंने इसके पीछे की वजह भारत का उच्च जनसंख्या घनत्व बताया, जिसके कारण लोगों को कम स्थान में अधिक भीड़ के साथ रहना पड़ता है। यही कारण है कि वे एयर टैक्सी को विकसित भारत की रीढ़ मानते हैं।सरला एविएशन की सफलता में भारतीय निवेशकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, और एड्रियन इसे लेकर बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, हमारे अधिकांश निवेशक भारतीय हैं, और हमें गर्व है कि हमें भारत के कुछ सबसे उज्ज्वल दिमागों से समर्थन मिल रहा है, जिन्होंने इस देश में कुछ बेहतरीन कंपनियां बनाई हैं। इसके अलावा, उन्होंने भारत सरकार के दृष्टिकोण की भी सराहना की, जो तकनीकी कंपनियों को भारत में उभरने के लिए प्रेरित करती है।एड्रियन ने अंत में कहा कि भारत सरकार का नेतृत्व और सरकार का विश्वास ही है, जो ऐसी तकनीकी कंपनियों को यहां स्थापित करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा, सरकार का विश्वास ही इस प्रकार की कंपनियों को देश में काम करने के लिए उत्साहित करता है।

आदिवासी प्रतिभाओं को सशक्त बनाने में एक बड़ी उपलब्धि

भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में बढ़ रही आदिवासी उद्यमियों की भूमिका : केंद्र

नई दिल्ली। जनजातीय कार्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि कम से कम 45 स्टार्टअप ने भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम में आदिवासी उद्यमियों की बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित किया है। यह आदिवासी प्रतिभाओं को सशक्त बनाने में एक बड़ी उपलब्धि है।

हाल ही में संपन्न 'स्टार्टअप महाकुंभ' में, आईआईएम कोलकाता और आईआईटी गुवाहाटी में इनक्यूबेट किए गए आदिवासी उद्यमियों के नेतृत्व वाले दो स्टार्टअप को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से राष्ट्रीय मान्यता मिली।जनजातीय कार्य मंत्रालय में केंद्रीय मंत्री जुएल ओराम ने इन स्टार्टअप को उनके इनोवेशन और समुदाय के विकास के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी।इस कार्यक्रम में उन्होंने राष्ट्रीय मंच पर आदिवासी भारत की आकांक्षाओं और क्षमता का प्रतिनिधित्व करने के लिए सभी भाग लेने वाले उद्यमियों के प्रयासों की सराहना की।गंगटोक बेस्ड आवरगेस्ट ट्रैवल्स को

डी2सी (डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर) पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पूर्वोत्तर के पहले ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर (ओटीए) के रूप में, यह सिक्किम, उत्तर बंगाल, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर में होमस्टे, फार्मस्टे, रिसॉर्ट और गाइडेड अनुभवों का एक क्यूरेटेड कलेक्शन प्रदान करता है। 600 से ज्यादा होमस्टे और 50 प्लस गाइड के साथ, इस प्लेटफार्म ने 6,000 से ज्यादा यात्रियों को सेवा दी है और ग्रामीण आजीविका और इको-टूरिज्म का समर्थन किया है। यह मान्यता मंत्रालय के 100-दिवसीय एजेंडे के तहत दी गई है, जिसमें एक मजबूत आदिवासी स्टार्टअप इकोसिस्टम बनाने में मदद मिलेगी है। आईआईटी गुवाहाटी में इनक्यूबेट किए गए, न्गुरी ऑर्गेनिक को टिकाऊ कृषि में अपने परिवर्तनकारी काम के लिए एग्रीटेक अवार्ड मिला। स्टार्टअप डेटा-संचालित शोध, सटीक कृषि और ब्लॉकचेन आधारित ट्रांसपेरेंसी का उपयोग करके किसानों को सशक्त बनाता है।तीन दिवसीय कार्यक्रम का समापन 45 आदिवासी स्टार्टअप संस्थापकों, 100 ईएमआरएस (एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय) छात्रों और उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले 150 आदिवासी छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र वितरित करने के साथ हुआ।प्रतिभागियों ने आईआईटी दिल्ली में एक बूटकैंप में भी भाग लिया।

आरबीआई जारी करने जा रहा 10 और 500 रुपये के नए नोट

इस बार इन बदलाव के साथ नोट होंगे खास

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) जल्द महात्मा गांधी नई सीरीज के तहत 10 और 500 रुपये के नोट जारी करने वाला है। इस पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि इन नोटों का डिजाइन सभी तरह से महात्मा गांधी (नई) सीरीज के 10 और 500 रुपये के मौजूदा बैंक नोटों के समान है। नए नोट जारी होने के बावजूद रिजर्व बैंक द्वारा पहले जारी किए गए 10 रुपये और 500 रुपये मूल्य वर्ग के सभी बैंक नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। आरबीआई ने पिछले महीने गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर वाले 100 और 200 रुपये के बैंक नोट जारी करने की घोषणा की थी। संजय मल्होत्रा ने दिसंबर, 2024 में आरबीआई गवर्नर का पद संभाला था। उन्होंने छह साल तक गवर्नर रहे शक्तिकांत दास की जगह ली थी। जानकारी के लिए आपको बता दें कि यह कदम नकदी की आपूर्ति को बनाए रखने और बैंकिंग प्रणाली में स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। इसके साथ ही नए गवर्नर के हस्ताक्षर वाले नोट जारी करना एक नियमित प्रक्रिया है, जिसे प्रत्येक नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद किया जाता है। इस बीच, केंद्रीय रिजर्व बैंक ने व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देना और सभी नियमों को एक ही दस्तावेज में समाहित करने के उद्देश्य से विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत निर्यात और आयात के लिए नए मसौदा विनियम और निर्देश जारी किए हैं।

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 5 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचा, बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर हुआ

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, 28 मार्च, 2025 को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 6.6 बिलियन डॉलर बढ़कर 665.4 बिलियन डॉलर के पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई के अनुसार, देश का स्वर्ण भंडार 519 मिलियन डॉलर बढ़कर 77.8 बिलियन डॉलर हो गया, जो विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा है।21 मार्च को समाप्त सप्ताह में 4.5 बिलियन डॉलर बढ़कर 658.8 बिलियन डॉलर होने के बाद विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि का यह लगातार चौथा सप्ताह है।रुपये में अस्थिरता को कम करने में मदद करने के लिए आरबीआई द्वारा पुनर्मूल्यांकन और विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के कारण पिछले हफ्तों की गिरावट का रुझान अब पिछले चार हफ्तों में उलट गया है। इससे पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार सितंबर 2024 में बढ़कर 704.885 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।देश के विदेशी मुद्रा भंडार में किसी भी तरह की मजबूती से अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये को मजबूती मिलती है, जो अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। विदेशी मुद्रा भंडार में हाल ही में हुई वृद्धि के साथ रुपया भी मजबूत हुआ है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि अर्थव्यवस्था की मजबूत बुनियादों को दर्शाती है और आरबीआई को रुपये में उतार-चढ़ाव आने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश देती है।मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपये को गिरने से रोकने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और फॉर्वड करेंसी मार्केट में हस्तक्षेप करने में सक्षम बनाता है। वहीं, गिरता विदेशी मुद्रा भंडार आरबीआई को रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम जगह देता है।

चीन का पलटवार, अमेरिकी आयातों पर 34 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाया

बीजिंग। चीन ने 10 अप्रैल से अमेरिका से आयात किए जाने वाले सभी उत्पादों पर अतिरिक्त 34 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है, जिससे व्यापार युद्ध पूरी तरह से भड़कने का खतरा है। चीन की कस्टम्स टैरिफ कमीशन ने शुक्रवार को यह ऐलान किया। यह कदम अमेरिकी निर्णय के बाद उठाया गया, जिसमें वाशिंगटन ने चीन के निर्यातों पर पारस्परिक टैरिफ/ रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा की। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, चीन की कस्टम्स टैरिफ कमीशन ने कहा कि अमेरिकी कदम अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों के अनुरूप नहीं है, यह चीन के वैध अधिकारों और हितों को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है और यह एकतरफा दबाव बनाने की कार्रवाई है।चीन के

वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि वह 11 अमेरिकी कंपनियों को अपनी अविश्वसनीय संस्थाओं की सूची में जोड़ रहा है, जिससे वे चीन में या चीनी कंपनियों के साथ व्यापार नहीं कर पाएंगी। मंत्रालय ने कुछ दुर्लभ पृथ्वी तत्वों (रेयर अर्थ मटेरियल), जैसे गेडोलिनियम और यट्रियम, के निर्यात पर भी कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जो मुख्य रूप से चीन में खनन किए जाते हैं और इलेक्ट्रिक कारों से लेकर स्मार्ट बमों तक में इस्तेमाल होते हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन पर 54 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ की घोषणा की, जिसमें पहले से लगाए गए शुल्क भी शामिल हैं। इसने चीन को टैरिफ सूची में सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक बना दिया। वैश्विक निवेश बैंक जेपी मॉर्गन ने कहा कि अब 2025 के अंत तक वैश्विक अर्थव्यवस्था के मंदी में जाने का 60 प्रतिशत मौका देखा जा रहा है, जो पहले 40 फीसदी था। विश्लेषकों के अनुसार, यूएस द्वारा लगाए गए रेसिप्रोकल टैरिफ निश्चित रूप से सभी देशों को प्रभावित करेंगे, लेकिन भारतीय निर्यातक अधिक लाभ उठा सकते हैं क्योंकि चीन को 65 फीसदी या उससे अधिक की उच्च शुल्क का सामना करना पड़ेगा। भारत के लिए अतिरिक्त 27 प्रतिशत टैरिफ इसे लक्षित देशों के निचले आधे हिस्से में रखता है, जिससे पारंपरिक निर्यात क्षेत्रों जैसे इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक्स, रत्न और आभूषण, वस्त्र और परिधान के अलावा नए अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। टैरिफ उन क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मकता को भी भारत के पक्ष में स्थानांतरित कर सकते हैं जहां अन्य क्षेत्रीय निर्यातक अधिक गंभीर रूप से प्रभावित हैं।

खेल

एलीट स्तर की अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में हितेश को स्वर्ण भारत ने 6 पदकों के साथ समाप्त किया अभियान

फोज डू इगुआकु (ब्राजील)। भारतीय मुक्केबाजी दल ने विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित एलीट स्तर की अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने पहले प्रदर्शन में प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिसमें फोज डू इगुआकु में विश्व मुक्केबाजी कप ब्राजील 2025 में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते।

हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए। उनके प्रतिद्वंद्वी, इंग्लैंड के ओडेल कामारा घायल हो गए और 70 किग्रा के फाइनल में रिंग में नहीं उतर सके।65 किग्रा वर्ग में फाइनल में पहुंचने वाले अन्य भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने स्थानीय पसंदीदा यूरी रीस के खिलाफ अपना

सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, लेकिन अनुकूल फैसला पाने के लिए पर्याप्त प्रदर्शन नहीं कर सके और रजत पदक जीता।चार भारतीय खिलाड़ियों ने कांस्य पदक जीते, जिनमें जदुमणि सिंह मंडेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौर (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) शामिल हैं।विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बनने के बाद हितेश ने टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में 10 दिवसीय तैयारी शिविर का श्रेय दिया, जिससे उन्हें और टीम को काफी मदद मिली।

हितेश ने कहा, शिविर ने मुझे कुछ सामरिक बारीकियां सीखने में मदद की, जिससे मुझे प्रतियोगिता में काफी मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने का मौका दिया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।

भारत ने पेरिस ओलंपिक के बाद अपने पहले बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन, विश्व मुक्केबाजी कप के लिए 10 सदस्यीय दल उतारा था और छह पदक जीते। इससे न केवल टीम का आत्मविश्वास बढ़ेगा, बल्कि लॉस एंजेलिस खेलों से पहले 2028 ओलंपिक चक्र की तैयारी भी शुरू होगी।

मुंबई फैंस के लिए खुशखबरी, बुमराह टीम से जुड़े

मुंबई। आईपीएल 2025 में अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के निराश मुंबई इंडियंस फैंस के लिए रविवार को एक बड़ी खुशखबरी आई है. एमआई कैंप में जसप्रीत बुमराह की बहुप्रतीक्षित वापसी आखिरकार पूरी हो गई है. फ्रेंचाइजी ने सोशल मीडिया के जरिए यह बड़ी खबर शेयर की है जो उनकी टीम और फैंस का मनोबल बढ़ाएगी।

मुंबई इंडियंस के दाएं हाथ के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 7 अप्रैल को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में चिर-प्रतिद्वंद्वी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले मैच से पहले टीम में शामिल हो गए हैं। मुंबई इंडियंस ने अपने ऑफिशियल एक्स अकाउंट से बुमराह का एक स्पेशन वीडियो शेयर करते हुए उनकी टीम में वापसी की घोषणा की. वीडियो को रेडी टू रोअर कैप्शन के साथ पोस्ट किया गया. जिसमें बुमराह को शेर के रूप में दर्शाया गया है और कहा है कि शेर जंगल में दहाड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। बता दें कि, जसप्रीत बुमराह

को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट में पीठ में समस्या हुई थी. वह जनवरी की शुरुआत से ही मैदान से बाहर हैं. रिहैब के लिए बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में थोड़े समय के लिए रहने के बाद अब बुमराह मैदान पर वापसी करने के लिए तैयार हैं. भारतीय तेज गेंदबाज ने इस सीजन में फ्रेंचाइजी के लिए किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया है, फैंस उनकी टीम में वापसी का बेसब्री का इंतजार कर रहे हैं। जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट से उबरने के बाद आज ही मुंबई इंडियंस के साथ जुड़े हैं. एमआई को सोमवार, 7 अप्रैल को अपने होम ग्राउंड पर आरीसीबी के खिलाफ अहम मुकाबला खेलना है. बुमराह के अनुपलब्ध होने के कारण टीम ने अब तक 4 में से 3 गंवाए हैं. ऐसे में उम्मीद लगाई जा रही है कि बुमराह कल वानखेड़े में होने वाले मुकाबले मे खेलते हुए नजर आएंगे. हालांकि, वह खेलेंगे या नहीं ये स्पष्ट तो मैच से पहले टॉस के दौरान ही हो पाएगा.

मुंबई इंडियंस ने अब तक आईपीएल 2025 में 4 मैच खेले हैं, जिसमें 3 में उसे हार मिली है और 1 मैच उसने जीता है. 5 बार की चैंपियन टीम प्वाइंट्स टेबल में फिलहाल 8वें नंबर पर है. बुमराह की गैर-मौजूदगी में ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर अब तक तेज गेंदबाजी की कमान संभाल रहे थे। 2013 में मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में डेब्यू करने वाले बुमराह ने 133 मैचों में 165 विकेट लिए हैं. डेब्यू के बाद से वह एकमात्र आईपीएल सीजन 2023 में नहीं खेल पाए थे, जब उन्हें पीठ में चोट लग गई थी।

जैतू साव मठ में रामनवमी : राम जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष-श्रृंगार व आरती सहित विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

रामनवमी पर जगह-जगह हुआ ज्वारा विसर्जन

संक्षिप्त खबरें

बाथरूम जाने का बहाना बनाकर आरोपित मां-बेटी फरार

कोरबा/नवप्रदेश। पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लेपरा के आश्रित ग्राम नान लेपरा में 4 अप्रैल 2025 को आबकारी विभाग द्वारा कच्ची महुआ शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई। इस अभियान के दौरान विभाग ने लगभग 40 से 50 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त करते हुए दो महिलाओं कृ कृष्णा बाई और उसकी बेटी सजनी बाई को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद दोनों को स्वास्थ्य परीक्षण हेतु कटघोरा अस्पताल लाया गया। वहीं से उन्हें कटघोरा उप-न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया चल रही थी, इसी बीच दोनों महिलाओं ने बाथरूम जाने का बहाना बनाया और मौके से फरार हो गईं। यह घटना आबकारी विभाग की गंभीर लापरवाही को उजागर करती है, जहां महिला अधिकारी कविता राठौर सहित पूरी टीम को चकमा देकर मां-बेटी फरार हो गईं। संपर्क करने पर विभाग ने पुष्टि की कि दोनों महिलाओं के खिलाफ अब अतिरिक्त अपराध दर्ज कर लिया गया है। उनकी तलाश जारी है और विभाग का दावा है कि जल्द ही उन्हें दोबारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। लेकिन विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

दोहरे हत्यकांड का आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर जिले में दोहरे हत्यकांड का मामला सामने आया है. यहां सनकी पति ने चरित्र शंका में अपनी पत्नी और एक व्यक्ति की निर्मम हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी पति मनोज मांझी को गिरफ्तार किया है. मामला कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र का है. दरअसल, 4 अप्रैल की शाम जब आरोपी मनोज घर लौटा तो वहां मौजूद उसकी पत्नी फुलकुंवर और लक्ष्मण मांझी को देखकर वह आग बबूला हो गया. आरोपी को दोनों के बीच अवैध संबंध होने का शक गहराया तो वह अपना आपा खो बैठा और टांगी से दोनों पर प्राणघातक हमला कर दिया. हमले में दोनों की मौत हो गई. गौरतलब है कि दरअसल मनोज मांझी ने पहली पत्नी की मौत के बाद फुलकुंवर मांझी के साथ दूसरी शादी की थी. लक्ष्मण मांझी पहली पत्नी का चाचा था. मनोज को शक था कि लक्ष्मण मांझी और उसकी दूसरी पत्नी फुलकुवंर मांझी के बीच अवैध संबंध है. इसी शक में आरोपी मनोज ने दोनों की हत्या कर दी.

चाइल्ड पोनोग्राफी की घटना को अंजाम देने वाला आरोपी गिरफ्तार

जांजगीर-चाम्पा/नवप्रदेश। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में चाइल्ड पोर्नोग्राफी जैसे गंभीर अपराध को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया है। यह कार्रवाई राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो से मिली सटीक जानकारी के आधार पर की गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम राहुल मनहर है जो कामता गांव, थाना शिवरीनारायण का निवासी है। ह्ष्टक्रक्च द्वारा भेजी गई सूचना के अनुसार आरोपी ने सोशल मीडिया पर चाइल्ड पोर्नोग्राफी कंटेंट अपलोड किया था जिसकी मॉनिटरिंग केंद्रीय स्तर पर की गई थी। इसके बाद जिले की पुलिस को तत्काल कार्रवाई के निर्देश मिले। सूचना मिलने के बाद शिवरीनारायण पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आईटी एक्ट की धारा 67(B) और पॉक्सो एक्ट की धारा 14(2) के तहत मामला दर्ज किया। आरोपी को गिरफ़्तार कर लिया गया और न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेज दिया गया है।

पारिवारिक विवाद में चाचा ने भतीजी को उतारा मौत के घाट

सरगुजा/नवप्रदेश। सीतापुर थानाक्षेत्र के ग्राम एरंड बेहराटोली से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक चाचा ने घरेलू रंजिश के चलते अपनी ही 15 वर्षीय भतीजी की निर्मम हत्या कर दी। यही नहीं आरोपी ने हत्या के बाद अपनी भाभी पर भी जानलेवा हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी का अपने भाई और उसके परिवार से लंबे समय से घरेलू विवाद चल रहा था. इसी आपसी रंजिश के चलते आरोपी ने खौफनाक कदम उठाते हुए पहले भतीजी को मौत के घाट उतार दिया और फिर भाभी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही सीतापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी सीतापुर भेजा गया है।

जंगली सुअर का अवैध शिकार : 10 आरोपियों की जमानत खारिज

- प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही जारी

रायगढ़/नवप्रदेश। वनमंडलाधिकारी धरमजयगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि वनमंडल धरमयगढ़ के वन परिक्षेत्र धरमजयगढ़ के कोयलार परिसर के राजा जंगल में 2 जंगली सुअर के अवैध शिकार में लिप्त 10 आरोपीगणों का जमानत याचिका माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी धरमजयगढ़ एवं माननीय जिला एवं अति सत्र न्यायाधीश घरघोड़ा, जिला रायगढ़ द्वारा खारिज कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि 24 मार्च 2025 को दोपहर 12.30 बजे सूचना मिला कि जंगली सुअर के शिकार के लिये वन परिक्षेत्र धरमजयगढ़ अंतर्गत कोयलार परिसर के राजा जंगल में कुछ ग्रामीणों द्वारा क्लच तार का अवैध शिकार के लिये फंद्दा फैलाया गया है। सूचना मिलते ही धरमजयगढ़ वन परिक्षेत्र के मैदानी कर्मचारी एवं अधिकारी तत्काल मौका स्थल हेतु रवाना हुये। मौका स्थल का मुआयना करने पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को भागते हुये पकड़ा गया एवं पकड़ कर दोनो से गहन पूछताछ किया गया। जिसमें उनके द्वारा इस अवैध शिकार के लिये बनाये गये योजना के बारे में बताया गया एवं उन्होने अपना जुर्म कबुला। आस.पास के वन क्षेत्रों का मुआयना करने पर आरोपियों द्वारा

पानी से भरे गड्ढे के पास सूखें पत्तो से छिपाये गये 02 नग मृत जंगली सुअर 01 नर, 01 मादा का शव के साथ भारी मात्रा मे जंगली सुअर के लिये तार फंद्दा, टांगी आदि बरामद किया गया। पूछताछ में उनके द्वारा बताया गया कि इस घटना में 10 ग्रामीण शामिल है। सभी ने पहले मिलकर योजना बनाईए फिर तार फंद्दा लगाया। इन्ही में से कुछ लोगो के द्वारा जंगली सुअर का खेदा (दौड़ाते हुये) करते हुये तार फंद्दा तक लाये। जिसमें दो जंगली सुअर फंसा, फिर 03 लोगों के द्वारा टांगी से वारकर सुअर को जान से मारा गया। उसके बाद आग जलाकर जंगली सुअर के शव को भुना गया। भुनने के बाद वन कर्मचारियों की भनक लगते ही गड्ढा के पास सुखे पत्तों से शव को छिपा दिया गया। शाम को दो और आरोपियों को कोयलार गांव से पकड़ा गया। इनसे भी पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबुला। इस प्रकरण में अभी 06 और आरोपी फरार है, जिनको पकडने् की कार्यवाही जारी है। तत्पश्चात अवैध शिकार के संबंध में वनअपराध प्रकरण कमांक 14064/16 दिनांक 24 मार्च 2025 जारी कर विवेचना में लिया गया तथा मृत जंगली सुअर का विधिवत पोस्टमार्टम कराया गया। 25 मार्च 2025 को 04 आरोपियों को माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी धरमजयगढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अपराध की प्रकृति एवं गंभीरता को देखते हुये चारों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक रिमांड दिया गया। तत्पश्चात चारों आरोपी को वनपरिक्षेत्र धरमजयगढ़ के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा जिला जेल रायगढ़ दाखिला कराया गया था। उक्त प्रकरण में जुड़े 06 अन्य फरार आरोपियों को दिनांक 26 मार्च 2025 को पूछताछ हेतु वन कर्मचारियों द्वारा पकड़ा गया और उनके द्वारा भी 02 नग जंगली सुअर का अवैध तार फंदा लगाकर मारने का जूर्म कबूला।

पुलिस पूछताछ के बाद युवक ने की आत्महत्या

- मां ने प्रधान आरक्षक पर लगाया रुपया मांगने का आरोप, हेड कांस्टेबल लाइन अटैच

सरगुजा/नवप्रदेश । जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र के चुकंन डांड सेमरपारा में 20 वर्षीय युवक आशीष मिंज ने आम के पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह मामला तब और गंभीर हो गया जब मृतक की मां अलका मिंज ने प्रधान आरक्षक पन्ना एक्का पर पूछताछ के नाम पर दबाव बनाकर 50 हजार रुपये की मांग करने का आरोप लगाया। मृतक की मां ने बताया कि नवंबर 2024 में उसके बेटे की 16 वर्षीय प्रेमिका संध्या मिंज ने आशीष के घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना के बाद युवक ने भी कीटनाशक खा लिया था, लेकिन इलाज के बाद वह ठीक हो गया था. लड़की के परिजनों की शिकायत के बाद लखनपुर पुलिस इस मामले में जांच कर रही थी और युवक व उसकी मां को कई बार पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था।

मां का आरोप है कि 50 हजार रुपये की मांग को लेकर पुलिस का लगातार दबाव था. हाल ही में जब मां-बेटे को पुनः थाने बुलाया गया, तब थाने के ऊपरी कमरे में देर शाम तक पूछताछ की गई। शाम 7 बजे युवक को छोड़ा गया, जिसके बाद वह घर पहुंचते ही रोने लगा और मां को थाने में हुए घटनाक्रम की जानकारी दी। रात में खाना खाकर वह सो गया, लेकिन अगली सुबह उसका शव घर के समीप पेड़ से लटका मिला। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों ने प्रधान आरक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाने से रोक दिया. इसके बाद पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रधान आरक्षक पन्ना एक्का को लाइन अटैच कर दिया। प्रधान आरक्षक पन्नालाल से इस संबंध में मोबाइल फोन से बात करने पर उनके द्वारा बताया गया कि कोरबा जिला की रहने वाली युवती संध्या मिंज उम्र 16 वर्ष, जो अपने मौसी के घर अंबिकापुर रहती थी, आशीष मिंज के घर पर 16 वर्षीय संध्या मिंज विगत माह पूर्व फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी. परिजनों द्वारा मामले को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की गई थी, जिसके बाद पुलिस द्वारा जांच की जा रही थी।

प्रधान आरक्षक ने बताया कि पूछताछ के लिए आशीष मिंज और उसकी मां अलका मिंज को बुलाया गया था. कई बार बुलाने के बाद भी नहीं आने पर नोटिस देकर उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया। जिसके बाद उन्होंने पैसे का ऑफर देकर मामले को रफा-दफा करने की बात कही थी।

मिक्सचर फैक्ट्री की मशीन से आदिवासी युवक की तीन उंगलियां कटी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के बिरकोनी औद्योगिक क्षेत्र में संचालित पांचजन्य फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. में काम कर रहे एक आदिवासी युवक के साथ गंभीर हादसा हो गया। मशीन में हाथ आ जाने से उसकी तीन उंगलियां कट गईं। फैक्ट्री प्रबंधन ने इस घटना को पूरी तरह से छिपा लिया। न तो पुलिस को जानकारी दी गई और न ही श्रम, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग को सूचना दी गई। युवक का इलाज महासमुंद के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। जहां यह हादसा हुआ वह यूनिट अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था।

बिरकोनी इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित इस फैक्ट्री में मिक्सचर तैयार किया जाता है। 2

अप्रैल की दोपहर लगभग 3 बजे पिथौरा ब्लॉक के धनोरा निवासी हिमांशु दीवान (20), पिता-नेतराम दीवान फैक्ट्री के दूसरे यूनिट में बोरे में बेसन भरने का काम कर रहा था। मशीन बार-बार बंद और चालू हो रही थी, जिससे बेसन फंस रहा था। ऑपरेटर ने युवक को टैंक को ठोकने को कहा। जब मशीन फिर बंद हो गई, तो युवक ने हाथ से बेसन साफ करना शुरू किया, तभी अचानक मशीन चालू हो गई और उसके बाएं हाथ की तीन उंगलियां कट गईं। प्रबंधन ने आनन-फानन में उसे मोटरसाइकिल से निजी अस्पताल पहुंचाया। इस घटना की कोई सूचना पुलिस को नहीं दी गई।

अवैध रूप से संचालित सेकंड यूनिट : इस फैक्ट्री के प्रबंधन द्वारा एक ही लाइसेंस पर दो यूनिट संचालित किए जा रहे हैं। जिस सेकंड यूनिट के फोलर मिल में यह हादसा हुआ, वह पूरी तरह से अवैध है। इस यूनिट को न तो पर्यावरण मंजूरी मिली है, न उत्पादन की तारीख मिली है, और न ही फायर सेफ्टी NOC। बावजूद इसके, प्रबंधन 'ट्रायल' के नाम पर कई महीनों से उत्पादन कर रहा है।

बाल विवाह रोकने जिला प्रशासन अलर्ट

- टोलफ्री नंबर 1098 पर काल कर दी जा सकती है सूचना

रायगढ़/नवप्रदेश। बाल विवाह रोकने हेतु कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर जिला प्रशासन अलर्ट पर है। रामनवमी एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले बाल विवाहों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। इसे रोकने के लिये महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत, पुलिस, चाईल्ड हेल्प लाईन को अलर्ट किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर सभी परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी सुपरवाईजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्तक रहने हेतु निर्देशित किया गया है। बाल विवाह की सूचना प्राप्त होने पर उन्हें समझाईश दिया जाएगा। समझाईश के पश्चात भी यदि बाल विवाह कराया जाता है, तो संबंधितों को बाल कल्याण समिति रायगढ़ में प्रस्तुत किया जाकर उनके विरूद्ध पुलिस में प्रकरण दर्ज किया जाएगा। बाल विवाह कराने वाले, सहायता करने वाले तथा बाल विवाह में शामिल होने वालों को 02 वर्ष का कठोर करावास एवं 01 लाख रुपये जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

छात्रा के साथ हेडमास्टर ने की दुष्कर्म करने की कोशिश

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले में ट्यूशन पढ़ने आई छात्रा के साथ स्कूल के हेड मास्टर ने दुष्कर्म की कोशिश की। छात्रा ने शोर मचाते हुए घर भागकर अपने परिजनों को हेड मास्टर की करतूत बताई। इससे गुस्साए परिजनों ने हेड मास्टर की चप्पल और घूंसे से पिटाई कर दी और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शिक्षक को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इस घटना के बाद गांव में शिक्षक के प्रति लोगों में काफी आक्रोश है और लोग आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग कर रहे हैं। आरोपी शिक्षक का नाम संजय कुमार कठौतिया है, जो सिर्री माध्यमिक शाला में हेड मास्टर के पद पर पदस्थ है। वह गांव में किराए के मकान पर रहता है और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाता था। ग्रामीणों ने थाना पसान पुलिस को इसकी सूचना दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। कोरबा एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

सबका विश्वास जीता | पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, पाटन सभापति नीलम चंद्राकर हुईं शामिल

अमलेश्वर में भाजपा ने मनाया स्थापना दिवस

अमलेश्वर/नवप्रदेश। भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम को आज अमलेश्वर में भारतीय जनता पार्टी ने बड़े ही धूमधाम से मनाया । स्वामी आत्मानंद स्कूल के पास यह कार्यक्रम रखा गया था जिसमें भाजपा के सभी पदाधिकारीजन तथा कार्यकर्ता शामिल हुए तथा सबसे पहले भाजपा के पुरोधा अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर उसे माला अर्पित करने के पश्चात कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जब हमारे अटल बिहारी वाजपेई जी भाषण दिया करते थे तो उनको सुनने के लिए रोड रास्ते पर आने जाने वाले लोग भी

रुक जाया करते थे उनके कार्य शैली उनके भाषण को विपक्ष ने भी लोहा माना है। अटल बिहारी वाजपेई जी ने कहा था कि एक दिन भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी बनेगी और आज उनकी बात सत्य साबित हो गई आज भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है जिससे हर कोई जुड़ना चाहता है।

नीलम चंद्राकर सभापति दुर्गा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसी से भेदभाव नहीं करती वह समान रूप से सभी के साथ व्यवहार करती है सुख हो दुख हो चाहे किसी का कोई भी कार्य हो वहां पर हमेशा भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहते हैं।

सभी को समान रूप से उचित सम्मान देना भारतीय जनता पार्टी की परंपरा रही है इसी का नतीजा है कि आज देश के हर घर में भारतीय जनता पार्टी का झंडा लहरा रहा है। उन्होंने बताया की स्थापना दिवस अलग-अलग स्थान पर 14 अप्रैल तक मनाया जाएगा।

इस दौरान अनेक नेता पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं भारतीय जनता पार्टी की रूपरेखा और कार्य प्रणाली को अपने उद्बोधन में बताया तथा अम्लेश्वर पालिका की विकास की बात की गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम में अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष कमलेश चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि राजेश चंद्राकर, अमलेश्वर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर, अमलेश्वर मंडल महामंत्री कैलाश यादव, सांसद प्रतिनिधि फेरहा राम धीवर, वरिष्ठ कार्यकर्ता रामाधार साहू, कार्यक्रम के संयोजक धर्मेंद्र सोनकर, भाजयुमो अध्यक्ष मोहन साहू, समस्त पार्षद गण आलोक पाल, नीलम मिंज, सोहनलाल निषाद, यामिनी यादव,राजु ,खुबीराम सोनकर, शिव कुमार साहू, सुखदेव साहु,सुनील शर्मा, धनेश यादव, उग्रसेन साल, मनोहर साहू, दुर्गेश सोनु साहू, टिकम यादव, हिरालाल साहू,मनोज यादव कुंजबिहारी, संजु यादव, ऋषि निषाद, हरिशंकर निषाद, सरोज कुमार, सुनीता साहु, वर्षा कश्यप, के साथ अन्य भाजपा के वरिष्ठ और कर्मठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति थे।

अज्ञात युवक की अधजली लाश मिली, पुलिस जांच में जुटी

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई शहर से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। चरोदा के दादर रोड पर एक अज्ञात युवक की बेरहमी से हत्या कर उसका शव जला दिया गया। इस निर्मम अपराध से इलाके में सनसनी फैल गई है।

सूत्रों के मुताबिक, आरोपी ने युवक की पहचान छिपाने के मकसद से वारदात को अंजाम देने के बाद उसके शव को आग के हवाले कर दिया। शव का चेहरा पूरी तरह जल चुका है, जिससे मृतक की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और एडिशनल एसपी, सीएसपी तथा थाना प्रभारी तत्काल मौके पर पहुंचे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 संपादक-यशवंत धोटे* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com